आज

३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

क्रांतिवीर

...चला गया सिनेमा का



वाराणसी, शुक्रवार ९ अक्तूबर, २०२६ सौर २३, आश्विन कृष्ण १४, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

देशके हर जिले तक पहुंची ५जी की सेवा-प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यशोभूमि में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 10वें संस्करण का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत में 5जी कनेक्टिविटी अब हर जिले तक पहुंच चुकी है और देश में 5.50 लाख से अधिक 5जी बेस स्टेशन हैं। चार दिवसीय सम्मेलन का विषय 'सीमाओं से आगे विस्तार' है। मोदी ने कहा कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस पिछले वर्षों में भारत की दूरसंचार और डिजिटल प्रगति तथा आकांक्षाओं को प्रदर्शित करने वाला महत्वपूर्ण मंच बन गया है। डिजिटल कनेक्टिविटी ने



५.५० लाख बेस स्टेशनसे बदली डिजिटलकी दुनिया, इंडिया मोबाइल कांग्रेसको किया संबोधित

शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं को लोगों तक पहुंचाना आसान किया है। मोबाइल फोन अब केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि सुशासन का महत्वपूर्ण साधन भी बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए करीब 50 लाख करोड़ रुपये लाभार्थियों के खातों में भेजे गए, जिससे लगभग पांच लाख करोड़ रुपये की बचत हुई। सरकार करीब 25 करोड़ विद्यार्थियों को डिजिटल और ऑनलाइन शिक्षा मंचों से जोड़ने का प्रयास कर रही है। कोविड काल में दीक्षा मंच के जरिए पांच करोड़ से अधिक डिजिटल शिक्षा सत्र आयोजित किए गए। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 2014 में एक जीबी डेटा की कीमत 268 रुपये थी, जो अब घटकर करीब आठ रुपये रह गई है। उन्होंने कहा कि भारत में 55 करोड़ 5जी उपभोक्ता हैं।

ज्ञानेशके इस्तीफेको लेकर तीसरे दिन भी प्रदर्शन

खड़गे-राहुल सहित कई विपक्षी सांसदोंने राजघाटपर दिया धरना

नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं के विरोध में विपक्षी इंडिया ब्लॉक का प्रदर्शन गुरुवार को लगातार तीसरे दिन जारी रहा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से आयोजित दोपहर के भोज के बाद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, खड़गे समेत विपक्षी सांसद तीन बसों से राजघाट के लिए रवाना हुए। विपक्ष ने वहां शांतिपूर्ण धरना देने की घोषणा की। राजघाट रवाना होने से पहले राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा के करीब 300 सांसद शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें दो दिनों से प्रदर्शन नहीं करने दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले चुनाव आयोग कार्यालय और फिर जंतर-मंतर जाने से रोका गया। राहुल



आपराधिक साजिश कर देशको किया हाईजैक-राहुल

मोदी, शाह-भागवत और ज्ञानेश कुमारको कटघरेमें लायेंगे

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर 'आपराधिक साजिश' के तहत देश को 'हाईजैक' करने का आरोप लगाते हुये लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि इन लोगों को न्याय के कटघरे में लाना हमारी गारंटी है। राहुल ने जोर देकर कहा कि इन लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और यह इंडिया गठबंधन की गारंटी है। राजघाट की ओर विपक्षी नेताओं के (शेष पृष्ठ ९ पर) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और सीईसी ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष उन्हें न्याय के कटघरे में लाएगा। ये आरोप विपक्ष के हैं, जिनका चुनाव आयोग और भाजपा खंडन करते रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना-यूबीटी और एनसीपी-एसपी समेत विपक्षी दलों के सांसद भी आंदोलन में शामिल हुए। विपक्ष का कहना है कि एसआईआर के जरिए मतदाता सूची में बदलाव और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर उठाए गए सवालों का जवाब मिलना चाहिए। उसने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रखने की बात कही है। विपक्ष के राजघाट जाने के कार्यक्रम के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने वहां भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की और इलाके में (शेष पृष्ठ ९ पर)

नाना पाटेकरका निधन

मुम्बई (आससे)। हिंदी और मराठी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गुरुवार सुबह 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। पणजी के पास डोना पाउला स्थित अपने अपार्टमेंट में बेहोश पाए जाने के बाद 75 वर्षीय अभिनेता को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल से जुड़े वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शेखर सालकर ने यह जानकारी दी। सालकर ने बताया कि लगातार 45 मिनट तक सीपीआर दिए जाने के बावजूद पाटेकर होश में नहीं आए। उन्होंने बताया कि मेडिको-लीगल मामला दर्ज किया गया है और शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पाटेकर को सुबह करीब पांच बजकर 10 मिनट पर मृत घोषित किया गया। मणिपाल अस्पताल के ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. शेखर सालकर के अनुसार, लगातार सीपीआर दिए जाने के बावजूद नाना पाटेकर को बचाया नहीं जा सका। मामले में मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) दर्ज किया गया है और पोस्टमार्टम कराया जाएगा। नाना पाटेकर ने करीब पांच दशक के फिल्मी सफर में गंभीर, नकारात्मक, सामाजिक, राजनीतिक और हास्य भूमिकाओं में अपनी अलग पहचान बनाई। 1978 की फिल्म 'गमन' से बॉलीवुड में अभिनय की शुरुआत करने के बाद उन्होंने हिंदी और मराठी सिनेमा में लगातार काम किया। 'परिंदा' (1989) में गैंगस्टर की भूमिका ने उन्हें व्यापक पहचान दिलाई। इसके लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता पुरस्कार मिला। इसके बाद 'अंगार', 'तिरंगा' और 'क्रांतिवीर' ने उनके स्टारडम को और मजबूत किया।



सिनेमा जगतमें शोक, श्रद्धांजलियोंका लगा तांता

एनडीएके मतलब नौकरी देंगे अलायंस-योगी



पुलिस खिलाड़ी कोटेसे ४७० युवाओंको दिया नियुक्ति पत्र

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस में कुशल खिलाड़ी कोटे के तहत चयनित 470 खेल प्रतिभाओं को गुरुवार को नियुक्ति पत्र वितरित किये। साथ ही नियुक्ति पाने वाले सभी खिलाड़ियों को उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम लोक भवन सभागार में हुआ। कुशल खिलाड़ी कोटे के तहत चयनित अभ्यर्थियों में 43 उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस), 295 आरक्षी (नागरिक पुलिस) और 132 आरक्षी (पीएसी) शामिल हैं। अब ये सभी खिलाड़ी पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं देंगे। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि आप सभी लोगों की अब जर्सी से वर्दी की यात्रा शुरू हुई है। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों से पूछा क्या किसी ने आपसे कोई पैसा मांगा है, क्या किसी से सिफारिश करने की जरूरत पड़ी? सब लोग ध्यान रखिए ये सरकार का कोई अहसान नहीं है, बल्कि आपकी मेहनत का फल है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले पुलिस में खिलाड़ियों के सीधी भर्ती का कोई रास्ता नहीं था। हमने इसे शुरू कराया। 470 खिलाड़ियों को आज नियुक्ति पत्र दे रहे हैं। 500 (शेष पृष्ठ ९ पर)

आजसे महंगा होगा हवाई सफर, एअर इंडिया और एआई एक्सप्रेस ने बढ़ाया फ्यूल सरचार्ज

नयी दिल्ली (आससे.)। त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले हवाई यात्रियों के लिए किराया बढ़ने की खबर आई है। एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के फ्यूल सरचार्ज में बढ़ोतरी की है। कंपनी की नई दरें 9 अक्तूबर से लागू होंगी। यह फैसला विमान ईंधन यानी एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव और हालिया बढ़ोतरी के बीच लिया गया है एअर इंडिया ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में एटीएफ की कीमतों में काफी अस्थिरता रही है। कंपनी के मुताबिक, इसके पीछे भू-राजनीतिक घटनाक्रम और वैश्विक ऊर्जा बाजार पर बना दबाव प्रमुख कारण हैं। ईंधन की कीमत बढ़ने से एयरलाइंस की परिचालन लागत भी बढ़ती है। एअर इंडिया के अनुसार, एयरलाइन के कुल परिचालन खर्च में ईंधन की हिस्सेदारी करीब 40 फीसदी होती है।

जीएसटी काउंसिल की बैठकमें अफसरोंकी गिरफ्तारी शक्तियोंपर अंकुश



ई-कामर्सके जरिये सामान बेचनेवालोंका आसान होगा पंजीकरण

नयी दिल्ली (आससे.)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित 57वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में कारोबारियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए कई बड़े और राहत भरे फैसलों पर मुहर लगाई गई है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कर अनुपालन को सरल बनाना, व्यापारिक बाधाओं को दूर करना और गैर-जरूरी आपराधिक कार्रवाइयों पर रोक लगाना रहा। काउंसिल ने कर अधिकारियों की मनमानी गिरफ्तारी शक्तियों पर अंकुश लगाने के साथ ही आपराधिक अभियोजन शुरू करने की न्यूनतम सीमा को 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये करने की मंजूरी दे दी है। यह कदम व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने और कारोबारियों के कार्यशील पूंजी संकट को दूर करने में मील का पत्थर साबित होगा। जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद वित्त मंत्री ने क्या बताया? केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को जीएसटी परिषद की सिफारिशों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिषद ने नोटिस और कार्रवाई के लिए सामान्य मानक तय करने की सिफारिश की है। अब 10,000 रुपये या उससे कम की मौद्रिक सीमा वाले कोई भी नए नोटिस जारी नहीं किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि (शेष पृष्ठ ९ पर)

कनाडाई लेखिका ऐन कार्सन को साहित्य का नोबल

स्टाहोम (एजेंसी)। स्वीडिश अकादमी साहित्य में नोबेल पुरस्कार विजेता के नाम की घोषणा कर दी है। नोबेल कमेटी के मुताबिक, 2026 में कनाडाई लेखिका ऐन कार्सन को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। उन्हें यह सम्मान 'शास्त्रीय परंपरा के साथ रचनात्मक संवाद करते हुए समकालीन साहित्य के लिए नए रूप गढ़ने वाले उनके साहसिक और कल्पनाशील साहित्यिक लेखन' के लिए दिया गया है। 2026 के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा 5 अक्तूबर को मेडिसिन से शुरू हुई थी। इसके बाद फिजिक्स और केमिस्ट्री के पुरस्कारों का एलान हुआ। अब साहित्य के नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गई है। नोबेल कमेटी के मुताबिक, ऐन कार्सन का साहित्य अपनी साहसिक शैली और नए प्रयोगों के लिए जाना जाता है। उन्होंने शास्त्रीय साहित्यिक परंपरा को आधुनिक लेखन के साथ जोड़ते हुए साहित्य में नए रूप और अभिव्यक्ति के तरीके विकसित किए हैं।

डॉक्टरोंको महंगे गिफ्ट पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नयी दिल्ली (आससे)। फार्मास्युटिकल कंपनियों द्वारा डॉक्टरों को महंगे उपहार, विदेशी यात्राएं और अन्य सुविधाएं देकर प्रभावित करने के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार को तीन सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश दिया है। समिति फार्मा कंपनियों की मार्केटिंग गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी व्यवस्था की जरूरत और उसके स्वरूप पर सिफारिश देगी। अदालत ने केंद्र से समिति की रिपोर्ट और उस पर उठाए गए कदमों की जानकारी हलफनामे के माध्यम से देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 29 जनवरी को होगी। यह मामला



फार्मा कंपनियोंके लिए बनेगी विशेषज्ञ समिति

फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशंस ऑफ इंडिया (एफएमआरएआई) की याचिका से जुड़ा है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि कुछ फार्मा कंपनियां डॉक्टरों को महंगे गिफ्ट, विदेशी यात्राएं और अन्य 'फ्रीबीज' देकर महंगी (शेष पृष्ठ ९ पर)

सपा सरकार बनी तो महिलाओं को हर साल मिलेंगे ४० हजार-अखिलेश

अयोध्या (आससे.)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुवार को जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर कृष्णापुर गांव में पवन पांडेय के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे। उन्होंने व्यास मंच का आशीर्वाद लिया और मंच से श्रीमद्भागवत कथा का सार भी बताया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का संदेश है कि सभी बराबर हैं और समाज में प्रेमभाव के साथ रहना चाहिए, भेदभाव नहीं होना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम ही श्रीकृष्ण हैं और भगवान श्रीकृष्ण ही श्रीराम हैं। सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की मित्रता का उदाहरण देते हुए उन्होंने इसे पीडीए की शेष पृष्ठ ९ पर)

होमगार्ड भर्ती : अभ्यर्थियों का मेडिकल-चरित्र सत्यापन १२ से

लखनऊ (आससे)। होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 के तहत चयनित अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा और चरित्र सत्यापन की प्रक्रिया 12 अक्तूबर से शुरू होगी। संबंधित जिले की पुलिस लाइन में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोनों प्रक्रियाएं करायी जायेंगी। अभ्यर्थियों को सुबह नौ बजे संबंधित जिले की पुलिस लाइन में उपस्थित होना होगा। अधिकारियों के मुताबिक अभ्यर्थियों को जिला कमांडेंट होमगार्ड की ओर से जारी पत्र के साथ सभी मूल प्रमाणपत्र और अभिलेख लाने होंगे। इसके अलावा कम से कम 10 पासपोर्ट साइज की नयी फोटो भी साथ रखनी होगी। चरित्र सत्यापन के लिए निर्धारित प्रारूप में आवश्यक चरित्र प्रमाणपत्र और 10 रुपये के स्टांप पेपर पर नोटरी से सत्यापित शपथपत्र भी तैयार रखना होगा। पुलिस लाइन पहुंचने पर पहचान सत्यापन, उपस्थिति, हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान से जुड़ी प्रक्रिया पूरी करायी जायेगी।

दिल्ली थप्पड़ कांड : मंत्री प्रवेश वर्मा मामलेमें हाईकोर्ट सख्त

नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा पर आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ता साहिब सिंह को थप्पड़ मारने के आरोप से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। न्यायमूर्ति सचिन दत्त ने मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस को अब तक हुई काररवाई की स्थिति बताने वाली रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। आम आदमी पार्टी (आप) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें दिल्ली सरकार में उप मुख्यमंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा सड़क निर्माण में कथित भ्रष्टाचार पर सवाल पूछ रहे एक युवक को थप्पड़ मारते नजर आ रहे। इस घटना के सामने आने के बाद दिल्ली की सियासत गरमा गयी। आप नेता भाजपा पर लगातार हमलावर रहे। वहीं आज दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले में पुलिस से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है।

१.७७ करोड़ की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

डीडवाना (एजेंसी)। उत्तराखंड एसटीएफ ने ऑनलाइन गेमिंग के जरिये कम रकम निवेश कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर 1 करोड़ 77 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी करने वाले आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ की टीम ने ठगी में प्रयुक्त बैंक खाते का गहन विश्लेषण करने के बाद आरोपी को राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले के लाडनूं थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी के खाते में ठगी की राशि में से करीब 14 लाख रुपये जमा हुए थे। एसटीएफ ने आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। साइबर ठगी का यह मामला हरिद्वार निवासी एक पीड़ित व्यक्ति से जुड़ा है। पीड़ित ने यूट्यूब पर विनाड्डु नामक ऑनलाइन गेमिंग वेबसाइट का विज्ञापन देखा था।

झारखंडमें डीजीपी नियुक्ति पर सुप्रीम फटकार

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के डीजीपी की नियुक्ति से जुड़े राज्य सरकार के नियमों पर कड़ी आपत्ति जतायी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची व न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि पहली नजर में ये नियम सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसले के खिलाफ नजर आते हैं। अदालत ने डीजीपी बनायी गयी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी तदाशा मिश्रा से भी जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने झारखंड



कहा-नियम हमारे पुराने फैसलेके खिलाफ

सरकार को इस प्रावधान पर पुनर्विचार करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। साथ ही राज्य से कहा है कि यदि वह नियम में बदलाव नहीं करना चाहता है, तो उसे अदालत के समक्ष इसका बचाव करना होगा। केंद्र सरकार ने झारखंड सरकार की ओर से 8 जनवरी 2025 को जारी 'झारखंड डीजीपी चयन और नियुक्ति विनियमन, 2025' को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केंद्र का कहना है कि ये नियम पुलिस प्रमुख की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह फैसले के अनुरूप नहीं हैं। झारखंड सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ को बताया कि राज्य सरकार इन नियमों की दोबारा समीक्षा करेगी। वहीं, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र पहले भी झारखंड सरकार को बता चुका है कि ये नियम प्रकाश सिंह मामले में दिए गए फैसले के खिलाफ हैं और इन्हें बरकरार नहीं रखा जा सकता।



यूपीआई : एमडीआर लागू करने की तिथि तीन महीने टली

नयी दिल्ली (आससे)। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई से जुड़े लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने की तारीख आगे बढ़ सकती है। मौजूदा समय में इसके 15 अक्तूबर से लागू होने की बात है लेकिन अब सरकार इसे आगे बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। एमडीआर लागू करने की समयसीमा को 15 अक्तूबर से बढ़ाकर एक जनवरी करने का प्रस्ताव सामने आया है। इस पर अगले कुछ दिनों में फैसला होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी तक तारीख बढ़ाने को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। इसके अलावा, जीएसटी परिषद ने यूपीआई मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) पर जीएसटी को मौजूदा 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया। ज्यादातर राज्यों ने यूपीआई एमडीआर पर 18 प्रतिशत जीएसटी को लेकर चिंता जतायी। नये यूपीआई एमडीआर फ्रेमवर्क के तहत ज्यादा वैल्यू वाले मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर चार्ज लगाने की योजना है। जीएसटी दर को घटाकर 5 प्रतिशत करने का प्रस्ताव भारत के डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम के लिए एक अहम समय पर आया है।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com
आज

मौसम

सूर्योदय : ०५.४९
सूर्यास्त : ०५.४६

तापमान
अधि. : ३२.०
न्यून. : २५.०

आलोचनाका अधिकार, बदनाम करनेका नहीं



४२ पूर्व जजोंने लिखी चिट्ठी

नयी दिल्ली (आससे)। देश में सांविधानिक संस्थाओं की साख और उनकी स्वायत्तता को लेकर एक बड़ी बहस छिड़ गयी है। इसी बीच 42 पूर्व जजों और सेवानिवृत्त सांविधानिक अधिकारियों ने भारत के नागरिकों के नाम एक खुला पत्र लिखा। जजों ने स्पष्ट किया है कि वे किसी भी राजनीतिक दल के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन आज के दौर में साधे रखी गई चुप्पी निष्पक्षता नहीं हो सकती। उनका मानना है कि जब देश की बुनियादी संस्थाओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा हो, तब सामने आकर सच बोलना बेहद जरूरी हो जाता है। इस खुले पत्र में 42 पूर्व जजों ने चुनाव आयोग, न्यायपालिका और अन्य सांविधानिक निकायों पर हो रहे सुनियोजित हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि संस्थाओं की स्वस्थ आलोचना करना एक लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन दुर्भावना से उन्हें बदनाम करना लोकतंत्र के खिलाफ है। मंचों से सांविधानिक संस्थाओं को खुलेआम चोर, कठपुतली और समझौतावादी कहना बेहद खतरनाक है। बिना किसी कानूनी सबूत के प्रेस कॉन्फ्रेंस में वोट चोरी के मनगढ़ंत आरोप लगाए जा रहे हैं, जबकि अदालत में कोई सबूत पेश नहीं किया जाता। पूर्व जजों ने पत्र में तीखा सवाल उठाते हुए कहा है कि चुनाव कराने वाले निष्पक्ष अधिकारियों को खुलेआम डराया-धमकाया जा रहा है और सत्ता बदलने पर बदले की कार्रवाई की धमकियां दी जा रही हैं। किसी भी अदालत ने इन आरोपों को कभी सही नहीं पाया है। जब चुनाव आयोग हलफनामा मांगता है, तब कोई आगे नहीं आता। केवल हार के बाद (शेष पृष्ठ ९ पर)

दुकानमें आगसे फटे दो सिलेंडर, दो की मौत

बागपत (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के खेकड़ा कस्बे के बाजार चौकी क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में दुकान से सटे मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान दो गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गए। हादसे में एक महिला और पांच वर्षीय बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग झुलस गए। धमाकों की आवाज से पूरे बाजार में अफरा तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, व्यापारी प्रदीप जैन की दुकान में सुबह अचानक आग लगी। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं और दुकान से सटे मकान तक पहुंच गईं। आग की चपेट में आने से गैस सिलेंडरों ने भी आग पकड़ ली, जिसके बाद जोरदार धमाके हुए।

राजस्व टीम पर हमला करने वालों पर होगी कड़ी कारवाई-डीएम

डीएम ने घायल दरोगा का अस्पताल में जाना हाल

गाजीपुर। भूमि विवाद के निस्तारण के दौरान पुलिस और राजस्व टीम पर हुए हमले को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायल उपनिरीक्षक और अन्य पुलिसकर्मियों का हाल जाना। डीएम ने अधिकारियों को हमले में शामिल लोगों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर कठोर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आरोपितों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई और जिला बदर की प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनता दर्शन के दौरान 6 अगस्त 2026 को प्रर्मिला देवी ने भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित राजस्व अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर जांच और निस्तारण के निर्देश दिए गए थे। राजस्व टीम ने भूमि की पैमाइश कर नियमानुसार कार्रवाई की और संबंधित पक्ष को कब्जा दिलाने के बाद मौके पर सीमा चिन्ह व खंभा स्थापित कराया था। डीएम के मुताबिक बाद में विपक्षी पक्ष ने सीमा चिन्ह उखाड़ दिया। मामला दोबारा संज्ञान में आने पर राजस्व टीम को पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर पुन: पैमाइश और नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। टीम जब मौके पर कार्रवाई कर रही थी, तभी विपक्षी पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से पुलिस एवं राजस्व कर्मियों पर हमला कर दिया। हमले में एक उपनिरीक्षक समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। डीएम ने स्पष्ट किया कि आवश्यकता के अनुसार आरोपितों पर गुंडा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। परिस्थितियों के अनुरूप राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत भी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रकरण में शामिल सभी लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करते हुए कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

पुलिस दबिश के दौरान नदी में कूदा हमलावर

कठवामोड़, गाजीपुर। नोनहरा थाना क्षेत्र के चक कमरौरा गांव में जमीन की पैमाइश के दौरान उपनिरीक्षक समेत पांच लोगों पर हमला करने के मामले में गुरुवार को पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। पुलिस टीम के गांव पहुंचने की जानकारी होते ही कुछ हमलावर चार पहिया वाहन से फरार हो गए। इसी दौरान पुलिस टीम पर हमला करने का आरोपित रामबाबू उर्फ विक्की पुत्र चंद्रमा राम गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर मंगई नदी में कूद गया और नदी पार कर भागने का प्रयास करने लगा। इसके बाद वह नदी में लापता हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर नदी में उसकी तलाश कराई, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। बाद में वाराणसी से भी गोताखोरों की टीम बुलायी गयी। देर शाम तक नदी में तलाश जारी रही, लेकिन युवक का सुराग नहीं लग सका। घटना से उसके परिजन काफी मर्माहत हैं और मौके पर देर शाम तक ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।



अस्पताल में हाल पूछते डीएम। छाया:आज

अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

दिलदारनगर (गाजीपुर)। मिर्चा गांव में गुरुवार को 55 वर्षीय किसान शिवशंकर तिवारी ने अपने बंद मकान में कुंडी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। वाराणसी स्थित मायके से लौटी पत्नी रानी शाह की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। शव से दुर्गंध उठ रही थी, जिससे घटना दो-तीन दिन पुरानी प्रतीत हो रही है। शिवशंकर तिवारी की तीसरी पत्नी रानी शाह ने बताया कि बीते 5 अक्टूबर को शिवशंकर उन्हें वाराणसी स्थित मायके छोड़कर घर लौट आए थे। 7 अक्टूबर को जब उन्होंने पति को फोन किया तो कोई जवाब नहीं मिला। गुरुवार सुबह जब वह वाराणसी से मिर्चा गांव पहुंचीं, तो मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था। पड़ोस के एक युवक ने बाउंड्रीवॉल कूदकर अंदर से दरवाजा खोला। अंदर जाने पर कमरे में शिवशंकर का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला और पूरे घर में दुर्गंध फैली हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।रानी शाह ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व उन्होंने शिवशंकर से कोर्ट मैरिज की थी। शिवशंकर की पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी है, जिनसे दो बेटियां हैं और दोनों की शादी हो चुकी है। वहीं, दूसरी पत्नी उन्हें छोड़कर चली गई थी। रानी के मुताबिक, पति का किसी से कोई वाद-विवाद नहीं था और उन्होंने यह कदम क्यों उठाया, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। थानाध्यक्ष संतोष राय ने बताया कि शव को कब्जे में लिया गया जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।



मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़। छाया:आज

मुनि आगमन, ताड़का वध और सीताराम मिलन का भावपूर्ण मंचन

गाजीपुर। अति प्राचीन श्री रामलीला कमेटी हरिशंकरी के तत्वावधान में बुधवार को श्री राम चबूतरा पर रामलीला के दूसरे दिन मुनि आगमन, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार और सीताराम मिलन की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। पं. राजा भैया आदर्श श्री रामलीला मंडल के कलाकारों ने विभिन्न प्रसंगों को जीवंत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला का शुभारंभ श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की पूजा-अर्चना व आरती से हुआ। इसके बाद महर्षि विश्वामित्र के अयोध्या आगमन का प्रसंग मंचित किया गया। यज्ञ में राक्षसों द्वारा विघ्न डाले जाने पर विश्वामित्र राजा दशरथ से श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने की अनुमति मांगते हैं। गुरु वशिष्ठ के समझाने पर दशरथ दोनों राजकुमारों को विश्वामित्र के साथ भेजने के लिए तैयार हो जाते हैं। वन में पहुंचने पर श्रीराम का सामना राक्षसी ताड़का से होता है। विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम एक ही बाण से ताड़का का वध कर देते हैं। इसके बाद श्रीराम के चरण स्पर्श से शापित अहिल्या का उद्धार होता है। आगे लीला जनकपुर पहुंचती है, जहां धनुष यज्ञ के लिए विश्वामित्र श्रीराम-लक्ष्मण के साथ पहुंचते हैं। अगले दिन गुरु पूजा के लिए पुष्प लेने फुलवारी पहुंचे श्रीराम-लक्ष्मण की मुलाकात माता गौरी की पूजा करने पहुंचीं जनकनंदिनी सीता और उनकी सखियों से होती है। सीता-राम के प्रथम मिलन का दृश्य देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा।

नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में चार वांछित आरोपी गिरफ्तार

जखनियां, गाजीपुर। भुड़कुड़ा पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म में वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र पाडे ने बताया कि बृहस्पति वार को सुबह कुड़िला मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों में नीरज राजभर (28) इब्राहिमपुर , रोहित राजभर (22) अकबरपुर थाना बहरियाबाद, सोनू उर्फ धर्मेंद्र राजभर (20) सादात तथा अनुज राजभर (19) डिहवा. शामिल हैं।

तकनीकी खराबी आ जाने से ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

दिलदारनगर, गाजीपुर। पूर्व मध्य रेलवे के बारा कला हाल्ट के समीप गुरुवार दोपहर करीब 2ः15 बजे अप लाइन के रेल विद्युत तार (ओएचई) में तकनीकी खराबी आ जाने से ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो गया। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण बक्सर और चौसा स्टेशनों पर कई ट्रेनें खड़ी रहीं। अचानक परिचालन प्रभावित होने से रेल विभाग में हड़कंप मच गया।कंट्रोल से सूचना मिलने के बाद बक्सर रेल विद्युत विभाग के कर्मचारी टावर वैगन से मौके पर पहुंचे और ओएचई तार में आई तकनीकी खराबी को दुरुस्त करने में जुट गए। करीब 3 बजे मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद ट्रेनों का परिचालन शुरू कराया गया। इसके बाद बक्सर में खड़ी दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस और चौसा में रुकी भागलपुर-दादर एक्सप्रेस को आगे रवाना किया गया।परिचालन प्रभावित होने के कारण दोनों ट्रेनें अपने निर्धारित समय से करीब एक घंटे विलंब से दिलदारनगर स्टेशन पहुंचीं। ट्रेनों के इंतजार में स्टेशन पर यात्री परेशान रहे। परिचालन बहाल होने के बाद रेल अधिकारियों ने राहत की सांस ली।इस पर यातायात निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि ओएचई में तकनीकी खराबी के कारण कुछ समय के लिए ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ था। खराबी को ठीक कराने के बाद अप का परिचालन सामान्य हो गया।

कबड्डी प्रतियोगिता का ट्रायल आज

गाजीपुर। जिला कबड्डी एसोसिएशन गाजीपुर का सब जूनियर व जूनियर बालिका वर्ग ट्रायल दिनाक 9 /10 / 2026 को नवीन स्टेडियम पुलिस लाइन गाजीपुर के पास में 9 बजे होगा । सब जूनियर बालिका वर्ग आयु 16 वर्ष वजन 55 किलोग्राम एवं जूनियर वर्ग मे आयु 20 वर्ष वजन 75 किलोग्राम हो या उससे कम । खिलाडियों को अपने साथ चयन के लिए आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा ।फार्म प्रधानाचार्य दवारा प्रमाणित होना चाहिए । चयनकर्ता कबड्डी संघ के सदस्य होगें ।

विधिवत निस्तारण न होने तक किसी भी तरह की वसूली पर रोक

जमानियां,गाजीपुर। नगर पालिका परिषद में नवीन गृहकर की कथित जबरन वसूली को लेकर नगर पालिका प्रशासन और सभासदों के बीच टकराव गहरा गया है। इस मनमानी और प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी के विरोध में बृहस्पतिवार को आक्रोशित सभासदों ने पालिका परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। सभासदों ने पालिका अध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता और नगर पालिका प्रशासन के रवैये को तानाशाहीपूर्ण और वादाखिलाफी करार देते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि उनकी छह सूत्रीय मांगों पर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरनारत सभासदों का कहना है कि नवीन गृहकर वसूली को लेकर सक्षम प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पहले ही स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि जब तक मामले का विधिवत निस्तारण नहीं हो जाता, तब तक किसी भी तरह की वसूली न की जाए। अपर जिलाधिकारी गाजीपुर की ओर से भी इस संबंध में रोक के निर्देश जारी हैं। इसके अलावा 11 सितंबर 2026 को आयोजित नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से नवीन गृहकर को फिलहाल समाप्त करने का निर्णय लिया गया था। धरना प्रदर्शन के दौरान सभासद प्रमोद यादव, साहू चौधरी, रजनीकांत उपाध्याय, मनीष सिंह यादव सहित कई प्रमुख प्रतिनिधि मौजूद रहे।

नाला जाम होने से जलभराव से ग्रामीण परेशान

बरही, गाजीपुर। नाले की समस्या गंभीर होती जा रही है। गांव का मुख्य नाला कचरा और मिट्टी से पूरी तरह जाम हो गया है, जिससे पानी की निकासी ठप हो गई है।नाला जाम होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और लोगों के घरों के सामने जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। इससे आवागमन बाधित हो रहा है और मच्छरों के बढ़ने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।ग्रामीणों ने कई बार सफाई की मांग की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राम नारायण यादव ने कहा कि बरही में नाले की समस्या काफी दिनों से है। प्रशासन को अवगत कराया गया है।

फेसबुक पर विदेश में नौकरी का झांसा देकर ठगी, तीन गिरफ्तार

गाजीपुर। विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों से ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 3.54 लाख रुपये नकद, 23 सिम कार्ड, 13 एटीएम कार्ड, 10 मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर और दो चार पहिया वाहन बरामद किए गए हैं। साइबर क्राइम थाना में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात लोगों ने वाहन खराब होने समेत अन्य बहाने बनाकर उसके सीएससी खाते में साइबर अपराध से अर्जित धनराशि मंगवाई। अगस्त से सितंबर के बीच करीब 15 लाख रुपये की रकम खाते से निकाली गई। इसके बाद शिकायतकर्ता के सीएससी सहित अन्य बैंक खाते फ्रीज और लियन होने लगे। जांच के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर कथित फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा किया।पुलिस के अनुसार गिरोह का मुख्य आरोपित सोहन राम मुंबई और दिल्ली में रहकर दूसरे लोगों के नाम पर सिम कार्ड और म्यूल बैंक खाते हासिल करता था। इसके लिए रिक्शा चालकों, सड़क किनारे सिम बेचने वालों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को रुपये का लालच दिया जाता था। खरीदे गए सिम कुरियर के माध्यम से गाजीपुर में रह रहे उसके बेटे सूर्य प्रकाश अरोरा तक पहुंचाए जाते थे। गिरफ्तार अभियुक्त में सोहन राम उम्र 45 पुत्र वासुदेव राम, निवासी सिपाह जहूराबाद, सूर्य प्रकाश अरोरा उम्र 26 पुत्र सोहन राम, निवासी सिपाह जहूराबाद, फैजल खान उर्फ सन्नी उम्र 29 पुत्र लीम अहमद खान, निवासी रजदेपुर शामिल रहे।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

भांवरकोल/ गाजीपुर। स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार का इनामिया बब्लू को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार बब्लू राम पुत्र अशोक राम इसी थाना क्षेत्र के वीरपुर का रहने वाला है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि बब्लू पिछले एक वर्ष से पुलिस को चकमा देकर अन्य राज्य में रह रहा था। उन्होंने बताया कि इसकी गिरफ्तारी के लिए दो टीमें बनी थी। इस दौरान थाने के एस आई मोरध्वज दुबे अपने हमराहियों के साथ भ्रमणशील थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर उसे आज सुबह सेमरिया मुख्य मार्ग बीरपुर के पास उसे। गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से.315 बोर का तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। उसके उपर थाने में पूर्व में गोवध अधिनियम आबकारी,आर्म्स एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं।

कैच अप कराओ, निपुण बनाओ अभियान के तहत जांच

जमानियां,गाजीपुर। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कैच अप कराओ, निपुण बनाओ अभियान के तहत कंपोजिट विद्यालय फुली में अकादमिक रिसोर्स पर्सन अरविन्द कुमार सिंह ने बेसलाइन आकलन के उपरांत इस माह के लिए निर्धारित गतिविधियों का सघन अवलोकन एवं पर्यवेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निपुण आकलन पत्रक पर छात्र-छात्राओं द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक कार्यों की प्रगति जांची और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एआरपी अरविन्द ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में एआरपी द्वारा गोद लिए गए जनपद के कुल 810 विद्यालयों में यह विशेष अभियान प्राथमिकता के आधार पर चलाया जा रहा है। इन सभी चयनित विद्यालयों को समयबद्ध रूप से निपुण विद्यालय बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित कार्ययोजना के तहत आगामी 1 और 2 नवंबर को विद्यार्थियों का एंडलाइन आकलन संपन्न कराया जाएगा, जिसके माध्यम से बच्चों के सीखने के स्तर में आए सुधार का मूल्यांकन होगा।



बच्चों की गुणवत्ता जांचते शिक्षक। छाया:आज

ट्रांसफार्मर जलने से अंधेरे में रहने को विवश

बरही, गाजीपुर। क्षेत्र के सोढ़रा गांव में 20 दिनों से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जला पड़ा है। इससे गांव के करीब 125 घरों में अंधेरा है और लगभग 600 की आबादी प्रभावित है। लगातार छह महीने से ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने बिजली निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जुलूस निकालकर ट्रांसफार्मर के पास नारेबाजी की। प्रदर्शन के चलते करीब दो घंटे तक मरदह-सोढ़रा मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा।ग्रामीणों सिंहासन पासवान, संतोष, रामदेव, जितेंद्र, सुरेंद्र, रामबली, लीलावती, राधिका, रीना, इंद्रावती और दुलरी का आरोप है कि गांव की आबादी के सापेक्ष कम क्षमता का ट्रांसफार्मर लगा है। इसके चलते पिछले छह महीने में करीब एक दर्जन बार ट्रांसफार्मर जल चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि 20 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण मोबाइल और लाइट चार्ज करने के लिए करीब दो किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है।इस संबंध में उपखंड अधिकारी चंद्रमोहन ने बताया कि 25 केवीए के ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 63 केवीए करने का प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है। निर्देश मिलते ही ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कर दी जाएगी।

खिलवा गांव में लाखों के आभूषण चोरी

अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

नंदगंज-गाजीपुर। थाना क्षेत्र के खिलवा गांव में चोरों ने एक महिला के घर को निशाना बनाकर शादी के लिए खरीदे गए लाखों रुपये के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। चोरी की बढ़ती घटनाओं से लोग भयभीत हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्र के अनुसार, थाना क्षेत्र के खिलवा गांव निवासी ममता यादव ने तहरीर देकर बताया कि उनकी छोटी बहन की शादी के लिए आभूषण खरीदकर एक सूटकेस में रखे गए थे। सोमवार की रात चोर घर में घुस गए और सूटकेस में रखा पायल, झुमका, अंगूठी, सिकड़ी सहित लाखों रुपये कीमत के आभूषण लेकर फरार हो गए। मंगलवार को घटना की जानकारी होने पर पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है और लोगों ने चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।

शारदीय नवरात्रि की तैयारी जोरों पर सजने लगे मां के दरबार

मुहम्मदाबाद, (गाजीपुर)। स्थानीय थाना कोतवाली अंतर्गत स्थित माता महाकाली मंदिर प्राचीन एवं आस्था का केंद्र माना जाता है।यह दरबार बहुत ही सुंदर और मनमोहन जगह पर स्थित है ।माता महाकाली का दरबार में जो भी भक्त सच्चे मन से जाता है उसकी मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती है। माता महाकाली के दरबार में माता की तीन प्रतिमाएं हैं ।प्रथम माता आदिशक्ति महाकाली मा सरस्वती तथा हनुमान व काल भैरव की प्रतिमा है तथा माता की सिद्ध पिंड है ।मां के दरबार में प्रत्येक महीने के 27 तारीख को विशाल भंडारा भी किया जाता है ।मान्यता है की माता महाकाली के दरबार में नवरात्रि के सप्तमी के दिन जो भी भक्त श्रद्धालु सच्चे मन से अखंड ज्योति जलाते हैं उनकी मनोकामनाएं अवश्य पूरा होती है ।माता महाकाली के दरबार में नवरात्रि के प्रथम दिन से ही माता का प्रतिदिन श्रृंगार पूजन अर्चन व स्थानीय लोकगीत कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन का भी आयोजन किया जाता है ।

ताइक्वांडो में बालकों ने दो स्वर्ण सहित जीते कुल छह पदक

खानपुर, गाजीपुर। गोरखपुर के सहजनवां स्थित मुरारी इंटरमीडिएट कॉलेज में 2 से 7 अक्टूबर तक माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित 70वीं प्रदेशीय विद्यालयी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी, गैबिपुर में प्रशिक्षित बालक खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण सहित कुल छह पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। बालक वर्ग के 14 वर्ष आयु वर्ग के 38 किग्रा भार वर्ग में यश प्रजापति तथा इसी आयु वर्ग के 41 किग्रा भार वर्ग में आर्यन राजभर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं 17 वर्ष आयु वर्ग के 48 किग्रा भार वर्ग में आकाश कन्नौजिया, 59 किग्रा भार वर्ग में अखिल यादव तथा 78 किग्रा भार वर्ग में आयुष यादव ने कांस्य पदक जीता।

बाढ़ से फसल क्षति वाले किसान नौ तक करें आवेदन

गाजीपुर। जनपद में विगत माह आई बाढ़ के दौरान फसल क्षति झेलने वाले किसानों के लिए प्रशासन ने महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। आपदा विशेषज्ञ ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) के आदेश के क्रम में बताया कि जिन किसानों ने अब तक फसल क्षति की क्षतिपूर्ति के भुगतान के लिए अपने संबंधित तहसील में आवेदन नहीं किया है, वे हर हाल में 9 अक्टूबर को अपने तहसील के उपजिलाधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय के बाद पोर्टल बंद हो जाने की स्थिति में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। ऐसे में बाढ़ से फसल क्षति का मुआवजा पाने के इच्छुक किसान बिना देरी किए निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा कर दें। अधिकारियों ने किसानों से समय सीमा का विशेष ध्यान रखने की अपील की है।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
ई-नीलामी
दिनांक - 18.11.2026

अंचल कार्यालयः पुतलीधर नटवां (जान्हवी होटल के पास), मिर्जापुर । फोन 05442-220334 ई-मेलः zomirzapur@indianbank.bank.in

अचल सम्पत्तियों के विक्रय का विक्रय सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 समपठित प्रतिभूति हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6)के अंर्तगत अचल सम्पत्तियों के विक्रय का ई - नीलामी विक्रय सूचना ।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सामान्य रुप से एवं ऋणियों एवं जमानतकर्ताओं को विशेष रुप से सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति जो कि प्रतिभूति क्रेडिटर के द्वारा ऋण सुविधा को सुरक्षित करने के लिए बैंक के पास बंधक/प्रभार के अधीन रखी गई है और जिसका इण्डियन बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति क्रेडिटर के द्वारा सांकेतिक कब्जा भी लिया जा चुका है, जिसकी वसूली हेतु ''जो है जहां है'', ''जो है जैसे है'' तथा ''जो कुछ भी है'' के आधार पर इण्डियन बैंक, के सुरक्षित लेनदार/प्रधिकृत अधिकारी द्वारा

दिनांक - 18.11.2026 समय प्रातः 10.00 से सांय 04.00 बजे तक

सम्पत्ति की ई-नीलामी बिक्री की जाएगी। ई-नीलामी के द्वारा बिक्री के लिए लाई जाने वाली सम्पत्ति का विशिष्ट विवरण निम्नलिखित हैः

1. शाखा- चुनार, मो0- 7054961503 — खाता - श्री शिव शक्ति राईस मिल

ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार का विवरण -1. श्री शिव शक्ति राईस मिल प्रोपराईटर- श्री शंभू प्रसाद, पता- ग्राम- पुरैनिया, पोस्ट- लहौरा, परगना- सक्तेशगढ़, तहसील- चुनार, जिला- मिर्जापुर (ऋणी फर्म), 2. श्री शंभू प्रसाद पुत्र श्री शिव प्रसाद, पता- ग्राम- पुरैनिया, पोस्ट- लहौरा, परगना- सक्तेशगढ़, तहसील- चुनार, जिला- मिर्जापुर (ऋणी), 3. श्री प्रेम शंकर सिंह पुत्र श्री राम आधार सिंह, पता- लहौरा, चुनार, मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश- 231304 (जमानतकर्ता), 4. श्री शिव प्रसाद पुत्र चतुरी, पता- ग्राम- पुरैनिया, पोस्ट- लहौरा, परगना- सक्तेशगढ़, तहसील- चुनार, जिला- मिर्जापुर (जमानतकर्ता/बंधककर्ता)

बकाया राशि -रू. 15,72,182.00 (रूपये पन्द्रह लाख बहत्तर हजार एक सौ बयासी मात्र) दिनांक- 30.09.2026 से प्रभावी ब्याज, लागत तथा अन्य खर्च)

बंधक सम्पत्ति का विवरण - सम्पत्ति का सभी भाग स्थित अराजी नम्बर 1 मि, क्षेत्रफल 0.506 हेक्टेयर, ग्राम- पुरैनिया, परगना- सक्तेशगढ़, तहसील- चुनार, जिला- मिर्जापुर जो कि श्री शिव प्रसाद के नाम में है,

चौहद्दीः पूर्व- शिव प्रसाद का मकान, पश्चिम- पन्नार मुशहर का खेत, उत्तर- गौचर, दक्षिण - लहौरा से डगमगपुर तक सड़क

सम्पत्ति पर ऋणभारः	नहीं	बिड बढ़ोत्तरी राशिः	रू. 10,000.00
आरक्षित मूल्यः	रू. 77,68,000.00	ई- नीलामी की तिथि व समयः	18.11.2026, प्रातः10.00 से सायं 04.00 बजे तक
धरोहर जमा राशिः	रू. 7,76,800.00	सम्पत्ति आईडी सं0	IDIB30094069005

ऑनलाइन बिड में भाग लेने के लिए बोलीदाताओं को यह सलाह दिया जाता है कि वे हमारे ई-नीलामी सेवाप्रदाता पी एस बी एलायंस प्रा0 लिमिटेड की वेबसाइट (http://baanknet.com) का अवलोकन करें। तकनीकि सहायता के लिये कृपया पी एस बी एलायंस प्रा0 लिमिटेड हेल्प डेस्क नं0- 8291220220 एवं सर्विस प्रदाताओं के हेल्प डेस्क में उपलब्ध अन्य हेल्पलाइन नं0 पर कॉल करें। पी एस बी एलायंस प्रा0 लिमिटेड में रजिस्ट्रेशन के स्थिति की जानकारी के लिए, support.BAANKNET@psballiance.com पर सम्पर्क करें एवं धरोहर धनराशि की स्थिति के लिए कृपया support.BAANKNET@psballiance.com पर सम्पर्क करे ।
सम्पत्ति एवं सम्पत्ति का फोटोग्राफ तथा नीलामी के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया http://baanknet.com तथा इस पोर्टल से सम्बन्धित स्पष्टिकरण के लिए कृपया हेल्पलाइन नम्बर 8291220220 पर सम्पर्क करें।
बोलीदाताओं का सलाह दी जाती है कि वेबसाइटhttp://baanknet.com पर जब सम्पत्ति के लिए जानकारी प्राप्त कर रहें हों तो उपरोक्त उल्लिखित सम्पत्ति आईडी नंम्बर का प्रयोग करें।
कृपया नोट करें कि बैंक का उर्पयुक्त सम्पत्तियों पर सांकेतिक कब्जा हैं न कि भौतिक कब्जा।

baanknet

दिनांकित- 01.10.2026, स्थान- मिर्जापुर | त्रुटि के स्थिति में अग्रेजी पाठ्य मान्य होगा। | प्राधिकृत नोडल अधिकारी (मो0 8433693774) इंडियन बैंक

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग लेकर इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन

'वोट बचाओ, देश बचाओ' और 'ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' के नारों से गूंजा बलिया कलेक्ट्रेट परिसर



बलिया। इंडिया गठबंधन गठबंधन बलिया के बैनर तले गुरुवार को देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से बर्खास्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। गठबंधन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान लोकतंत्र की रक्षा, निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मतदाताओं के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा की मांग उठाई गई। कार्यक्रम के तहत समाजवादी पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता सबसे पहले पार्टी के जिला कार्यालय पर एकत्र हुए। यहां से जुलूस की शक्ल में हाथों में विभिन्न मांगों और ज्ञानेश कुमार के विरोध में नारे लिखी तख्तियां लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के लिए रवाना हुए। जुलूस में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 'वोट बचाओ, देश बचाओ', 'भाजपा भगाओ, देश बचाओ' और 'ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' जैसे नारे लगाते हुए निर्वाचन व्यवस्था में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग की। सांसद सलेमपुर रामशंकर विद्यार्थी राजभर ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन व्यवस्था बेहद जरूरी है। चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्थान पर जनता का विश्वास कायम रहना चाहिए। पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का मत सर्वोपरि है। मतदान के अधिकार की रक्षा करना और निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखना हर लोकतांत्रिक व्यवस्था की प्राथमिकता होनी चाहिए। पूर्व मंत्री मो.जियाउद्दीन रिज़वी ने कहा कि ज्ञानेश कुमार के अंदर अगर थोड़ी भी हया होती तो वह अबतक इस्तीफा दे चुके होते लेकिन लगता है वह लोकतंत्र की हत्या करना उनकी नियति बन गई है। विधायक जयप्रकाश अंचल ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक ताकत जनता का मत और उसका संवैधानिक अधिकार है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मौर्य ने कहा कि लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव और मताधिकार की सुरक्षा सर्वोपरि है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने कहा कि मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करना और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करना लोकतंत्र की बुनियादी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर पूर्व विधायक मंजू सिंह, पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय, डॉ.विश्राम यादव, यशपाल सिंह, सुशील पाण्डेय कान्हजी, सीमा राजभर, रामेश्वर पाण्डेय, आशुतोष ओझा, रोहित चौबे,जलालुद्दीन जे.डी., शशिकांत चतुर्वेदी, सपा के प्रदेश सचिव अकमल नईम खां मुन्ना, राजन कन्नौजिया, शैलेश सिंह, जयप्रकाश यादव मुन्ना, अजीत यादव, हरेंद्र गोंड, जमाल आलम, ममता चंद्रा, कामेश्वर सिंह, राजेश गौड़, विकेश सिंह सोनू, विजय शंकर यादव सहित इंडिया गठबंधन के सदस्य मौजूद रहे। संचालन बीरबल राम ने किया।

आधार लेकर आयें, पांच मिनट में बनवायें आयुष्मान कार्ड-डीएम

आयुष्मान कार्ड कैम्प का डीएम ने किया निरीक्षण



बलिया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में लगाए गए आयुष्मान कार्ड कैम्प का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया और लोगों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों सहित पात्र अन्य व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड नि:शुल्क बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पात्र लोग जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में पहुंचकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजना के तहत उपचार की सुविधा मिलती है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे अपना आधार कार्ड साथ लेकर आएं और महज पांच मिनट में आयुष्मान कार्ड बनवाएं। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद वर्तमान में आईजीआरएस में 11वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान आने वाली समस्याओं का भी निराकरण कराया जाएगा। साथ ही जनसुनवाई में आने वाले पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड भी बनवाने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। डीएम ने जनपदवासियों से अपील की कि पात्र व्यक्ति इस सुविधा का लाभ उठाएं और अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं, ताकि जरूरत के समय स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

डीएम के आश्वासन पर नौ अक्तूबर को प्रस्तावित छात्र कर्फ्यू स्थगित



बलिया। नौ अक्टूबर को प्रस्तावित बलिया बंद जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा शासन से वार्ता और नवंबर तक टैबलेट व मोबाइल देने के आश्वासन के बाद पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने छात्रकर्फ्यू स्थगित कर दिया है। समिति के संयोजक नागेन्द्र सिंह झुन्नू ने कहा कि जिलाधिकारी ने शासन से वार्ता कर छात्रवृत्ति में वृद्धि, बिजली बिल के बारे में बातचीत की। विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी व महाविद्यालय के प्राचार्य से टैबलेट और मोबाइल के बारे में वार्ता करने के बाद नवंबर तक वरीयता के क्रम में छात्रों को दिलवाने का आश्वासन दिया। झुन्नू ने बताया कि छात्रों व किसानों की मांग को जिलाधिकारी ने शासन तक पहुंचा दिया है और छात्रों की मांग पूरा करवाने का आश्वासन दिया है। जिसके बाद समिति ने नौ अक्टूबर को प्रस्तावित छात्र कर्फ्यू को स्थगित कर दिया गया है।

नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

बलिया। नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये के लेनदेन में धोखाधड़ी के मामले में कोतवाली पुलिस ने बुधवार की रात एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने के लिए रवाना कर दिया। पुलिस के अनुसार, कोतवाली थाने में दर्ज मुकदमा के तहत आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान महिला उपनिरीक्षक कीर्ति त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ कदम चौराहा पर क्षेत्र की निगरानी कर रही थीं। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि मुकदमे में वांछित आरोपी सतीशचंद्र कालेज चौराहा के पास खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसकी पहचान संजय कुमार पांडेय (42) पुत्र स्व. श्रीधर पांडेय, निवासी जमुआ, थाना कोतवाली के रूप में हुई।

एनएचएम संविदा कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार

छह सूत्रीय मांगों को लेकर सीएमओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन



बलिया। एनएचएम संविदा कर्मचारी 8, 9 और 10 अक्टूबर को तीन दिवसीय कार्य बहिष्कार करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन करेंगे। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि एनएचएम संविदा कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं, अभियानों और सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद लंबे समय से सेवा सुरक्षा, वेतन, चिकित्सा सुविधा और भविष्य से जुड़ी समस्याओं का अपेक्षित समाधान नहीं हो सका है। इसी के चलते कर्मचारियों ने तीन दिवसीय कार्य बहिष्कार और धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया है। संघ की ओर से आयोजित आंदोलन को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ तथा प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ उत्तर प्रदेश समेत अन्य कर्मचारी संगठनों का सहयोग मिलने की बात कही गई है। पदाधिकारियों का कहना है कि संविदा कर्मचारियों की मांगें उनके सम्मान, सेवा सुरक्षा और भविष्य से जुड़ी हैं। कर्मचारी संगठनों के सहयोग से आंदोलन को मजबूती मिली है। प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, समान कार्य-समान वेतन, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, महंगाई भत्ता आदि है। हिमांशु सिंह, मिथिलेश गिरी, संजय यादव, आशुतोष सिंह, शैलेश श्रीवास्तव, सचिन गुप्ता, वेद प्रकाश पांडेय, अनिल कुमार यादव आदि रहे।

चोरी का ई-रिक्शा बरामद, युवक गिरफ्तार, बिहार जा रहा था आरोपी

बैरिया (बलिया)। बैरिया पुलिस ने चोरी के ई-रिक्शा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया, जबकि एक बाल अपचारी को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार दोनों चोरी किए गए ई-रिक्शा को बिहार ले जाकर बेचने की तैयारी में थे। बरामद ई-रिक्शा की पहचान उसके स्वामी ने कर ली है। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि वादी आकाश कुमार मौर्य निवासी मिर्जापुर सब्जी मंडी ने पुलिस को सूचना दी कि चोरी का ई-रिक्शा लेकर संदिग्ध ग्रीनफील्ड रोड ठेकहा के पास मौजूद हैं और बिहार जाने की तैयारी में हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही ई-रिक्शा सवार दोनों लोग वाहन छोड़कर भागने लगे, जिन्हें पीछा कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में एक ने अपना नाम निरंजन नट निवासी दलपतपुर, थाना बैरिया बताया। दूसरे की उम्र 16 वर्ष होने के कारण उसे बाल अपचारी बताया गया। वादी ने मौके पर ई-रिक्शा की पहचान अपने वाहन के रूप में की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उक्त ई-रिक्शा सात अक्टूबर को मिर्जापुर मंडी से चोरी हुआ था। इस संबंध में बैरिया थाने में मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में दोनों ने ई-रिक्शा चोरी कर बिहार ले जाकर बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया, जबकि बाल अपचारी के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

पूर्व मंत्री के ब्रह्मभोज में आज जनपद आयेंगे अखिलेश यादव

शिवपाल यादव, माता प्रसाद पाण्डेय और आप सांसद संजय सिंह देंगे श्रद्धांजलि

सिकंदरपुर (बलिया)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शुक्रवार को सिकंदरपुर तहसील क्षेत्र के गोसाईपुर गांव पहुंचेंगे। वह पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री स्व. रामगोविंद चौधरी की तेरहवीं में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उनके आगमन को लेकर तैयारियां तेज हैं और सपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों में उत्साह है। जानकारी के अनुसार, अखिलेश यादव हेलीकॉप्टर से चेतन किशोर में बनाए जा रहे हेलीपैड पर उतरेंगे। वहां से वह स्व. रामगोविंद चौधरी के पैतृक आवास गोसाईपुर जाएंगे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात करेंगे। बताया जा रहा है कि वह करीब 45 मिनट तक गांव में रहेंगे। वहीं कार्यक्रम में पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह समेत अन्य नेताओं के कार्यक्रम में शामिल होने की जानकारी है। पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए कार्यक्रम स्थल और हेलीपैड के आसपास सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां की जा रही हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

दिव्यांग बुजुर्ग को मिला ट्राई साइकिल, आयुष्मान कार्ड

बलिया। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर दिव्यांगजन की समस्या का तत्काल समाधान करते हुए उन्हें सहायक उपकरण और स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिलाया गया। जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे ने ग्राम जापलिनगंज, बलिया निवासी 70 वर्षीय दिव्यांग लक्ष्मण प्रसाद को ट्राई साइकिल वितरित की। इसके साथ ही उन्हें आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किया गया। ट्राई साइकिल मिलने से लक्ष्मण प्रसाद को आवागमन में सुविधा होगी और उन्हें दैनिक कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। वहीं आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उन्हें पात्रता के अनुसार स्वास्थ्य उपचार की सुविधा का लाभ मिल सकेगा। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों और जरूरतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन की ओर से दिव्यांगजन को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया।

जेपी के आदर्शों को जीवन में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि

पुण्यतिथि पर बोले पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त

बैरिया (बलिया)। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 48वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को सिताबदियारा के लाला टोला स्थित जयप्रभा राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण ने अपना पूरा जीवन लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक सरोकार और आमजन के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया।उनके विचार और संघर्ष आज भी समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं। जेपी के आदर्शों को आत्मसात कर उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि सिताबदियारा की धरती लोकनायक जयप्रकाश नारायण के संघर्ष और विचारों की साक्षी रही है। यहां प्रत्येक वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर लोग एकत्र होकर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हैं। उपस्थित लोगों ने भी जेपी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुरली छपरा के ब्लाक प्रमुख कन्हैया सिंह, पूर्व प्रमुख अनिरुद्ध यादव, मनोज सिंह, बब्लू राम, दुर्गविजय सिंह'झलन,'राजेश सिंह आदि उपस्थित रहे। लोगों ने लोकनायक के चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

समाजवाद को नयी पीढ़ी से जोड़ने निकली 'संवेदना संवाद यात्रा' पहुंची बलिया

बलिया। समाजवादी विचारधारा को नई पीढ़ी से जोड़ने के उद्देश्य से निकली 'संवेदना संवाद यात्रा' बलिया में वैचारिक संवाद के महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंची। 'एन आइडिया ऑफ जेनजी समाजवाद' की अवधारणा के साथ 12 सितंबर को समस्तीपुर के कर्पूरीग्राम से शुरू हुई 30 दिवसीय पदयात्रा के दौरान यात्रा के संयोजक संजय दिव्यदृष्टि ने 35 किलोमीटर की पदयात्रा कर सोबईबांध पहुंचकर समाजवादी विचारक और लोकतंत्र सेनानी द्विजेंद्र मिश्र से मुलाकात की। यात्रा का समापन 12 अक्टूबर को अंबेडकरनगर के अकबरपुर में प्रस्तावित है। इसे डॉ. राममनोहर लोहिया की जन्मभूमि के रूप में जाना जाता है।

आरिफा उत्साही के प्रथम आगमन पर कांग्रेसियों ने किया स्वागत

बलिया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग की संयोजक एवं पूर्वांचल जोन प्रभारी आरिफा उत्साही के प्रथम आगमन पर बुधवार को



जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की ओर से उनका स्वागत किया गया। इस दौरान आयोजित संगठनात्मक बैठक में अल्पसंख्यक विभाग के संगठन को मजबूत करने, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश में अल्पसंख्यक विभाग के संगठनात्मक पुनर्गठन के साथ-साथ आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर विभाग की भूमिका पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में राष्ट्रीय चेयरमैन अल्पसंख्यक विभाग एवं सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देशों के अनुरूप संगठन को सक्रिय एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में आसिम सिद्दकी, आरिफ खान, मसूद अंसारी, अबुल फैज़, सलमान खान, इस्लाह रहमान, अजीम अंसारी, राशिद कमाल, मज़हर आज़मी, अकबर अली, अशफाक अहमद, रियाज़ अहमद, आफताब खान, अब्दुल रहमान, मनसफ़ अली, अफाक खान, नासीर खान आदि मौजूद रहे।

गंगा सफाई की कागजी कसरत से गंगा भी हैरान

बलिया। गंगा का वैभव छीनकर सामाजिक समृद्धि की कल्पना कोरी नादानी है। गंगा सफाई की कागजी कसरत से गंगा भी हैरान है। गंगा मुक्ति अभियान के २२वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर आगामी १६ अक्टूबर को भृगु मंदिर से शंखनाद कर अभियान को धार दी जाएगी। उक्त बातें महावीर घाट के संकटमोचन मंदिर परिसर में अभियान की मासिक बैठक में प्रणेता रमाशंकर तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि तीन दशक में गंगा पर जितनी बात हुई सफाई पर उतना काम नहीं हुआ। सतर्क किया कि प्रवाहहीन गंगा नवंबर से जून तक सूख जाती है। यह भी प्रदूषण के लिए असहज स्थिति पैदा करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा.कमलाकर तिवारी व संचालन विनय पांडेय ने किया। इस अवसर पर डा.हरेंद्र यादव, गोरख पांडेय, मोहन, जयराम, सुरेंद्र शाह आदि मौजूद रहे।

मकान में छिपाकर रखे थे छह लाख के पटाखे, एक गिरफ्तार

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना पुलिस ने अवैध रूप से पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चौकिया मोड़ स्थित एक मकान से करीब छह लाख रुपये कीमत के पटाखे बरामद किए हैं। पटाखों को मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने मौके से मकान मालिक मुकुल मद्धेशिया को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका भाई दुर्गेश मद्धेशिया पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि चौकिया मोड़ के पास एक मकान में बड़ी मात्रा में पटाखों का अवैध भंडारण किया गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस, सर्विलांस और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। तहसीलदार बेल्थरारोड राजीव कुमार की मौजूदगी में मकान की तलाशी ली गई। दूसरी मंजिल के कमरे में बड़ी संख्या में कार्टन रखे मिले। जांच करने पर उनमें विभिन्न प्रकार के पटाखे भरे पाए गए। पुलिस ने करीब 120 कार्टन पटाखों को कब्जे में लेकर सुरक्षित तरीके से मकान से बाहर निकलवाया और थाने परिसर में पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक इनकी अनुमानित कीमत करीब छह लाख रुपये है। पूछताछ में मुकुल मद्धेशिया ने पुलिस को बताया कि वह और उसका भाई बाहर से पटाखे मंगवाकर त्योहारों के दौरान उनकी बिक्री करते थे।

दो पिकअप से आठ गोवंश बरामद, दो गिरफ्तार

बैरिया (बलिया)। बैरिया पुलिस ने गुरुवार को चांददियर चौकी के पास घेराबंदी कर दो पिकअप वाहनों से आठ गोवंश बरामद कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। दोनों वाहनों में चार गाय और चार बछड़े ठूंस-ठूंसकर लादे गए थे। कार्रवाई के दौरान दो अन्य आरोपित पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों पिकअप को सीज कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि चांददियर चौकी प्रभारी आशुतोष मद्धेशिया पुलिस टीम के साथ चौक के पास क्षेत्र भ्रमण और अपराध की रोकथाम के लिए मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो पिकअप में गोवंश लादकर बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर वाहनों को रोकने का प्रयास किया। बैरिया की ओर से आ रहे दोनों पिकअप को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो चालक वाहनों को पीछे मोड़कर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दो लोगों को पकड़ लिया, जबकि दो अन्य मौके से फरार हो गए। पकड़े गए आरोपितों की पहचान मनीष यादव और सोनू यादव, निवासी बगही थाना गड़वार के रूप में हुई। तलाशी के दौरान दोनों पिकअप में दो-दो गाय और दो-दो बछड़े मिले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों वाहनों के आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके। दोनों पिकअप को सीज कर दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है।

दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव निवासी 22 वर्षीय महफुज पुत्र मोहम्मद नसीर की बुधवार की देर शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा मऊ जनपद के रामपुर थाना क्षेत्र स्थित कमल सागर मोड़ के पास देर रात करीब आठ बजे हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि महफुज अपने मामा के लड़के के जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। इसी दौरान कमल सागर मोड़ के पास मधुबन की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि महफुज के सिर में गंभीर चोट लग गई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना पर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
बचत के सितारे दोस्त हमारे
जागरुकता!
ये उत्पाद बीईई के ऊर्जा दक्षता मानकों को पूरा करने में असफल पाए गए हैं।
उत्पाद : UHD TV
ब्रांड : Hisense
मॉडल : 50E7Q
Indicative Image
Annual Energy Consumption (kWh/Year) 140.16*
POWER SAVINGS GUIDE
असफल
उत्पाद : LED LIGHT
ब्रांड : corvi
मॉडल : B220630
Indicative Image
POWER SAVINGS GUIDE
असफल
ऊर्जा रेटिंग और लेबल की वैधता www.beestarlabel.com पर सत्यापित करें
*यह नोटिस ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के विनियमों के प्रावधानों के अनुपालन में प्रदर्शन और लेबल की वैधता के सम्बन्ध में जारी किया गया है।
अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें
ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय,
चौथा तल, सेवा भवन, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली–110066 (भारत),
/www.beeindia.gov.in /beeindiadigital BEE@25
CBC 34106/11/0009/2627

बिजली के खम्भे से टकराकर युवक की मौत

शिवपुर में घटना

शिवपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गयी। यह हादसा नटीनिया दाई बाईपास रोड पर द रॉयल लॉन के सामने हुआ, जहां एक युवक बिजली के पोल से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।मृतक की पहचान मोहम्मद राशिद पुत्र मोहम्मद जहीर, निवासी अकबरपुर टांडा के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बताया जा रहा है कि नटीनिया दाई बाईपास रोड पर 'द रॉयल लॉन' के सामने युवक का वाहन बिजली के खम्भे से जा टकराया। टक्कर इतनी गंभीर थी कि युवक को गंभीर चोटें आयीं। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उसकी जान नहीं बचायी जा सकी। युवक की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिवपुर मॉर्चरी भेज दिया।

पुलिसकर्मियों को आवंटित २६ सरकारी आवास निरस्त, प्रभारी बदलते ही बदला फैसला

कमिश्नरेट के पुलिसकर्मियों को हाल में आवंटित २६ सरकारी आवास कुछ ही दिनों में निरस्त किये जाने का मामला चर्चा में है। पुलिसकर्मियों के बीच इसे लेकर नाराजगी भी बतायी जा रही है। उनका कहना है कि अधिकारियों के तबादले और प्रभार बदलने के बीच आवास आवंटन एवं निरस्तीकरण को लेकर महकमे में असमंजस की स्थिति बनी है। पुलिस लाइन में नवनिर्मित आवास पुलिसकर्मियों को आवंटित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में कुल २६ पुलिसकर्मियों को आवास दिया जाना था और हाल ही में सभी २६ आवास आवंटित भी कर दिए गये थे। बताया जा रहा है कि प्रभारी बदलने के साथ ही अचानक सभी आवंटन निरस्त कर दिए गये। आवास आवंटन और उसके बाद निरस्तीकरण को लेकर पुलिसकर्मियों में चर्चा है। उनका कहना है कि एक अधिकारी की ओर से आवंटन किये जाने के बाद दूसरे अधिकारी के स्तर से कुछ ही दिनों में निरस्तीकरण किये जाने से कर्मचारियों में नाराजगी है। पुलिसकर्मियों का यह भी कहना है कि अधिकारियों के तबादले के दौरान इस तरह के फैसले महकमे में नकारात्मक संदेश दे रहे हैं।

रुपये मांगने पर देवर ने दंपती को पीटा, जान से मारने की धमकी का आरोप

सेवापुरी। जंसा थाना क्षेत्र के दिनदासपुर गांव निवासी काजल पत्नी विशाल यादव ने अपने देवर पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। काजल के अनुसार उन्होंने अपने देवर विवेक यादव को पैसे दिए थे। आरोप है कि जब उन्होंने अपने २२ हजार वापस मांगे, तो विवेक यादव गाली-गलौज करते हुए उनके और उनके पति विशाल यादव के साथ मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान विशाल यादव के सिर में गंभीर चोट लगने की बात बतायी गयी है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उन्हें और उनके पति को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़िता ने गुरुवार सुबह करीब १० बजे जंसा थाने में शिकायत दर्ज करायी। मामले में जंसा थानाध्यक्ष सत्यजीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

महेशपुर गेट के पास जेसीबी से टूटा बिजली का तार, मजदूर घायल

मंडुवाडीह क्षेत्र के महेशपुर गेट के पास सरकारी नाले की खुदाई के दौरान जेसीबी की चपेट में आने से ऊपर से निकला बिजली का तार टूटकर नीचे काम कर रहे दो मजदूरों पर गिर गया। हादसे में एक मजदूर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, महेशपुर गेट के पास सरकारी नाले की खुदाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान जेसीबी से खुदाई करते समय ऊपर निकली लाइट का एक तार टूट गया और नीचे कार्य कर रहे मजदूरों पर जा गिरा। हादसे में अशोक पुत्र योगेंद्र पंडित (३२ वर्ष), निवासी वर्षाड़, गुजरात मामूली रूप से घायल हुए। बताया गया कि घायल मजदूर ने स्वयं ही प्राथमिक उपचार कराया और इसके बाद वापस अपने कार्य पर लौट आया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और टूटे हुए तार की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया। घटना के बाद मौके पर स्थिति सामान्य है।

गजट प्रकाशन का प्रारूप
न्यायालय सब जज प्रथम
मोकाम- बक्सर
मो.नं.- 685 सन् 2024 नम्बरी
संजीव कुमार ------------- वादी
बनाम
राम निवाज चौधरी वगैरह ---------
--------------------- प्रतिवादी

नोटिस बनाम:-पुष्पा देवी, पिता- सुरेश सिंह, साकिन- जगदीशपुर, थाना- भांवरकोल, जिला-गाजीपुर, (उ.प्र.)
चूँ बजरिये इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि वादी आपके खिलाफ मेरे न्यायालय में नम्बरी वाद दाखिल किया है। न्यायालय द्वारा दोनों माध्यम से नोटिस भेजने के बावजूद भी आप उपरोक्त वाद में जानबूझकर हाजिर नहीं हो रहे है।
अत: आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-15-10-2026 को समय 10.30 बजे हाजिर होकर उचित पैरवी करें। अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाई कर दी जाएगी।
इसे सख्त ताकिद समझें
मेरे हस्ताक्षर व मुहर के साथ जारी किया गया।
न्यायालय सब जज प्रथम
सिविल कोर्ट, बक्सर

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड
Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय :ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072
वाराणसी 2 शाखा: बाबा अमर नाथ कॉम्प्लेक्स, दूसरी मंजिल, प्लाट नं. 16, अराजी नं. 107, 108 एवं 110, मौजा पहाड़िया, वार्ड - सारनाथ परगना शिवपुर, जिला वाराणसी - 221001 (उत्तर प्रदेश)

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतु)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ता राशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे हैं, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ संपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

क्रं	ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकता (ओ)(शाखा का नाम)	धरोहर संपति विवरण (अचल संपति)	मांग सूचना का दिनांक एवं राशि	आधिपत्य की दिनांक
1	(लोन कोड नं. 31310000496 / वाराणसी 2 शाखा) श्याम सुंदर वर्मा (ऋणी) उर्मिला देवी (सह-ऋणी)	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, अरजी नंबर 340, क्षेत्रफल 1700 वर्ग फुट मौजा कोहांसी स्थित, परगना कटेहर, तहसील सदर, जिला वाराणसी उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - अरजी का भाग, पश्चिम - अरजी का भाग, उत्तर - अरजी का भाग, दक्षिण - 10 फुट चौड़ी पक्की सडक	14-04-2026 & ₹ 11,26,535/-	07-10-2026

स्थान : उत्तर प्रदेश
दिनांक : 09.10.2026
प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, चकिया-चन्दौली

पत्रांक-796/लेखा./मु.सा.वि.यो./2026-27 दिनांक-08.10.2026

अल्प कालीन निविदा

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन दिनांक 17.10.2026 को विकास खण्ड परिसर में होना है, जिसमें बैठने, लंच साज-सजावट इत्यादि व्यवस्था हेतु प्रति जोडा रू. 15000.00 की धनराशि अनुमन्य है। इच्छुक पंजीकृत फर्म दिनांक 09.10.2026 से 13.10.2026 के मध्य कार्यालय अवधि में अपनी जैम पोर्टल पर पंजीकृत/आवेदन कर सकते है। निविदा उसी दिन अर्थात दिनांक 13.10.2026 को कार्यालय विकास खण्ड द्वारा गठित समिति के मध्य स्वीकृत किया जायेगा।

नियम व शर्तें-
1. किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा।
2. बिना कारण बताये निविदा/अनुबन्ध समाप्त किया जा सकता है।
3. फर्म का आयकर, पैन न. एवं टीन न. अनिवार्य है।
4. सम्बन्धित फर्म का विकास खण्ड के किसी कार्मिक से कोई सम्बन्धि नही होना चाहिए।
5. स्वीकृत फर्म को रू. 10000.00 की एन.एस.ई./एफ.डी.आर. जो खण्ड विकास अधिकारी, चकिया के पक्ष में बंधक हो, जमा करना अनिवार्य है।
6. जोड़ो की संख्या घट-बढ़ सकती है।
7. किसी भी वाद का निस्तारण जनपद एवं सत्र न्यायालय चन्दौली में होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
चकिया चन्दौली

कार्यालय ग्राम पंचायत बनमहरी विकास खण्ड-म्योरपुर सोनभद्र

पत्रांक-मेमो/सा.आ./2026-27 दिनांक-08.10.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बनमहरी विकास खण्ड म्योरपुर सोनभद्र में विगत वर्ष के सभी अधूरे कार्य एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु वीबीजीरामजी / राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग/एस.एल.डब्लू.एम./आर.जी.एस.ए. मद./ अन्त्येष्टि स्थल/ एवं अन्य शासकीय योजना के अर्न्तगत यूनिट स्थापना / निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है यथा ईट, गिट्टी, बालू, सीमेंट, सरिया, बोल्डर, मोरम, स्टोनडस्ट तथा स्वच्छता, पेयजल एवं कायाकल्प आदि। अतः आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्म/ आपूर्तिकर्ता अपनी निविदा की दर प्रस्तुत कर सकते हैं।
नोट-निर्माण सामग्री आपूर्ति के अतिरिक्त अन्य कार्य जैसे 1. बोरिंग कार्य 2. स्ट्रीटलाईट/ सोलरलाईट /सोलरपंप स्थापना कार्य 3. कूड़ा गाड़ी क्रय 4. बोरिंग कार्य 5. हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री आदि हेतु इच्छुक फर्म/आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीयन में सामग्री आपूर्ति का विवरण होना अनिवार्य है। निविदा अनुसूची निम्नवत है-

1. कार्य की अनुमानित लागत	विभिन्न कार्यो के लिए जी.एस.टी. व अन्य कर सहित प्राक्कलन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत।
2. आपूर्ति की अवधि	वित्तीय वर्ष 2026-27
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य	1000.00 रूपये नकद निर्माण सामग्री एवं अन्य कार्य हेतु पृथक-पृथक
4. निविदा फार्म बिक्री/जमा करने की तिथि समय व स्थान	दिनांक-09.10.2026 से 15.10.2026 तक पूर्वा. 10 बजे से अप्रा. 01 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर।
5. निविदा खुलने की तिथि व समय व स्थान	दिनांक 16.10.2026 को पूर्वा/अप. 2.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर।
6. जमानत हेतु धरोहर की धनराशि	सामग्री आपूर्ति फर्म को किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से रूपये 50,000.00 (पंचास हजार) का एफ.डी. जो कि ग्राम पंचायत के नाम से बंधक कराकर निविदा फर्म के साथ जमा करना अनिवार्य होगा एवं अन्य कार्य हेतु 10000.00 का एफ.डी.

नोट-1. निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय भी पर चस्पा है जिसे आप प्रशासक/सचिव से उल्लिखित समय पर किसी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

प्रशासक/सचिव,
ग्राम पंयायत बनमहरी,
म्योरपुर सोनभद्र।

सूचना निर्वाचन कार्यक्रम

समिति, हीरालाल स्मारक इण्टर कालेज, भरौली, आजमगढ़, कोयलसा, तह0-बूढ़नपुर, आजमगढ़, के प्रबन्ध समिति का निर्वाचन कार्यक्रम विवरण-कार्यक्रम का विवरण 1.नामांकन पत्र प्राप्त करना दिनांक 24.10.2026 समय पूर्वान्ह 10 बजे से 11 बजे तक 2. नामांकन पत्र दाखिल करना दिनांक 24.10.2026 समय पूर्वान्ह 11 बजे से 12 बजे तक 3. नामांकन पत्र की जांच दिनांक 24.10.2026 समय मध्याम 12 बजे से अपर्रान्ह 12.30 बजे तक 4. नामांकन पत्र की वापसी दिनांक 24.10.2026 समय अपरान्ह 12.30 से 1.00 बजे तक 5.बैध नामांकन पत्रों के प्रत्याशियों की पदवार सूची का प्रकाशन दिनांक 24.10.2026 समय अपर्रान्ह 1.00 बजे से 1.30 बजे अप्रान्ह तक 6. मतदान दिनांक 24.10.2026 समय अप्रान्ह 1.30 बजे से शाम 3.30 बजे तक 7. मतगणना व निर्वाचन परिणाम की घोषणा दिनांक 24.10.2026 समय शाम 3.30 बजे से परिणाम जारी होने तक **निर्वाचन केन्द्र- कार्यालय वित्तीय परामर्शदाता जिला पंचायत नेहरू हाल आजमगढ़,**
रिजवान अहमद
निर्वाचन अधिकारी/वित्तीय परामर्शदाता, जिला पंचायत आजमगढ़

कार्यालय : ग्राम पंचायत मलसा, विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा प्रकाशन की तिथि 08 अक्टूबर 2026 और निविदा खुलने की तिथि 14 अक्टूबर 2026 समय 02:00 बजे अपराह्, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है।
1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग-अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.- एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत-प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का ॥ हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

कृपेश कुमार
सचिव
मो.नं.
गीता
ग्राम प्रशासक

कार्यालय उप निदेशक (वि/यां) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.
नवीन मण्डी स्थल, पहड़िया, वाराणसी

पत्रांक: वि०/ यॉ०/वारा/निविदा/2026 - 14-99 दिनांक 07.10. 2026

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

कार्यालय पत्रांक: 1454 दिनांक 20.08.2026 पत्रांक 1470 दिनांक 15.09. 2026 एवं शुद्धि पत्र संख्या-- 1489 दिनांक 26.09. 2026 के माध्यम से विद्युत / यांत्रिक कार्यो हेतु क्रमश: दिनांक 11.09.2026. दिनांक 30.09.2026 एवं दिनांक 06.10.2026 को ई-निविदायें आमंत्रित की गयी थी। उक्त तिथि को मण्डी स्थल गोठा/दोहरीघाट), मुंगराबादशाहपुर मऊ (कोपागंज) एवं वाराणसी में कोई भी निविदाएँ प्राप्त न होने के कारण इन कार्यो की निविदाएँ वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारों / सरकारी विभाग PWD, RED UPRNN एवं UPPCL में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों से Two Bid System के माध्यम से ! पुन: दिनांक 16.10.2026 को अपराहन 12:30 बजे आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 15.102026 की अपराह्न 05:00 बजे तक डाउनलोड करते हुए अपलोड किए जा सकते है, शेष नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी।
Gontha (Doharighat) Tender ID)-2026-RKUMP 1178432-13
MungrabadShahpur Tender ID 2026 RKUMP 11784-32-14-
Mau(kopaganj), Tender ID - 2026 RKUMP 11784-32-15
Varanasi Tender ID- 2026 RKUMP 1178432-16

उपनिदेशक निर्माण / (वि./यॉ.)
मण्डी परिषद, वाराणसी

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक-4382(ii)/निविदा (नि0ख0मऊ)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक-03.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद मऊ में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तो का भली-भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरण:-

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करनें की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)									
1	मऊ	जनपद मऊ में दोहरीघाट मुख्य नहर की पटरी मार्ग से चवाईपार नहर की पटरी मार्ग (अ0जि0मा0) चैनेज-0.000 से चैनेज-19.150 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (2856.64) + अनुरक्षण (71.42) कुल लागत 2928.06	43.93	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 5590. 00	12 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0,मऊ	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-24.10.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-31.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि-31.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-31.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(राकेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,मऊ
उ.प्र.-257703, दिनांक-07.10.2026
(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया
वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गाजीपुर

पत्रांक-1604/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रावली/अनु0सहायक/2026-27/दिनांक: 23.09.2026

प्रेस विज्ञप्ति
द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहर बन्द निविदाएं प्रतिशत दर में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 में श्रेणी ए0,बी0,सी0 डी0 एवं ई0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यों के लिए निविदा डाल सकता है।

2. विधायक निधि

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	कार्य पूर्ण करनें का समय	निविदा प्राप्त करनें का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी कार्यालय का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	वि0ख0 मरदह ग्राम सभा रसूलाबाद (किशुनपुर गोपाल) में मुन्नी के घर से मोनू के घर की तरफ इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	7.746	0.1549	3 माह	150+500 (स्टे0) +18% (GST)	ग्रा0अ0वि0, गाजीपुर।	अधी0अभि0, ग्रा0अ0वि0, परि0-वाराणसी।	जिलाधिकारी, गाजीपुर।
2	वि0ख0 मरदह ग्राम सभा पृथ्वीपुर मोतीचन्द के घर से सुलेमापुर दलित बस्ती के सरहद तक मि0ख0 निर्माण काय्र।	3.602	0.0720	3 माह	150+500 (स्टे0) +18% (GST)			
3	वि0ख0 सदर ग्राम सभा लावा में शाह आलम के घर से निल गोदाम के आगे तक मि0ख0 निर्माण कार्य।	3.212	0.0642	3 माह	150+500 (स्टे0) +18% (GST)			
4	वि0ख0 बिरनों ग्राम सभा लहुरापुर में नहर से चन्दन यादव के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	4.025	0.0805	3 माह	150+500 (स्टे0) +18% (GST)			
5	ग्राम सभा ससना में मौधिया पिच रोड से बनगावा पोखरी तक पक्की नाली निर्माण कार्य।	5.085	0.1017	3 माह	150+500 (स्टे0) +18% (GST)			
6	वि0ख0 सदर ग्राम पंचायत बेलवा में मंगला यादव के घर से रामअधार के घर तक पिच रोड तक मि0ख0 निर्माण कार्य।	2.746	0.0549	3 माह	150+500 (स्टे0) +18% (GST)			

3. निविदा की विक्रय दिनांक 12.10.2026 से दिनांक 23.10.2026 तक की जायेगी।
4. निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं स्थान 24.10.2026 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गाजीपुर।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 24.10.2026 को अपराह्न 3:00 बजे।
6. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गाजीपुर से निविदा से संबंधित समस्त विवरण, विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डाक्यूमेंट देखे जा सकते है।

उ.प्र.-257722
दिनांक-07.10.2026
(पुनीत कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-गाजीपुर।
वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

वर्गीकृत विज्ञापन
आज

सूचना

सूचना- मेरा हाईस्कूल सन 2005 अनुक्रमांक नंबर 2588740 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **भरत लाल** पुत्र पारस राम ग्राम कटौली पोस्ट लेदिहा जिला गाजीपुर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि VISHWAKARMA AMAN BHIM को अब से **AMAN BHIM VISHWAKARMA** S/O BHEEM VISHWAKARMA के नाम से जाना पहचाना जाये पता KHASDIH, KAVRA GAHANI, DIDARGANJ, AZAMGARH, UP.

सूचना-मैं प्रार्थी भूतपूर्व सैनिक रैंक नव 6358923A रैंक Ex Ssep (HONYNK) SARAJU ग्राम सोनबरसा उर्फ कासिमाबाद, पोस्ट -कासिमाबाद तहसील कासिमाबाद (मोहम्मदाबाद) जिला है गाजीपुर उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हूँ मैंने अपने पत्नी का भूलवंश रिकार्ड में शारदा (SARADHA) जन्मतिथि 01-05-1953 है, दर्ज करा दिया है जो गलत है, सही नाम **शारदा चौहान (SHARDA CHAUHAN)** जन्मतिथि 01-01-1948 जिसे मेरे रिकार्ड में अभिलेख मे दर्ज करने की कृपा करे।

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा कनिष्ठ पुत्र सीयाराम दिनांक 27.07.2005 से मेरे कहने में नही है, वह अलग रहता है उसके द्वारा किये गये कोई कार्य व लेन-देन की जिम्मेदारी मेरी या परिवार की नही होगी। उसकी स्वयं की होगी। **फेकनी देवी,** पत्नी स्व. पुरूषोत्तम प्रसाद ग्राम सीरगोवर्धनपुर, बी.एच.यू., थाना लंका, वाराणसी।

सूचना: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 3435390 का अंक पत्र, व मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **शिखा सिंह** पुत्री सुनील कुमार सिंह ग्राम मई, पोस्ट मई, जौनपुर

सूचना- मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम जितेन्द्र कुमार सोनकर (Jitendra Kumar Sonkar) अंकित है जो गलत है मेरा सही नाम (Jitendra Kumar Sonker) है, अत: आधार कार्ड में मेरा सही नाम **(Jitendra Kumar Sonker)** दर्ज किया जाना आवश्यक व न्यायसंगत होगा। **जितेन्द्र कुमार सोनकर** पुत्र स्व. गंगाराम सोनकर निवासी-मौजा रसूलगढ़ पो. रसूलगढ़ थाना-सारनाथ, जिला-वाराणसी

सूचना

सूचना-मेरे आधार में मेरा व पिता का अम्बिका पुत्र रामउग्रह तथा जन्मतिथि 01-01-1988 गलत दर्ज है, जबकि हाईस्कूल प्रमाणपत्र में सही नाम **अमीका सिंह यादव** पुत्र रामउग्रह सिंह यादव व जन्मतिथि 12-07-1994 दर्ज है। अत: आधार में सही विवरण दर्ज किया जाए। निवासी ग्राम व पोस्ट परसा, गाजीपुर।

सूचना-मेरे भाई गुड्डू पटेल पुत्र हरेराम के आर्मी नं0 4299387 के सेवा पुस्तिका अभिलेख पर जन्म तिथि 01/07/2007 लिखा है जो गलत है जबकि मेरा आधार कार्ड के अनुसार जन्म तिथि 25/07/2008 सही है जो दर्ज करना अनिवार्य है। **नमन पटेल** पुत्र हरेराम ग्राम सुखडेहरी कलां भावरकोल मु0बाद गाजीपुर

सूचना-सूचित किया जाता है RAI ANAND BAIJNATH को अबसे **ANAND RAI S/O BAIJNATH RAI** के नाम जाना पहचाना जाये पता KANERI, PHOOLPUR, AZAMGARH, up

सूचना-मेरे आधारकार्ड में भूलवश मेरा नाम सुफियान व जन्मतिथि - 07-08-2006 दर्ज है जो गलत है जबकि मेरे हाईस्कूल के शैक्षिक अभिलेख में मेरा सही नाम सोफियान शाह व जन्मतिथि - 07-08-2008 है। जिसे मेरे आधारकार्ड में सही किया जाना न्यायसंगत है। **सोफियान शाह** पुत्र शहाबुद्दीन ग्राम - वीरभान पोस्ट व थाना - बहरियाबाद जिला - गाजीपुर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है के मेरे पालिसी बाण्ड सं0-296588504 में मेरा नाम हवलदार राम अंकित है हवलदार राम व हेमन्त कुमार दोनों नाम मेरा ही है मुझे **हेमन्त कुमार** पुत्र सुखदेव राम ग्राम व पो0- लहुवांकला थाना- देवगांव तह0-लालगंज आजमगढ़ के नाम से जाना पहचाना जाय।

सूचना-सूचित किया जाता है कि श्वेता जायसवाल पुत्री संतोष जायसवाल MBBS UPMC PERMANENT REGISTRATION CERTIFICATE शैक्षिक प्रमाण पत्र सं0 (MBBS UPMC रजिस्ट्रेशन 68774/31/07/2014) वास्तव में खो गया है। **डॉ0 श्वेता जायसवाल** पत्नी राजेश जायसवाल ,पता-मण्डलीय जिला चिकित्सालय, टाइप-3,रूम नं0-3 चिकित्सक आवास निकट ट्रामा सेंटर, आजमगढ़, 276001

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबन्धक

कार्यालय : ग्राम पंचायत ज्ञानपुर, विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यो के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा प्रकाशन की तिथि 08 अक्टूबर 2026 और निविदा खुलने की तिथि 14 अक्टूबर 2026 समय 02:00 बजे अपराह्, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है।
1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग-अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.- एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत-प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का ॥ हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

राधेश्याम यादव
सचिव
मो.नं.-8604300819
कमलेश सिंह यादव
ग्राम प्रशासक

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक-4383(i)/निविदा (प्रा0ख0मऊ)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक-03.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद मऊ में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तो का भली-भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरण:-

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करनें की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण के कार्य स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)									
1	मऊ	जनपद मऊ में हलधरपुर गहनी गहना (चैनेज 0.00 से 4.800 कि0मी0) मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (723.83) + अनुरक्षण (18.60) कुल लागत 742.43	14.85	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 5590.00	10 माह वर्षा ऋतु सहित	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0 वि0,मऊ	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-24.10.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-31.10.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि -31.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-31.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
नोट - निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(सुदामा प्रसाद)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,मऊ
उ.प्र.-257721, दिनांक-07.10.2026
(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया
वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

पोषण अभियान को सिर्फ माह तक सीमित न रखें-डीएम

डीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और अधिकारियों को किया सम्मानित

ज्ञानपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का समापन हुआ। जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पोषण एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई। बेहतर कार्य करने वाली बाल विकास परियोजना अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डीएम ने कहा कि महिलाओं और बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण स्वस्थ समाज की आधारशिला है। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, मुख्य सेविकाओं और सीडीपीओ द्वारा जमीनी स्तर पर किए जा रहे प्रयास महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान को केवल एक माह तक सीमित न रखते हुए लगातार प्रभावी ढंग से चलाया



जाए। उन्होंने कुपोषण की रोकथाम, बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार तथा गर्भवती और धात्री महिलाओं को पोषण सेवाओं का लाभ दिलाने में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। पात्र लाभार्थियों को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में 'समर्थ/कस्तूरबा बेटी' कार्यक्रम के तहत चयनित बच्चों के अभिभावकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डीएम ने कहा कि पोषण अभियान की सफलता जनभागीदारी और विभागीय समन्वय से ही संभव है। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक पात्र महिला और बच्चे तक स्वास्थ्य, पोषण एवं देखभाल संबंधी सेवाएं पहुंचाने को कहा। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीडीपीओ, मुख्य सेविकाएं, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां समेत संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

जन्म-मृत्यु पंजीकरण में लापरवाही पर होगी कारवाई, शत-प्रतिशत पंजीकरण का निर्देश

ज्ञानपुर। जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शुभांगी शुक्ला की अध्यक्षता में हुई बैठक में पंचायती राज, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय निकायों की पंजीकरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। एडीएम ने प्रत्येक जन्म और मृत्यु का समयबद्ध एवं नियमानुसार पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सितंबर में जिले में 6,668 जन्म पंजीकृत हुए। इनमें 3,645 पुरुष और 3,023 महिला शामिल हैं। इसी अवधि में 835 मृत्यु पंजीकृत हुईं, जिनमें 537 पुरुष और 298 महिलाएं हैं। चिकित्सा संस्थानों में एमबीएस राजकीय अस्पताल भदोही ने सर्वाधिक 293 जन्म पंजीकरण किए, जबकि नगर निकायों में नगर पालिका परिषद भदोही ने 749 जन्म पंजीकरण दर्ज किए। एडीएम ने सीआरसी पोर्टल पर सक्रिय और निष्क्रिय यूजर आईडी की समीक्षा करते हुए पंजीकरण इकाइयों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग में 699 और चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में 201 यूजर आईडी दर्ज हैं। उन्होंने निष्क्रिय व अनुपयोगी आईडी चिह्नित कर नियमानुसार निष्क्रिय करने तथा शेष आईडी का प्रमाणीकरण कराने को कहा। उन्होंने लंबित एवं विलंबित प्रकरणों का नियमानुसार निस्तारण करते हुए पोर्टल पर सही और पूणज़ प्रविष्टियां दर्ज करने के निर्देश दिए। कहा कि पंजीकरण व्यवस्था में पारदर्शिता, समयबद्धता और सुगमता बनाए रखना सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। पंजीकरण संबंधी जानकारी के लिए डीपीए नारायण सिंह के मोबाइल नंबर 7676316134 पर संपर्क किया जा सकता है।

लंबित संदर्भों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल निर्देशन में आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शुभांगी शुक्ला की अध्यक्षता में आईजीआरएस/ जनसुनवाई संदर्भों के निस्तारण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों, उनके निस्तारण की स्थिति, लंबित संदर्भों तथा शिकायतों के निस्तारण के उपरांत प्राप्त फीडबैक की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में प्रस्तुत आईजीआरएस रिपोर्ट के अनुसार 08 अक्टूबर 2026 तक जनपद में कुल 54,542 संदर्भ प्राप्त हुए, जिनमें से 53,811 संदर्भों का निस्तारण किया जा चुका है, जबकि 730 संदर्भ लंबित हैं। समीक्षा के दौरान विभिन्न स्तरों पर लंबित संदर्भों की स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस एवं हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे,

शिकायतों के निस्तारण के बाद आवेदकों से संपर्क कर फीडबैक प्राप्त करने पर दिया गया विशेष जोर

बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। निस्तारण के उपरांत आवेदक से संपर्क कर उसकी संतुष्टि का फीडबैक भी प्राप्त किया जाए तथा असंतोषजनक फीडबैक वाले प्रकरणों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समीक्षा में 01 से 08 अक्टूबर 2026 तक आईजीआरएस एवं हेल्पलाइन से प्राप्त फीडबैक की भी समीक्षा की गई। इस अवधि में आईजीआरएस के 584 फीडबैक में 312 संतुष्ट एवं 272 असंतुष्ट तथा हेल्पलाइन के 404 फीडबैक में 276 संतुष्ट एवं 128 असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुए। दोनों माध्यमों को मिलाकर संतुष्टि का प्रतिशत 60.87 प्रतिशत रहा। अपर जिलाधिकारी ने असंतोषजनक फीडबैक वाले प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता में सुधार लाया जाए। साथ ही, आवेदकों से संपर्क एवं आवश्यकतानुसार स्थलीय सत्यापन की कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार आवेदकों से संपर्क एवं स्थलीय सत्यापन की समग्र स्थिति में भी सुधार के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने की



आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि किसी भी स्तर पर शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर निस्तारण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा करने और शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनशिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं आईजीआरएस से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।

पेयजल पाइपलाइन लीकेज, गंदा पानी पहुंचने की आशंका

सुरियावां। नगर पंचायत के वार्ड एक अंबेडकर नगर में सुरियावां-अभिया मार्ग की मेन सर्विस रोड पर पेयजल पाइपलाइन में लीकेज होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पाइपलाइन से लगातार पानी रिसने के कारण सड़क पर पानी फैल रहा है। इसी पाइपलाइन से अंबेडकर नगर और रामबाग के उपभोक्ताओं को पेयजल की आपूर्ति की जाती है। वार्डवासियों का कहना है कि जब पेयजल की सप्लाई बंद होती है तो पाइपलाइन में लीकेज के रास्ते गंदा पानी प्रवेश करने की आशंका रहती है। इससे घरों में दूषित पानी पहुंच सकता है और लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है। लोगों ने नगर पंचायत से लीकेज की जांच कराकर तत्काल पाइपलाइन की मरम्मत कराने की मांग की है।

व्यापार मंडल ने हाउस टैक्स और स्मार्ट मीटर के खिलाफ मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने आम जनता और व्यापारियों से जुड़े दो प्रमुख मुद्दों को लेकर शासन को ज्ञापन भेजकर विरोध दर्ज कराया है। व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजकर बढ़े हुए हाउस टैक्स को कम करने तथा जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों पर रोक लगाने की मांग की है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम दास गुप्ता ने कहा कि गृह कर में लगातार बढ़ोतरी से आम जनमानस पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। वहीं, स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर भी लोगों में असंतोष है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले में हस्तक्षेप कर जनहित में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। इसी क्रम में व्यापार मंडल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भी जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजने का निणज्र्य लिया है। इसमें यूपीआई भुगतान पर व्यापारियों से 0.4 प्रतिशत एमडीआर काटे जाने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया गया है। व्यापार मंडल का कहना है कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के बजाय इस तरह का अतिरिक्त शुल्क व्यापारियों पर नया आर्थिक बोझ डालेगा ज्ञापन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष केके गुप्ता, वरिष्ठ महामंत्री शिवशंकर गुप्ता, महामंत्री अनुज बरनवाल, कोषाध्यक्ष विनोद गुप्ता बबलू समेत नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका, सपा का जोरदार प्रदर्शन

ज्ञानपुर। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने गुरुवार को प्रदर्शन करते हुए गांधी पार्क में उनका पुतला दहन किया। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में बालीपुर से गांधी पार्क तक पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने नारेबाजी करते हुए चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता की मांग उठाई। पदयात्रा बालीपुर से शुरू होकर अंबेडकर



पार्क होते हुए गांधी पार्क पहुंची। यहां कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका और उन्हें पद से हटाने की मांग की। पार्टी नेताओं ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव को लेकर सवाल उठ रहे हैं और इस मुद्दे पर सपा अपना विरोध जारी रखेगी। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि पैदल मार्च पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि सपा लोकतांत्रिक अधिकारों और निष्पक्ष चुनाव के मुद्दे पर लगातार आवाज उठाती रहेगी। प्रदर्शन में प्रदेश सचिव हसनैन अंसारी, पूर्व प्रत्याशी अंजनी सरोज, पूर्व विधायक मधुबाला पासी, भदोही विधायक जाहिद बेग, नरेंद्र कुमार बिंद, रुद्रपति दुबे संतोष यादव धमेन्द्र मिश्र पप्पू, कमलेश बिंद समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रदर्शन के चलते शहर में कुछ समय तक राजनीतिक सरगर्मी बनी रही।

महिला को बचाने में गिरा बाइक सवार, घायल

गोपीगंज। कोइरौना थाना क्षेत्र के सूर्यभानपुर निवासी दिनेश चंद यादव (48) गुरुवार को बाइक से दवा लेने गोपीगंज जा रहे थे। बड़ा गांव मोड़ के पास सर्विस लेन पर अचानक एक महिला सड़क पार करने लगी। उसे बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित हो गई और दिनेश चंद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उन्हें शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं। आसपास के लोगों ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने इलाज किया।

तीसरी बार पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष बने सोहन लाल श्रीमाली का स्वागत

गोपीगंज। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष पद पर तीसरी बार जिम्मेदारी मिलने के बाद गुरुवार को गोपीगंज पहुंचे सोहन लाल श्रीमाली का कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। लखनऊ से मिर्जापुर-विंध्याचल जाते समय नगर में पहुंचने पर मंडल अध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल के नेतृत्व में माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र कुमार पुष्पकार के आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में श्रीमाली ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम कर रही है। पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए आयोग का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार जिम्मेदारी देकर सरकार ने उन पर विश्वास जताया है, जिस पर पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को जंगलराज से निजात मिली है। अपराधी या तो प्रदेश छोड़ चुके हैं या जेल में हैं।

यातायात व्यवस्था सुचारु रखना पुलिस की प्राथमिकता

एसपी ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने पर दिया जोर



गोपीगंज। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने गुरुवार को गोपीगंज नगर में तीन पुलिस बूथों का लोकार्पण किया। मिर्जापुर रोड स्थित शहीद तिराहा पर बनाए गए पुलिस बूथ के लोकार्पण के दौरान उन्होंने नगर की यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नो एंट्री व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने और सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का संदेश दिया। एसपी ने कहा कि नगर में यातायात व्यवस्था सुचारु रखना पुलिस की प्राथमिकता है। प्रमुख तिराहों और मार्गों पर जाम की स्थिति न बने, इसके लिए पुलिस को लगातार निगरानी करनी होगी। उन्होंने नो एंट्री के नियमों का उल्लंघन करने वालों और आवागमन में बाधा बनने वाले अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई पर जोर दिया। लोकार्पण कार्यक्रम में यातायात क्षेत्राधिकारी राजीव सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, यातायात प्रभारी राकेश सिंह, अनिल सिंह, नागेंद्र सिंह, अखिलेंद्र सिंह बघेल, नवीन मिश्रा, श्रीकांत जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भोजपुरी गायक राजेश परदेशी ने किया। इसी दौरान सभासद श्याम कुमारी ने एसपी से मुलाकात कर तुलसी टाकीज तिराहे से खड़हट्टी की ओर जाने वाले मार्ग की समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि मार्ग पर रोजाना ठेला-खोमचा लगाए जाने से आवागमन प्रभावित होता है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने और रास्ता बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसपी ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया।

विकास कार्यों की निविदाएं बार-बार निरस्त होने पर उठे सवाल

ज्ञानपुर। नगर पालिका परिषद ज्ञानपुर में विभिन्न विकास कार्यों की निविदाएं बार-बार निरस्त किए जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। सभासदों ने निविदा प्रक्रिया में अनियमितता की आशंका जताते हुए पूरे प्रकरण की जांच कराने की मांग की है। सभासद राकेश कुमार, गुड़िया, श्रीदेवी, जमील अहमद समेत अन्य सभासदों ने अधिशासी अधिकारी को पत्र देकर संबंधित अभिलेखों की जांच कराने का अनुरोध किया है। शिकायत में दीनदयाल योजना के तहत ज्ञान सरोवर के सुंदरीकरण, तिरंगा स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट समेत अन्य विकास कार्यों का उल्लेख किया गया है। सभासदों का आरोप है कि इन कार्यों के लिए निविदा प्रक्रिया अपनाने के बाद उन्हें बार-बार निरस्त किया गया। इससे निविदा में शामिल फर्मों को प्रत्येक बार प्रक्रिया में भाग लेने के बाद निरस्तीकरण की स्थिति का सामना करना पड़ा।

कूड़ा गाड़ी का इंतजार करने के बजाय जला रहे कूड़ा, धुएं से परेशानी

सुरियावां। नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई के बाद एकत्र कूड़े को कूड़ा गाड़ी आने का इंतजार किए बिना जलाए जाने से धुआं फैल रहा है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के पास सफाई कर्मी द्वारा कूड़ा एकत्र किए जाने के बाद कुछ लोगों द्वारा उसे जला दिया गया। इससे आसपास के क्षेत्र में धुआं फैलने से लोगों को परेशानी हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि आबादी और विद्यालय के आसपास कूड़ा जलाने से धुआं वातावरण में फैलता है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। नगर पंचायत प्रशासन से कूड़ा जलाने पर रोक लगाने की मांग की गई है। नगर पंचायत के ईओ सुजीत कुमार ने बताया कि सफाई कर्मी पहले झाड़ू लगाकर कूड़ा एकत्र करते हैं। इसके बाद कूड़ा उठाने के लिए गाड़ी भेजी जाती है। लोगों को कूड़ा गाड़ी का इंतजार करना चाहिए। खुले में कूड़ा जलाना उचित नहीं है।

मुख्य चुनाव आयुक्त को वामपंथी दल ने की हटाने की मांग

भदोही। संयुक्त वामपंथी मोर्चा के बैनर तले गुरुवार को सीपीआई, सीपीआई (एम) सीपीआई (एमएल) व आल इंडिया फारवर्ड ब्लॉक के कार्यकर्ताओं ने विकासखंड कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। जहां मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। सीपीएम के जिला सचिव राजेंद्र प्रसाद कन्नौजिया ने तीन चुनाव आयुक्तों में से दो सदस्यों की विभिन्न अवसरों पर असहमति को नजरअंदाज कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की तानाशाही मानते हुए उनकी कार्यप्रणाली की निंदा की। सीपीआई (एम) जिला सचिव भानसिंह मौर्य ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली ठीक नहीं है, उनको पद से हटाया जाए। इस मौके पर इंद्रदेव पाल, भुलाल पाल, अमृतलाल मौर्य, पंधारी यादव, श्रीराम बिंद, हीरालाल यादव, रामचंद्र पटेल, विनय गौतम व अच्छेलाल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

विंध्याचल मेले को लेकर भारी वाहनों का डायवर्जन, १० से २१ अक्तूबर तक लागू

ज्ञानपुर। शारदीय नवरात्रि के दौरान मीरजापुर के विन्ध्याचल धाम में लगने वाले मेले को देखते हुए भदोही पुलिस ने भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। मेला 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होगा। यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाए रखने के लिए मीरजापुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों का डायवर्जन 10 अक्टूबर की सुबह छह बजे से 21 अक्टूबर की रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगा। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश पर जारी व्यवस्था के तहत गोपीगंज-मीरजापुर तिराहे से मीरजापुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को जीटी रोड से वाराणसी की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। प्रयागराज और ज्ञानपुर की ओर से आने वाले वाहनों पर भी यह व्यवस्था लागू रहेगी। इसी तरह औराई चौराहे से मीरजापुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को भी वैकल्पिक मार्ग से भेजा जाएगा। प्रयागराज की ओर से आकर औराई चौराहा होते हुए मीरजापुर जाने वाले वाहन जीटी रोड से वाराणसी की तरफ जाएंगे। वहीं वाराणसी की ओर से आने वाले वाहनों को जीटी रोड के रास्ते प्रयागराज की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। जौनपुर और भदोही की ओर से आने वाले तथा औराई चौराहा होकर मीरजापुर जाने वाले भारी वाहनों को भी जीटी रोड से वाराणसी अथवा प्रयागराज की ओर भेजा जाएगा। पुलिस ने वाहन चालकों से डायवर्जन व्यवस्था का पालन करने और निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का मार्च

गांधी पार्क से शहीद शीतल पाल स्मारक तक निकला मार्च, 'वोट चोर गद्दी छोड़' के लगाये नारे

ज्ञानपुर। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार को आंदोलन के आठवें दिन मार्च निकाला गया। जिलाध्यक्ष वसीम अंसारी के नेतृत्व में गांधी पार्क से शुरू हुआ मार्च शहीद शीतल पाल की प्रतिमा तक पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। मार्च में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'वोट चोर गद्दी छोड़', 'देश का गद्दार कौन—ज्ञानेश कुमार' सहित विभिन्न नारे लगाए। मार्च के मुख्य अतिथि एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर व भदोही प्रभारी दयाशंकर पांडेय ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए लगातार आवाज उठा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दस महीनों में चुनाव आयोग के स्तर से मुख्य चुनाव आयुक्त को कई बार पत्र लिखकर असहमति दर्ज कराई गई है। एसआईआर के माध्यम से बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जाने और फॉर्म नंबर-6 में बदलाव सहित चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न सवालों को उन्होंने गंभीर बताते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की। जिलाध्यक्ष वसीम अंसारी ने कहा कि ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता संघर्ष करने वाले लोग हैं और लाठी व मुकदमों से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने तथा मुख्य चुनाव आयुक्त से पद से इस्तीफा देने की मांग



की। मार्च में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे 'राजन', माबूद खान, दीनानाथ दुबे, राजेश्वर दुबे, त्रिलोकीनाथ बिंद, सुरेश गौतम, सुरेश उपाध्याय, मुशीर इकबाल, राजेश पांडेय, अवधेश पाठक, महिला जिलाध्यक्ष शबाना खातून, उपेंद्र कुमार भारती, स्वालेह अंसारी, सुरेश चौहान, रमाशंकर बिंद, अजय प्रजापति, शक्ति मिश्रा, नाजिम अली, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, मृत्युंजय सिंह 'टोनी', विशाल गौतम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

एक नज़र इधर भी

सीएचसी में अव्यवस्था देख संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य नाराज

गोपीगंज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में गुरुवार को संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ. दिग्विजय सिंह ने औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे अधिकारी को देखकर अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा। निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों के यूनिफॉर्म में नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने की हिदायत दी। संयुक्त निदेशक ने ओपीडी, प्रसव कक्ष, दवा वितरण कक्ष, इमरजेंसी और लैब का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। लैब के



निरीक्षण के दौरान मरीजों के बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियां नहीं मिलीं। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए जिम्मेदारों से जवाब-तलब किया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक भी मौके पर मौजूद नहीं मिले। अस्पताल की व्यवस्थाओं की देखरेख कर रहे डॉ. स्वप्निल सिंह को बुलाकर संयुक्त निदेशक ने अधीक्षक की गैरमौजूदगी और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी तरह की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। डॉ. दिग्विजय सिंह ने कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों और कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप होनी चाहिए। मरीजों के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को जल्द दूर करने की हिदायत दी गई।

वाराणसी खंड शिक्षक-स्नातक सीट पर २३ अक्तूबर को मतदान

ज्ञानपुर। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए 23 अक्टूबर को मतदान होगा। मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। गुरुवार को निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक जीएस प्रियदर्शी एवं प्रांजल यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में भदोही की ओर से सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि मतदान कार्मिकों की तैनाती की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। कार्मिकों के प्रशिक्षण की तिथि निर्धारित कर दी गई है। मतदान पार्टियों को निर्धारित मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए वाहनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर ली गई है। मतदाता सूची से संबंधित आवश्यक कार्रवाई मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से दिशा-निर्देश प्राप्त होने के बाद नियमानुसार की जाएगी। उधर, मतदान के दिन मतदाताओं को पहचान के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र साथ लाना होगा। उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में निर्धारित 10 वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इनमें आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, सरकारी या संस्थान द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र, सांसद-विधायक-पार्षद का सरकारी पहचान पत्र, मूल डिग्री/डिप्लोमा प्रमाणपत्र, दिव्यांगता प्रमाणपत्र और यूडीआईडी कार्ड शामिल हैं।

प्राचीन रामलीला में हुआ ताड़का वध

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के अंतर्गत नगर के रामलीला मैदान में बघेल रामलीला समिति के नेतृत्व में आयोजित प्राचीन एवं ऐतिहासिक रामलीला के तीसरे दिन गुरुवार को ताड़का वध की लीला का मंचन किया गया। रामनगर की प्रसिद्ध रामलीला की तर्ज पर आयोजित 17 दिवसीय रामलीला में भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की वीरता का प्रसंग देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। लीला के दौरान रामलीला मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। मंचन के दौरान ऋषि-मुनियों के यज्ञ में राक्षसों द्वारा उत्पन्न की जा रही बाधाओं का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। ऋषि विश्वामित्र भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ वन में ले जाते हैं, जहां राक्षसी ताड़का के आतंक से ऋषि-मुनियों का जीवन संकट में रहता है। ताड़का के अत्याचारों और यज्ञ में विघ्न डालने के प्रसंग को कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से जीवंत किया। ऋषि विश्वामित्र के आदेश पर भगवान श्रीराम ताड़का का वध कर ऋषि-मुनियों को उसके आतंक से मुक्ति दिलाते हैं। ताड़का वध का दृश्य आते ही दर्शकों में उत्साह देखने को मिला। इस प्रसंग के माध्यम से धर्म की रक्षा, अन्याय के विरोध और समाज की सुरक्षा के लिए कर्तव्य पालन का संदेश दिया गया इस अवसर पर पंडित शेषधर पाठक व्यास, नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, उमेश सिंह बघेल, अखिलेन्द्र बघेल, पिंकू बघेल, अमित यादव, नवीन मिश्रा, विजय देव पाठक, डॉ रमेश चंद पाठक ,रसीले पाठक , मानवेंद्र सिंह बघेल ,अमित सिंह ,शाश्वत सिंह, आकाश सिंह ,सीताराम, संजय यादव,समेत रहे।

रेलिंग पर बैठकर फोटो खिंचवाते समय गंगा में गिरा युवक

गोपीगंज। भदोही जनपद के गोपीगंज थाना क्षेत्र के सुंदरपुर डूहिया गांव निवासी 28 वर्षीय सुमित शुक्ला पुत्र दिवाकर शुक्ला अपने मौसेरे भाई सुरियावा थाना क्षेत्र के नागमालपुर गांव निवासी 20 वर्षीय सक्षम पांडे के साथ गुरुवार को दोपहर 12ः00 बजे बाइक से विंध्याचल दर्शन करने जा रहे थे कि जैसे ही चील्ह थाना क्षेत्र के मिर्जापुर औराई मार्ग पर शास्त्री ब्रिज पर पहुंचे थे कि पुल पर रुक कर सुमित शुक्ला रेलिंग पर बैठ गए जबकि उनके मौसेरे भाई सक्षम पांडे उनका फोटो खींचने लगे इसी समय सुमित शुक्ला का बैलेंस बिगड़ गया और सर के बल पुल के नीचे पलट गए जब तक सक्षम पांडे दौड़कर पकड़ पाते तब तक सुमित शुक्ला गंगा नदी में गिर गया। गंगा में गिरने के बाद कुछ देर तक हाथ पांव चलता रहा पुल पर खड़ा सक्षम पांडे शोर मचाता रहा लेकिन कुछ देर बाद सुमित शुक्ला गंगा नदी में समाकर लापता हो गया। घटना को देख मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस परिजनों को सूचना देते हुए स्थानीय गोताखोरों व एस डी आरएफ टीम बुलाकर गंगा में लापता सुमित शुक्ला की तलाश में लगी है। घटना की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। पिता दिवाकर मिश्रा ने बताया कि सुमित शुक्ला की नवंबर में शादी होने वाली थी।

शिविर में श्रमिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

गोपीगंज। श्रम विभाग भदोही की ओर से गुरुवार को मेसर्स ओबीटी प्राइवेट लिमिटेड, गोपुर गोपीगंज में श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और दवाएं वितरित की गईं। कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय भदोही एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज की स्वास्थ्य टीम ने श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। कंपनी की ओर से सीनियर मैनेजर जसवंत सिंह, विपिन सिंह, विकास श्रीवास्तव, अशोक त्रिपाठी, रजत सिंह, पंकज मिश्रा, पूनम सिंह, इंद्रजीत तिवारी, रामविलास बिंद और दीपक सोनकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

डीआरडीओ में चयनित हुई प्रतिभा ने बढ़ाया मान

ज्ञानपुर। विकास खंड ज्ञानपुर के वारी गांव की होनहार बेटी कु. प्रतिभा गिरी ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में चयन हासिल कर परिवार, गांव और जनपद का मान बढ़ाया है। प्रतिभा गिरी, ओमप्रकाश गिरी की सुपुत्री हैं। प्रतिभा ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है।

१८ साल से सेवा दे रहे एनएचएम संविदा कर्मियों ने उठाई आवाज

ज्ञानपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने नियमितीकरण समेत छह सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ की भदोही जिला इकाई ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अधिकारियों के माध्यम से भेजकर मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र कुमार यादव, महामंत्री संदीप सिंह और संरक्षक डॉ. नंदलाल प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में एक लाख से अधिक एनएचएम संविदा कर्मचारी 15 से 18 वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीबी उन्मूलन, संचारी व गैर संचारी रोग नियंत्रण सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कोविड काल में भी कर्मचारियों ने जोखिम उठाकर सेवाएं दीं। ज्ञापन में सभी एनएचएम संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन, 10 लाख रुपये का कैशलेस फैमिली फ्लोटर स्वास्थ्य बीमा, डीए, ईपीएफ एचआरए और ग्रेच्युटी का लाभ देने की मांग की गई है।

आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने जीती पंत क्रिकेट

गोपीगंज/सुरियांवा। महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी सुरियावां में आजाद स्पोर्ट्स क्लब और जीबी पंत क्रिकेट एकेडमी, परसीपुर के बीच खेले गए 40 ओवर के रोमांचक मुकाबले में आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीबी पंत क्रिकेट एकेडमी को 74 रनों से पराजित किया।

युवक की मौत के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

कोन(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के चेरवाडीह में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, केवाल पीपरखाड़ निवासी ललित तिवारी के करीब 32 वर्षीय पुत्र नीतेश तिवारी छह अक्टूबर को अपनी बहन के घर चेरवाडीह आए थे। आरोप है कि बहन के पड़ोसी रामजनम जायसवाल के पुत्र आनंद उर्फसोनू तथा सुरेंद्र पासवान के पुत्र लोकेश पासवान ने करीब 20 दिन पहले नीतेश के साथ मारपीट की थी और जान से मारने व गंभीर मुकदमे में फंसाने की धमकी दी थी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि छह अक्टूबर को दोनों ने

२० दिन पूर्व मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

नीतेश के साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर अवस्था में सड़क पर छोड़ दिया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोन ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता की तहरीर पर कोन पुलिस ने आठ अक्टूबर 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक शिवप्रकाश यादव को सौंपी गई है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

एनीमिया से पीड़ित किशोरी की इलाज के दौरान मौत

दुद्धी(सोनभद्र)। एनीमिया खून की कमी से जूझ रही 15 वर्षीय किशोरी संध्या कुमारी पुत्री संतोष पनिका निवासी सांगोबांध की इलाज के दौरान मौत हो गई। किशोरी प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 8 की छात्रा थी और अपने चार बहनों व एक भाई में सबसे बड़ी थी। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के दादा अमृत लाल ने बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व किशोरी की तबीयत खराब होने पर गांव के एक स्थानीय चिकित्सक को दिखाया गया था, जिसने जांच के बाद शरीर में मात्र 4.8 ग्राम खून होना बताया और बेहतर इलाज के लिए बाहर ले जाने की सलाह दी थी। परिजन मंगलवार की रात करीब 8 बजे निजी साधन से संध्या को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी लेकर पहुंचे।

झाड़ियों में तड़पता मिला नवजात

सिंगरौली। चितरंगी थाना क्षेत्र के बगैया गांव में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। नदी किनारे झाड़ियों में करीब एक दिन का नवजात शिशु लावारिस हालत में पड़ा मिला। मासूम के शरीर पर

शरीर पर रेंग रही थी चींटियां, नदी किनारे मासूम को फेंककर भाग गया कौन?

चींटियां रेंग रही थीं और वह दर्द व भूख से रो रहा था। सवाल यह है कि आखिर कौन इस मासूम को मौत के मुंह में छोड़कर चला गया? ग्रामीणों के मुताबिक नदी किनारे से गुजरते समय झाड़ियों से बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर जब लोग मौके पर पहुंचे तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। झाड़ियों के बीच एक नवजात पड़ा था और उसके शरीर पर चींटियां लगी हुई थीं। ग्रामीणों ने बिना देर किए पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही दौड़ी पुलिस, थाना प्रभारी ने खुद संभाली जिम्मेदारी सूचना मिलते ही चितरंगी थाना प्रभारी सुदेश तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। झाड़ियों में पड़े नवजात की हालत देखकर पुलिस ने तत्काल उसे बाहर निकाला और अस्पताल ले जाने की कार्रवाई शुरू की। बताया गया कि थाना प्रभारी ने स्वयं वाहन चलाकर नवजात को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे प्न् में भर्ती कराया गया। समय रहते उपचार शुरू होने से मासूम को चिकित्सकीय निगरानी मिल सकी। पुलिस के अनुसार अस्पताल पहुंचने में यदि और देरी होती तो नवजात की हालत गंभीर हो सकती थी। फ्लिहाल चिकित्सकों की निगरानी में बच्चे का उपचार जारी है।

हाईवा का टायर फटने से कई लोग घायल

ग्रामीणों ने रोकी वाहनों की रफ्तार

बीजपुर(सोनभद्र)। जरहां ग्राम पंचायत के पोथीपाथर टोले में गुरुवार की सुबह राखड़ लदे एक हाईवा का पिछला टायर फटने से हादसा हो गया। तेज धमाके के साथ सड़क किनारे बिखरी गिट्टियों की चपेट में आने से कई ग्रामीण और बच्चे घायल हो गए। घायलों में श्याम सुंदर 55 वर्ष पुत्र शुभराज, आनंद 11 वर्ष पुत्र श्याम सहित अन्य कई राहगीर शामिल थे। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने रेणुकूट-बीजपुर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया।करीब दिनभर चले हंगामे और प्रशासनिक तथा एनटीपीसी प्रबंधन के आश्वासन के बाद शाम चार बजे जाम समाप्त हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि राख परिवहन में लगे वाहनों की फिटनेस और स्थिति की कोई नियमित जांच नहीं होती है। ज्यादा से ज्यादा फेरे लगाने की होड़ में पुराने ओवरलोड और खटारा वाहनों का संचालन किया जा रहा है जिससे आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है।

मेरे सपनों का भारत चित्रकला प्रतियोगिता में रिंकू प्रथम

सिंगरौली। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मायाराम महाविद्यालय सिंगरौली में मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ उन्हें राष्ट्र निर्माण, विकास, संस्कृति और अपने सपनों के भारत की कल्पना को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त करने का अवसर देना था। डायरेक्टर बद्री नारायण बैस के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने चित्रों के माध्यम से भारत के उज्ज्वल भविष्य, विकास, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम की भावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रस्तुत चित्रों का मूल्यांकन रचनात्मकता, विषय-वस्तु, कलात्मकता और प्रस्तुति के आधार पर किया गया। इसमें बीएससी द्वितीय वर्ष की रिंकू केसरी ने प्रथम, बीकॉम प्रथम वर्ष की सुषमा बैस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं संगीता बैस, खुशबू दुबे और संगीता वैश्य संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य ने प्रतिभागियों की कला एवं रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

विद्यार्थियों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन की दी जानकारी

लिलासी(सोनभद्र)। लाइट हाउस इनिशिएटिव पहल परियोजना-दो के तहत हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीएसआर वित्तीय सहयोग एवं क्रियान्वयन संस्था नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वीमेन, चाइल्ड एंड यूथ डेवलपमेंट द्वारा म्योरपुर ग्राम पंचायत में कूड़ा-कचरा उठान एवं संग्रहण का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में विरला विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज एवं प्राथमिक पाठशाला म्योरपुर सेकेंड में विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को कचरे के विभिन्न प्रकार, उसके उचित प्रबंधन, कचरे से होने वाले नुकसान तथा स्वच्छता बनाए रखने के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने जानकारी को गंभीरता से सुनते हुए अपने गांव, मोहल्ले एवं टोले में भी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने की सहमति जताई।

मांगों को लेकर संविदाकर्मियों का कार्य बहिष्कार

नियमतीकरण और समान कार्य-समान वेतन समेत छह तात्कालिक मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

दुद्धी(सोनभद्र)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु दयाल ने किया। प्रदर्शन के बाद एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वरुणा निधि को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने कहा कि प्रदेश में एनएचएम के तहत बड़ी संख्या में कर्मचारी संविदा पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें स्थायी कर्मचारियों के समान सुविधाएं और सेवा सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। प्रदर्शन के दौरान डा. गौरव सिंह, डा. संजय गुप्ता, डा. मुस्कान गुप्ता, अरुणिमा यादव, संदीप सिंह, डा. दिलीप, अतुल कुमार सिंह, विवेकानंद शुक्ला, जयशंकर पांडेय, रूबी कुमारी, सुरेश गुप्ता मौजूद रहे।

छूटे, प्रथम बार, युवा निर्वाचकों के नाम शामिल कराने के लिए विशेष अभियान

सोनभद्र। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे हुए तथा प्रथम बारध्युवा निर्वाचकों के नाम सम्मिलित किए जाने के संबंध में विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं उन्होंने बताया कि उक्त के क्रम में जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 9 अक्टूबर को शाम 04 बजे कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष, सोनभद्र में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। बैठक में विशेष अभियान के संबंध में आवश्यक कार्यवाही एवं तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय 09 अक्टूबर को शाम 04 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

सामाजिक और मानवीय प्रतिबद्धता है संघटन की सेवा

सेवा संकल्प पखवाड़े में निःशुल्क नेत्र शिविर

सोनभद्र। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के मौके पर सेवा संकल्प पखवाड़े के तहत चतरा ब्लाक के सोढ़ा ग्राम पंचायत के दुपट्टीया में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा के नेतृत्व में गुरूवार को निशुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आर्थिक एवं भौगोलिक कठिनाइयों के कारण जिन ग्रामीणों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं तक पहुंचना सहज नहीं होता, उनके बीच पहुंचकर नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराना इस आयोजन की विशेष सार्थकता रही। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। जरूरतमंद मरीजों को आगे के उपचार एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने कहा कि सेवा भारतीय जनता पार्टी की केवल राजनीतिक कार्यपद्धति नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक एवं मानवीय प्रतिबद्धता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हमारे लिए उत्सव मात्र नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सेवा और संवेदना पहुंचाने का संकल्प दिवस है। कार्यक्रम में गोपाल जायसवाल, नंदलाल विश्वकर्मा, मुन्ना धनगर, कमलेश धनगर, रमेश चौबे, बाबू, सतीश सिंह, गोरखनाथ धनगर, लालू धनगर, निर्भय पांडेय, मोनू, विकास मिश्रा, आशीष कुमार पाठक मौजूद रहे।



बिना फिटनेस दौड़ रहीं एम्बुलेंस पर परिवहन विभाग का शिकंजा

सोनभद्र। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर जनपद में बगैर वैध कागजात और फिटनेस के संचालित हो रहीं एम्बुलेंस के खिलाफ परिवहन विभाग ने विशेष चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार को इस तरह दो दिनों में छह एम्बुलेंस के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। चेकिंग के दौरान एम्बुलेंस की फिटनेस, इंश्योरेंस और प्रदूषण प्रमाणपत्र समेत अन्य जरूरी कागजातों की जांच की जा रही है।

दो दिन में छह एम्बुलेंस का चालान

एआरटीओ कौशल कुमार सिंह के नेतृत्व में पिपरी रोड पर चलाए गए अभियान में दो और एम्बुलेंस बगैर आवश्यक कागजात के संचालित मिलीं, जिनका चालान किया गया। अभियान के पहले दिन पीटीओ मनोज कुमार गुप्ता ने चार एम्बुलेंस का चालान किया था। एआरटीओ के जांच अभियान को देखकर कुछ अन्य एम्बुलेंस चालक अपने वाहन सड़क किनारे छोड़कर मौके से भाग निकले। एआरटीओ कौशल कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में करीब 105 एम्बुलेंस पंजीकृत हैं, जिनमें लगभग 40 वाहनों की फिटनेस फेल है। ऐसे वाहनों को चिन्हित किया जा रहा है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एम्बुलेंस संचालकों को सख्त चेतावनी दी कि बिना वैध फिटनेस और आवश्यक दस्तावेजों के वाहन सड़क पर संचालित मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग के इस अभियान का उद्देश्य एम्बुलेंस के संचालन में निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के साथ मरीजों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना है। विभाग की टीम लगातार एम्बुलेंस की जांच कर रही है और नियमों का उल्लंघन मिलने पर चालान की कार्रवाई की जा रही है।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी १२-१३ को ईवीएम, वीवी पैट का करेंगे निरीक्षण

सोनभद्र। जिला मजिस्ट्रे, जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने गुरुवार को अवगत कराया है कि आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के संदर्भ में ईवीएम एवं वीवीपैट के एफ्एलसी की तैयारी एवं गुणवत्ता की जांच तथा ईवीएम मशीनों के भण्डारण के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित अधिकारी एवं ईवीएम नोडल अधिकारी जनपद सोनभद्र के दौरे पर आ रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, आयोग द्वारा नामित नोडल अधिकारी गोपीनाथ कुअर (संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी) तथा अन्य नामित अधिकारी12 अक्टूबर एवं 13 अक्टूबर को ईवीएम का निरीक्षण करेंगे।जनपद में ईवीएम नोडल अधिकारी के अवस्थापन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा चकबन्दी अधिकारी, राबर्ट्सगंज प्रमोद कुमार नागर (मो. नं. 7985290070) को लाइजनिंग ऑफिसर नामित किया गया है। लाइजन ऑफिसर ईवीएम नोडल अधिकारी हेतु समस्त व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु पूर्णत: उत्तरदायी होंगे,जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया है कि ईवीएम नोडल अधिकारी के आगमन से पूर्व समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा ली जाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा नामित नोडल अधिकारी गोपीनाथ कुअर, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ईवीएम नोडल अधिकारी, ओड़िशा मोबाइल नम्बर 7682991646,एवं शिवम अरोड़ा, एसओ, ईसीआई मोबाइल नम्बर 9540838554 द्वारा ईवीएम व वीवीपैट की जांच की जायेगी। लाइजनिंग ऑफिसर प्रमोद कुमार नागर, चकबन्दी अधिकारी, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र मोबाइल नम्बर 7985290070 साथ में मौजूद रहेंगे।

प्रमोद कुमार नागर लाइजनिंग आफिसर नियुक्त

बेकाबू पिकअप पलटी, दो दर्जन यात्री घायल

सिंगरौली। सिंगरौली जिले के चितरंगी तहसील के सकरिया में गुरुवार की दोपहर तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के समय वाहन में बच्चों समेत करीब दो दर्जन यात्री सवार बताए जा रहे हैं। जिनमें करीब 10 घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पिकअप भैंसाहुड़ से चितरंगी की ओर जा रही थी, तभी सकरिया के पास तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और पिकअप सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चितरंगी पुलिस के अनुसार सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकाला गया। घायलों को तत्काल डायल-112 सहित अन्य वाहनों के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल करीब 10 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय स्थित ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

बीजपुर(सोनभद्र)। ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरूवार को दो अें को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 12 वोल्ट की दो बैटरियां, घटना में प्रयुक्त बगैर नंबर की बाइक, मोबाइल फोन बरामद कर लिया। नेमना के टोला नवाटोला निवासी प्रेमबहादुर जायसवाल ने थाने में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके ट्रैक्टरों से 12 वोल्ट की दो बैटरियां चोरी हो गई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। जांच पड़ताल और सुरागरसी के बाद पुलिस ने मामले में संलिप्त दो आरोपियो संदीप भारती पुत्र लालचंद भारती निवासी रजमिलान, दुर्गा कुमार पुत्र जसराज भारती निवासी रजमिलान को गिरफ्तार कर लिया।

ज्ञानेश कुमार को उनके किये की मिलेगी सजा

सोनभद्र। एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव



राघवेंद्र नारायण ने कांग्रेस द्वारा आहूत इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन में एनडीए सरकार व ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जमकर हमला बोला और कहा कि ज्ञानेश कुमार ने देश के लोकतंत्र की हत्या की है इसकी सजा उनको मिलेगी। जिन लोगों के इशारे पर और उनके गोद में बैठकर के उन्होंने काम किया है उन लोगों को भी इसकी सजा मिलेगी चाहे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या गृह मंत्री अमित शाह हों,जो लोग भी लोकतंत्र की हत्या में शामिल रहे हैं उन लोगों को इसकी सजा जरूर मिलेगी वह बच के नहीं जा पाएंगे।

लेखपालों ने किया आनलाइन प्रशासनिक कार्य का बहिष्कार

दुद्धी(सोनभद्र)। स्थानीय तहसील के लेखपालों ने वृहस्पतिवार को अतिरिक्त हलके के बस्ते के साथ ऑनलाइन तथा प्रशासनिक तहसील कार्य करने से इंकार कर दिया है। तहसील अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता ने कहा कि 16 अक्टूबर तक केवल ऑफ्लाइन माध्यम से ही सीमित कार्य करेंगे। यदि 16 अक्टूबर तक हमारी विभिन्न मांगें पूरी नहीं हुईं, तो उसके बाद पूर्ण रूप से काम बंद कर दिया जाएगा।

दो डीएसपी को दी गयी विदाई

सिंगरौली। जिला पुलिस में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक राकेश साहू एवं अर्चना द्विवेदी के स्थानांतरण पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में भावभीनी विदायी दी गई। पुलिस अधीक्षक शियाज के.एम. एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा ने दोनों अधिकारियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में अधिकारियों ने राकेश साहू और अर्चना द्विवेदी के सेवाकाल में किए गए कार्यों और उनके योगदान को याद किया। उनकी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और कार्यकुशलता की सराहना की गई।

पूजा पंडालों, रामलीला स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखें कमेटियां

रेणुकूट(सोनभद्र)। आगामी नवरात्रि, रामलीला, दशहरा एवं दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने को लेकर गुरूवार को रेणुकूट पुलिस चौकी परिसर में पीस कमेटी एवं धर्मगुरुओं की बैठक हुई। अध्यक्षता पिपरी थानाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने की। थानाध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने सभी से पर्वों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि पूजा पंडालों एवं रामलीला स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में आयोजन समितियां पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने नई परंपरा शुरू नहीं करने तथा अफवाहों और फेक न्यूज से सावधान रहने की अपील की। रेणुकूट चौकी प्रभारी नवनीत चौरसिया ने समितियों को पर्याप्त स्वयंसेवक रखने, विद्युत तारों एवं अग्नि सुरक्षा का विशेष ध्यान देने तथा मार्गों पर अतिक्रमण नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या विवाद की सूचना तत्काल पुलिस को दें। दशहरा के दौरान रामलीला एवं रावण दहन कार्यक्रमों में भीड़ को देखते हुए पुलिस द्वारा विशेष सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की जाएगी। महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा तथा भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान रहेगा। बैठक में साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत एवं यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर दिलीप कुमार सिंह, रेणुकूट एवं पिपरी की दुर्गा पूजा और रामलीला समितियों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

मोटे अनाज की खेती किये जाने पर बल

लिलासी(सोनभद्र)। म्योरपुर ब्लाक सभागार में गुरुवार को दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रशासक मानसिंह गोंड ने किया। कार्यक्रम का आयोजन ठाकुर संकठा प्रसाद सिंह कृषि विज्ञान केंद्र सोनभद्र ने किया। प्रशिक्षण में विभिन्न ग्राम पंचायतों से पहुंचे किसानों को कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. रश्मि सिंह ने किसानों को प्रत्येक घर में कम से कम एक सहजन का पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महुआ की रोटी के पोषण संबंधी लाभ बताते हुए पारंपरिक मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पहले सांवा, कोदो, मेझरी और मेड़ो जैसे पारंपरिक अनाजों की बड़े पैमाने पर खेती होती थी, लेकिन समय के साथ इनकी खेती कम हुई है।

अधिवक्ता राजेश पाठक, विकाश शुक्ला को अधिवक्ता कल्याण न्यास का दिया गया प्रमाण पत्र

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन भवन के महामंत्री कक्ष में अधिवक्ता कल्याण न्यास, सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के सचिव योगेश कुमार द्विवेदी एडवोकेट ने वृहस्पतिवार को वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार पाठक एवं विकास शुक्ला को अधिवक्ता कल्याण न्यास का प्रमाण पत्र देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है। बताया जाता है कि अधिवक्ताओं के हित को देखते हुए अधिवक्ता कल्याण न्यास, सोनभद्र बार एसोसिएशन, सोनभद्र का पंजीयन 03 जून 2025 को कराया गया है, जिसका पंजीयन सं0-49/2025 है। अधिवक्ता कल्याण न्यास सोनभद्र बार एसोसिएशन, सोनभद्र के जो भी सम्मानित सदस्य हैं उन्हें यह प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार पाठक एवं विकास शुक्ला को यह प्रमाण पत्र अधिवक्ता कल्याण न्यास सोनभद्र बार एसोसिएशन, सोनभद्र के अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव एडवोकेट, अध्यक्ष उपसमिति गोविंद प्रसाद मिश्र एडवोकेट व सचिव योगेश कुमार द्विवेदी एडवोकेट के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी किया गया है। प्रमाण पत्र में अधिवक्ताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है। इस मौके पर अखिलेश कुमार मिश्र एडवोकेट, संजीव कुमार पांडेय एडवोकेट, संजय कुमार पांडेय एडवोकेट आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

जैविक खाद अपनाने पर जोर

करमा(सोनभद्र)। बाबा बिहारी इंटर कॉलेज भरकवाह के परिसर मे किसान जागरूकता अभियान के तहत सतत कृषि के लिए किसानों का सशक्तिकरण एवं कृषि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुभवी किसान जयराम ने मां सरस्वती को पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बतौर मुख्य अतिथि डा.जयप्रकाश राय बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी तथा बसंत राय रेलवे वाराणसी के चीफ इंजीनियर तथा इंद्रवीर यादव सचिव ग्रामीण विकास संस्थान आरा कला मौजूद रहे। प्रबंधक बीएन यादव राजकमल सिंह कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार जताया। खेती की तकनीकियों के बारे में वैज्ञानिकों ने और कृषि एवं विशेषज्ञों ने किसानों को समझाया और कृषि आय दुगना करने के लिए अतिरिक्त व्यवसाय करने की सलाह दी।

हिंडाल्को यूटिलिटीज विभाग द्वारा अभिनंदन समारोह

रेणुकूट(सोनभद्र)। हिण्डाल्को रेणुकूट में यूटिलिटीज विभाग की तरफ से ऑडिटोरियम में अभिनंदन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। मुख्य अतिथि हिण्डाल्को के मुखिया समीर नायक ने वरिष्ठ अधिकारियों जयेश पवार, अजय सिन्हा, राजेश कपूर, जय तिवारी, पंकज जोशी, सत्यजीत आचार्या, यशवंत कुमार, विजय व्यास, अनिल झा, विवेक अग्रवाल, परमार्थ राय, तापस चौधरी, अंकुर अग्रवाल, तमन्ना गिरी राव व अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पूर्व हिण्डाल्को के मुखिया श्री नायक, एचआर हेड अजय सिन्हा का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। तत्पश्चात गणेश वंदना की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सत्यजीत आचार्या वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत कर की गई। इसके उपरांत घनश्याम द्वारा यूटिलिटीज टीम की सालभर की उपलब्धियों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई। एक ओर जहां किशन पांडेय ने एकल नृत्य, तो वहीं किशन-सोमेश के युगल नृत्य प्रस्तुति ने समां बांध दिया। अनामय मिश्रा का कविता पाठ भी काबिल-ए-तारीफ रहा। इस दौरान किशन पांडे, एवं गुंजन सिंह की बेहतरीन एंकरिंग ने सभी का खूब मनोरंजन किया। साथ ही विभव, निलेश, संदीप, सर्वेश, ऋतिक तथा हरिओम का लेजी डांस सभी के मन में एक हसीन याद छोड़ गया। घनश्याम तथा सतेंद्र कुमार द्वारा एकल संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वहीं सतेंद्र और प्रियल द्वारा डूएट साँग की शानदार प्रस्तुति दी गई। सौरभ, तवर, किशन, अनिल, आयुष, ध्रुव, सोमेश, अनामय, विभव, सूरज, लीलेश, विभूति, संदीप का कॉमर्शियल डांस को देखकर उपस्थित सभी रोमांचित हो उठे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यूटिलिटी टीम के वरिष्ठ खिलाड़ियों सहित प्रभात द्विवेदी, सुब्रत, शुभम, संजय, अतुल, अभिषेक, अनुराग, अभिषेक श्रीवास्तव, हिमांशु, अंकित, सूरज, विवेक, संदीप, रितेश,पुनीत, अनिल, अभिमन्यु, उज्ज्वल, सोनू, संजय सिंह, प्रशान्त कुशवाहा, सूरज, अनिरुद्ध, जयवीर, मनोरंजन, सुजीत, धीरज, अजीत, रवि, कमलेश, नीरज सिंह, हर्षइत्यादि का अहम योगदान रहा। वहीं धन्यवाद ज्ञापन सुनील मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन पर्यावरण विभाग के महेन्द्र तिवारी द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि समीर नायक व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन के साथ पुरस्कार वितरण किया और अगले वर्ष और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित भी किया।



शिविर में ६७ बीमित श्रमिकों, परिजनों की हुई जांच

रेणुकूट(सोनभद्र)। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप श्रमिकों एवं उनके परिवारजनों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ईएसआई औषधालय, रेणुकूट की ओर से गुरुवार को बिरला मार्केट में श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 67 बीमित श्रमिकों एवं उनके परिवारजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान लाभार्थियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ विभिन्न रोगों एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की स्क्रीनिंग की गई। जांच में 29 महिलाएं शामिल रहीं। चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान चार लोगों में उच्च रक्तचाप, छह में क्षय रोग की आशंका तथा 14 लोगों में जोड़ों एवं मस्कुलोस्केलेटल संबंधी समस्याएं पाई गईं।

नाले में डूबने से मजदूर की मौत, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

महराजगंज क्षेत्र के सारंगपुर गांव में हुई घटना से इलाके में मची सनसनी

महराजगंज, आजमगढ़। महराजगंज थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव में बुधवार शाम करीब 7 बजे नाले में डूबने से एक

दु:खद

पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी 45 वर्षीय सुभाष निषाद के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर सुभाष को नाले में डुबोकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। आरोप के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि सुभाष निषाद मेंहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में तीन बेटे और दो बेटियां हैं, जिनमें दो



बच्चों की शादी हो चुकी है। सुभाष की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने सुभाष को नाले में डुबोकर मार दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अब परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों समेत घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच में जुट गई है। महराजगंज थानाध्यक्ष जयप्रकाश ने बताया कि परिजनों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

दूसरी ओर सुबास की पत्नी बिन्दु देवी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में 7 अक्टूबर की रात बिन्दु देवी पत्नी सुबाष निषाद निवासी ग्राम सारंगपुर ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया कि उनके पति सुबाष निषाद की भुलेन्द्र गौड़ पुत्र फूलचन्द निवासी ग्राम सारंगपुर एवं एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाले में गिराकर हत्या कर दी गई। हालांकि पत्नी ने कारण का उल्लेख नहीं किया। थानाध्यक्ष जयप्रकाश की टीम ने तलाश के दौरान वांछित भुलेन्द्र गौड़ को गुरुवार की सुबह लगभग दस बजे भैरवदासपुर पुलिया के पास से गिरफ्तारकर लिया।

साइबर ठगी के शिकार के खाते में २५,४५० रुपये वापस

आजमगढ़। रौनापार थाने की पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार के खाते में 25,450 रुपये वापस कराकर बड़ी राहत दी है। ग्राम बैदौली निवासी जगदीश भारती पुत्र गोपाल भारती के बैंक खाते से साइबर फ्राड के माध्यम से 1,15,090 रुपये की धनराशि निकाल ली गई थी। उनका मोबाइल फोन 13 अप्रैल को दिल्ली में चोरी हो गया था। इसके बाद 17 अप्रैल को नया सिम चालू करते ही उनके बैंक खाते से धनराशि निकल गई। इस संबंध में आवेदक द्वारा 18 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए साइबर टीम द्वारा संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित कर धनराशि में से 95,653.61 रुपये विभिन्न खातों में होल्ड कराए गए। इनमें से 25,450 रुपये 8 अक्टूबर को पोर्टल के माध्यम से बैंक खाते में वापस करा दिए गए हैं। शेष होल्ड धनराशि को भी वापस कराने की कार्यवाही प्रचलित है।

नींद से जागा नगर पालिका प्रशासन और अवैध बैनर, होर्डिंग ध्वस्त

आजमगढ़। नगर पालिका क्षेत्र में होर्डिंग और बैनर-पोस्टर लगाने के लिए कुछ स्थानों को निर्धारित किया

जिला प्रशासन के निर्देश और जनता की शिकायतों पर शुरू की कारवाई

गया है और बदले में उसका शुल्क भी जमा कराया जाता है, लेकिन अपने शहर में मनमानी चलती रही है। इस मनमानी पर रोक लगाने के लिए जग पालिका प्रशासन नींद से जागा तो अवैध बैनर और पोस्टर ध्वत होते नजर आए। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार तथा मीडिया कवरेज एवं आमजन से प्राप्त शिकायतों के क्रम में नगर पालिका परिषद द्वारा नगर क्षेत्र में अवैध बैनर एवं होर्डिंग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व राजस्व निर्धारण अधिकारी धर्मवीर सोनी द्वारा किया गया। अभियान में राजस्व निरीक्षक मो. दानिश एवं नगर



पालिका के अन्य कर्मचारियों की टीम द्वारा नगर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों एवं मार्गों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अग्रसेन चौराहा, कलेक्ट्रेट चौराहा, गांधी तिराहा, शारदा तिराहा, दीवानी चौराहा एवं घंटाघर चौराहा सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर अवैध रूप से लगाए गए बैनर एवं होर्डिंग हटाए गए। विशेष रूप से ऐसे बैनर एवं पोस्टर भी हटाए गए जो हवा आदि के कारण इधर-उधर लटक रहे थे तथा यातायात व्यवस्था एवं आमजन के आवागमन में परेशानी उत्पन्न कर रहे थे। अभियान के दौरान कुल 54 अवैध होर्डिंग एवं 35 बैनर हटाए गए। नगर पालिका परिषद द्वारा स्पष्ट किया गया कि नगर की स्वच्छता, सुगम यातायात व्यवस्था एवं सार्वजनिक स्थलों की व्यवस्थित स्थिति बनाए रखने के उद्देश्य से इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी नियमानुसार जारी रहेगी।

फद्दोपुर बाजार के पास युवक का शव मिलने से सनसनी

बलरामपुर, आजमगढ़। तरवां थाना क्षेत्र के फद्दोपुर बाजार के पास बुधवार की शाम सड़क किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक घर से बाजार जाने के लिए निकला

बाइक से बाजार जा रहा था युवक, सड़क किनारे पड़ा मिला

था। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे कंचनपुर बाजार स्थित निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तरवां थाना क्षेत्र के एरा कला गांव निवासी 22 वर्षीय अंकित यादव बुधवार की शाम घर से कंचनपुर बाजार गया था। इसके बाद वह बाइक से फद्दोपुर बाजार की ओर जा रहा था। बाजार पहुंचने से पहले ही वह सड़क किनारे पड़ा मिला। पास में उसकी बाइक भी खड़ी थी। राहगीरों ने युवक को सड़क किनारे पड़ा देखा तो परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और अंकित को लेकर कंचनपुर बाजार स्थित निजी अस्पताल पहुंचे। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुण्यतिथि पर याद किये गये भाजपा नेता राजेन्द्र मिश्रा

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश मिश्रा ने अपने पिता पूर्व जिला महामंत्री भाजपा राजेन्द्र मिश्रा की 22 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सदर अस्पताल, महिला अस्पताल और राजकीय मेडिकल कालेज चक्रपानपुर में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मरीजों को फल वितरित किया। अखिलेश मिश्रा के आवास पर आयोजित रक्तदान शिविर में 150 भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री राजेन्द्र मिश्रा ने अपना जीवन जनसेवा में समर्पित किया। उनकी 22वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भारी संख्या में लोग उनको याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करने आए हैं। भाजपा जिला महामंत्री के रूप में उन्होंने जन सेवा का जो कार्य किया वह हमेशा याद रखा जाएगा। राजेंद्र मिश्रा के पुत्र प्रदेश कार्य समिति सदस्य अखिलेश मिश्रा गुड्डू ने उनके द्वारा शुरू किए गए सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का काम किया है।

विवाहिता की मौत, अंतिम संस्कार की तैयारी के बीच पुलिस पहुंची

बलरामपुर, आजमगढ़। सिधारी थाना क्षेत्र के हलुआडीह गांव में बुधवार की रात विवाहिता की संदिग्ध हाल में मौत

गले पर मिले निशान, मायके वालों की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

के बाद सनसनी फैल गई। उसके गले पर निशान मिलने से मामला संदिग्ध हो गया। परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, इसी बीच मायके वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तरवां थाना क्षेत्र के किसुनदासपुर गांव निवासी अगस्त त्रिपाठी की बेटी मधु की शादी करीब छह वर्ष पहले हलुआडीह गांव निवासी माता प्रसाद पांडेय के साथ हुई थी। दंपती के दो बच्चे हैं। परिजनों के अनुसार, माता प्रसाद पांडेय सोमवार को अपनी मां इंद्रावती के साथ पिंडदान के लिए गए थे। घर पर मधु अपने दो बच्चों और दो ननदों के साथ थी। बुधवार की रात मधु की संदिग्ध हाल में मौत हो गई। उसके गले पर निशान पाए गए। पत्नी की मौत की जानकारी होने पर माता प्रसाद अपनी मां के साथ घर लौट आए। परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच मायके वालों को घटना की जानकारी हुई। मधु के भाई जुगनू त्रिपाठी ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

गरबा, डांडिया में धार्मिक मर्यादा का करायें पालन

आजमगढ़। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल गोरक्ष प्रांत ने आगामी नवरात्रि महोत्सव के दौरान गरबा व डांडिया आयोजनों की धार्मिक मर्यादा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को श्रीरामचरितमानस की प्रति भी भेंट की। संगठन ने आयोजनों में अश्लीलता, हुड़दंग, अभद्र गानों और महिलाओं से दुर्व्यवहार पर रोक लगाने और उल्लंघनकर्ताओं पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, पारंपरिक पवित्रता बनाए रखने के लिए आयोजन स्थलों पर गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध और पहचान पत्र चेकिंग की व्यवस्था लागू करने का आग्रह किया। कार्यकर्ताओं ने शांति-व्यवस्था में पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिया।

विद्यालयों के आसपास मनचलों की सक्रियता से दिक्कत

रानी की सराय, आजमगढ़। क्षेत्र के विद्यालयों के आसपास मनचलों की सक्रियता से बच्चों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नागरिकों ने इस पर अंकुश लगाने की मांग की है। कस्बे के आसपास इंटर कालेज के साथ ही स्नातक विद्यालय संचालित होते हैं। विद्यालय के आसपास सुबह से विद्यालय बंद होने तक मनचलों का चक्रमण शुरू हो जाता है। इनकी हरकतों के चलते छात्राओं को परेशानी झेलनी पड़ती है। आएदिन गुटबाजी के चलते आपस में मारपीट भी करते हैं। पूर्व मे पुलिस द्वारा कभी कभार चक्रमण से इन पर अंकुश था, परंतु इन दिनों और बढ़ गया है। क्षेत्र के अजय कुमार, संजय सिंह, विरेंद्र कुमार आदि ने इन पर रोक लगाने की मांग की है।

रानी की सराय में नशेड़ियों के उपद्रव से लोग परेशान

रानी की सराय, आजमगढ़। थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीणांचलों में स्थित बाजारों मे नशेड़ियों के उपद्रव से नागरिक परेशान हैं। कस्बे के रुदरी मार्ग, निजामाबाद, सोनवारा मार्ग, पटेलनगर, अनौरा, ऊंजीगोदाम, सहीदवारा आदि बाजारों में शाम ढलते ही नशेड़ियों का उपद्रव शुरू हो जाता है। नशे में धुत्त आपस में मारपीट करने के साथ गुजरने वालों से भी गालीगलौज करते रहते हैं। मदिरा की दुकानों के पास से शाम को गुजरना मुश्किल होता है। सड़क की पटरियों पर ही जमघट लगा रहता है। इनके कारनामे से अधिक परेशानी राहगीरों को होती है। यह क्रम शाम से देर रात और अलसुबह ही शुरू हो जाता है। नागरिकों ने इस पर कार्रवाई की मांग की है।

सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर अधिशासी अभियंता को पत्र

सिधौना, आजमगढ़। क्षेत्र में सड़क की समस्याओं को दूर करने और आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से गोरखपुर-फैजाबाद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रतिनिधि अनुराग तिवारी ने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण को पत्र सौंपकर मेहनाजपुर क्षेत्र की तीन प्रमुख सड़कों के निर्माण की मांग उठाई है। पत्र में अनुराग तिवारी ने क्षेत्र की सड़क समस्याओं की ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने का अनुरोध किया है। पत्र में मेहनाजपुर बाजार से संकठा मैरेज हॉल, प्रधान जियापुर राजू मद्देशिया के घर से पत्रकार बृजेश सिंह के घर बहलोलपुर तक, राम मिलन मौर्य के घर से सिद्धेश्वरी धाम तक पिच सड़क का निर्माण कराने की मांग की गई है।

पत्रकार की माता के निधन पर शोक

रानी की सराय, आजमगढ़। ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन की शोकसभा जिलाध्यक्ष बृजभूषण उपाध्याय की अध्यक्षता मे हुई। शोक सभा में पत्रकार की माता के असामयिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई। उपस्थित लोगों ने पत्रकार संतोष मिश्रा की माता के असामयिक निधन पर शोक संवेदना जताते हुए मौन रख ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर कृष्णमोहन उपाध्याय, प्रदीप वर्मा, संतोष यादव, चंद्रिका प्रसाद, अच्युतानंद तिवारी, राम सिंह यादव, राम अवतार, सत्येंद्र सिंह, प्रभात सिंह आदि उपस्थित रहे।

बिजौली ग्रामसभा पंचायत भवन के सामने की सड़क जर्जर

भीरा, आजमगढ़। ठेकमा ब्लाक अंतर्गत बिजौली ग्रामसभा में जगह जगह सड़क अत्यंत जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। इसी गांव के दयानन्द उपाध्याय ने बताया कि कि पंचायत भवन के सामने पोखरी है और इन दोनों के मध्य में ग्रामीणों के लिए सड़क है जहां पर सड़क खराब होकर ऐसी स्थिति में पहुंच गया है कि आएदिन दुर्घटना का भय बना रहता है। पूर्व में अनेकों बार ऐसी घटनाएं हो चुकी है, जिसके संबंध में सचिव से बात किया लेकिन उनके तरफ निराशाजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। भविष्य में यदि इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी कोई भी घटना हो सकती है। ऐसी समस्या केवल पंचायत भवन के सामने ही नहीं है, बल्कि गांव में कई जगह ऐसी समस्याएं हैं। दयानन्द उपाध्याय और अन्य ग्राम निवासियों ने कहा कि यदि इस विषय को संज्ञान में सक्षम अधिकारियों द्वारा लिया जाता है तो ठीक, नहीं तो इस गंभीर जनसमस्या को जिलाधिकारी तक पहुंचाया जाएगा। खंड विकास अधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि हम दिखवाते हैं।

आउटसोर्सिंग स्वास्थ्यकर्मियों ने छह सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना

आजमगढ़। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले छह सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए शासन से जल्द समाधान की मांग की। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में समान कार्य के लिए समान वेतन, एनएचएम में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के समायोजन अथवा प्रस्तावित आउटसोर्स सेवा निगम के माध्यम से नियोजन कर निगम के लाभ उपलब्ध कराने, तथा सभी आउटसोर्स कार्मिकों को ईएसआई, पीएफ, ग्रेच्युटी और स्वास्थ्य बीमा सहित सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने की मांग शामिल रही। इसके साथ ही कर्मचारियों ने आउटसोर्स कार्मिकों के कार्य अनुभव का प्रत्येक वर्ष मूल्यांकन किए जाने, अनुकम्पा नियुक्ति का अधिकार तथा कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई। धरने के दौरान कर्मचारियों ने एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि उनका संघर्ष अधिकार मिलने तक जारी रहेगा। धरने में राजेश कुमार, सीमा यादव, कनकलता, वैशाली, अब्बास, मनोज, अनिल, पल्लवी, दीपशिखा, पुष्पा, दीपिका, अतुल, ऋषभ, सर्वेश, सतेंद्र आदि मौजूद रहे।

यूपीआइ लेन-देन पर एमडीआर शुल्क लगाने का विरोध

आजमगढ़। सरकार और एनपीसीआइ की तरफ से यूपीआइ डिजिटल लेन-देन पर मर्चेंट

डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के बजाय शुल्क लगाना व्यापारी विरोधी

डिस्काउंट रेट (एमडीआर) के रूप में नया शुल्क लगाए जाने के फैसले का उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर ने कड़ा विरोध किया है। व्यापारियों ने इसे व्यापारी विरोधी फैसला बताते हुए तत्काल वापस लेने की मांग की।

नगर अध्यक्ष मनोज कुमार बरनवाल ने कहा कि यूपीआइ डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के बजाय उस पर शुल्क लगाने का निर्णय डिजिटल इंडिया अभियान की भावना के विपरीत है। इससे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा और डिजिटल लेन-देन प्रभावित हो सकता है। पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में गुरुवार का जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार से व्यापारियों पर 0.4 प्रतिशत एमडीआइ शुल्क लगाने की घोषणा को वापस लेने की मांग की गई। व्यापारियों ने कहा कि वे किसी भी अतिरिक्त शुल्क का बोझ उठाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस फैसले पर पुनर्विचार कर इसे वापस लिया जाए।



अंतर महाविद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंकिता यादव बनीं उपविजेता

आजमगढ़। प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज में आयोजित अंतर महाविद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में आजमगढ़ की रहने वाली और सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, लालगंज, प्रतापगढ़ की छात्रा अंकिता यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब प्राप्त किया। बैडमिंटन के अंतरराष्ट्रीय पहचान प्राप्त मार्गदर्शक अजेंद्र राय के निर्देशन में उनके प्रदर्शन के आधार पर अंकिता का चयन नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए विश्वविद्यालय की टीम में किया गया है। अंकिता की इस उपलब्धि पर जिला बैडमिंटन एसोसिएशन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. डीपी राय, सचिव डा. पीयूष कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रमाकांत वर्मा तथा राजेंद्र यादव, पुनीत राय, प्रवीण सिंह, विजय कुमार सिंह, मनीष रत्न अग्रवाल, राघवेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, प्रज्ञा राय, डॉ. अर्चना सिंह, सुनील दत्त विश्वकर्मा, सत्येंद्र उपाध्याय, पवन पांडेय एवं स्रोत सिंह ने अंकिता के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



अंकिता यादव

विश्वास जताया कि अंकिता नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन कर आजमगढ़ और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगी।

सड़क की बाट जोह रहे ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा स्मरण पत्र

आजमगढ़। विकास खंड सठियांव के ग्राम समेंदा एवं राउतमऊ (रथुआ) के ग्रामीणों ने 23 वर्षों से जर्जर मार्ग के निर्माण को लेकर जिलाधिकारी को स्मरण पत्र सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि 22 सितंबर 2026 को दिए गए ज्ञापन पर जिलाधिकारी द्वारा एडीएम सदर एवं पुलिस विभाग को निष्पक्ष पैमाइश, स्थलीय निरीक्षण तथा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक मौके पर प्रशासनिक टीम नहीं पहुंची। ग्रामीणों के अनुसार करीब 23 वर्षों से सड़क बदहाल है। मार्ग के निर्माण में कथित तौर पर स्थानीय लोगों द्वारा बाधा उत्पन्न की जा रही है। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के कार्य में भी अड़चन आने की बात ग्रामीणों ने कही है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारियों के मौके पर नहीं पहुंचने से लोगों में निराशा बढ़ रही है और निर्माण कार्य का विरोध करने वालों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्हें धमकी और मानसिक प्रताड़ना का सामना भी करना पड़ रहा है।

विमान, राकेट के माडल बनाकर विद्यार्थियों ने किया प्रभावित

अतरौलिया, आजमगढ़। एसडी ग्लोबल पब्लिक स्कूल में भारतीय वायु सेना दिवस पूरे उत्साह और

एसडी ग्लोबल स्कूल के आदित्य और टीम की वैज्ञानिक सोच को सराहा

देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं को वायु सेना के गौरवशाली इतिहास, अदम्य साहस और राष्ट्र रक्षा में उनके योगदान से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई रक्षा प्रदर्शनी रही। कक्षा 9 के छात्र आदित्य कुमार एवं उनके सहपाठियों ने सामूहिक प्रयास से भारतीय वायु सेना की कार्यप्रणाली को प्रदर्शित करने वाले विमान और रॉकेट के सजीव मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की इस विषय-आधारित प्रस्तुति ने न केवल उपस्थित जनसमूह की वाहवाही बटोरी, बल्कि उनकी वैज्ञानिक सोच, नवाचार और टीम भावना का भी उत्कृष्ट परिचय दिया।

विद्यालय प्रबंधन ने छात्र-छात्राओं के इस रचनात्मक प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की और देश की सीमाओं की रक्षा में समर्पित वीर वायु सैनिकों के त्याग और शौर्य को नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राधेश्याम यादव, प्रधानाचार्या अनीता यादव, को-ऑर्डिनेटर प्रदीप यादव, विजय प्रताप, आकांक्षा यादव, मोनिका एवं डिसिप्लिन इंचार्ज वसीम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

दो मंदिरों में चोरी का नहीं हो सका राजफाश

रानी की सराय, आजमगढ़। कस्बे के दो मंदिरों में हुई चोरी की घटना का राजफाश न होने से लोगों में रोष है। नागरिकों ने घटना के खुलासे की मांग की है। कस्बे के काशीदाश मंदिर में लगे दानपेटी को तोड़कर चोर नकदी उठा ले गये थे। इसके अलावा निजामाबाद मार्ग स्थित पानी टंकी शिव मंदिर मे लगे दानपेटिका का ताला तोड़ कर चढ़ावा चुरा ले गये थे। इस मामले में रात में ही पुलिस को स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दी थी। कस्बे के खलीलाबाद मुहल्ले में स्थित मंदिर में भी लगे दानपेटिका को तोड़कर चोर नकदी उठा ले गये थे। सभी मामले में सूचना पुलिस को नागरिकों ने दे दी थी। एक भी घटना का राजफाश न होने से लोगों में रोष व्याप्त है। नागरिकों ने पुलिस कप्तान से घटना के राजफाश की मांग की है।

सत्य और जनहित के लिए आवाज उठाने का प्रयास रहेगा जारी- सुनील शुक्ला

आजमगढ़। पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले बर्खास्त सिपाही सुनील शुक्ला

सामाजिक संघटन प्रयास कार्यालय में बर्खास्त सिपाही को किया गया सम्मानित

को सामाजिक संगठन प्रयास की ओर से सिविल लाइन स्थित कार्यालय में सम्मानित किया गया। सुनील शुक्ला को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र प्रदान कर उनके साहस और सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता को सम्मान दिया गया। सुनील शुक्ला ने कहा कि सम्मान उनके लिए केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी को और मजबूती से निभाने की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी सत्य और जनहित के पक्ष में आवाज उठाने का



प्रयास अनवरत जारी रहेगा। समाज के लोगों का सहयोग और सम्मान संघर्ष को नई ऊर्जा प्रदान करता है। अध्यक्षीय संबोधन में केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि सुनील शुक्ला का सम्मान उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों के साथ खड़े रहते हैं। प्रयास टीम समाज हित में उल्लेखनीय कार्य करने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रयास खड़ा रहेगा और उन्हें सम्मानित कर समाज को भ्रष्टाचार मुक्त करने में अपना सहयोग प्रदान करेगा। संचालन आदित्य आजमी ने किया। इस मौके पर संगठन के सचिव इंजी. सुनील यादव, सीएल यादव, शिव प्रसाद पाठक, राजीव शर्मा, अंगद साहनी, डॉ. वीरेंद्र पाठक, संजीव राय, इंजी. अमित यादव, हरिश्चन्द्र आदि उपस्थित रहे।

कतारों से मिलेगी निजात, क्यूआर कोड स्कैन करते ही बनेगी ओपीडी पर्ची

अतरौलिया के १०० शैय्या अस्पताल में शुरू हुई आभा डिजिटल सेवा, चंद सेकेंड में टोकन

अतरौलिया, आजमगढ़। अमर शहीद राजा जयलाल सिंह 100 शैय्या संयुक्त जिला चिकित्सालय में ओपीडी

सुविधा

एक ही आईडी में सुरक्षित रहेगा मरीजों की जांच और उपचार का ब्योरा

पर्ची बनवाने के लिए मरीजों को अब घंटों कतार में खड़े होने से राहत मिलेगी। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत अस्पताल में आभा (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) डिजिटल सेवा शुरू कर दी गई है। इसके तहत अस्पताल परिसर में जगह-जगह क्यूआर कोड लगाए गए हैं। मरीज या तीमारदार



स्मार्टफोन से क्यूआर कोड स्कैन कर कुछ जरूरी विवरण दर्ज करेंगे। इसके बाद मोबाइल पर तत्काल टोकन नंबर जेनरेट हो जाएगा। काउंटर पर टोकन नंबर बताने पर ओपीडी पर्ची उपलब्ध करा दी जाएगी। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. दिनेश प्रसाद सिन्हा ने बताया कि डिजिटल व्यवस्था लागू करने का उद्देश्य ओपीडी काउंटर पर भीड़ कम करने के साथ ही मरीजों के समय की बचत करना है। इससे पंजीकरण की प्रक्रिया आसान और तेज होगी। पैथोलॉजी और एक्स-रे जैसी सेवाओं को भी डिजिटल व्यवस्था से जोड़ने में मदद मिलेगी। सीएमएस के अनुसार आभा आईडी बनने के बाद मरीज के एक्स-रे, लैब डिजिटल रिकॉर्ड के आधार पर जांच और उपचार से संबंधित रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रखा जा सकेगा। भविष्य में मरीज किसी दूसरे सरकारी या पंजीकृत स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने जाता है तो उपलब्ध चिकित्सक उसकी पुरानी जांच और उपचार की जानकारी देख सकेंगे। इससे पहले हो चुकी जांच दोबारा कराने की जरूरत कम होगी और इलाज में भी सहूलियत मिलेगी।

बुजुर्गों और ग्रामीण मरीजों के लिए मदद की व्यवस्था

अतरौलिया। अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि डिजिटल सेवा के कारण किसी मरीज को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। आभा आईडी बनाने और क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीकरण की प्रक्रिया समझाने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को तैनात किया गया है। अस्पताल परिसर में जागरूकता संबंधी पंपलेट भी लगाए गए हैं। जिन मरीजों के पास स्मार्टफोन नहीं है या जो डिजिटल प्रक्रिया का इस्तेमाल नहीं कर सकते, उनके लिए सामान्य पंजीकरण काउंटर से ऑनलाइन पर्ची बनाने की व्यवस्था जारी रहेगी। आधार नंबर और ओटीपी के माध्यम से भी पंजीकरण कराया जा सकेगा। सीएमएस ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आभा आईडी बनवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था से मरीजों का समय बचेगा और उपचार से संबंधित रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने में सुविधा होगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे को लेकर भाकपा माले का प्रदर्शन

आजमगढ़। भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने कुंवर सिंह उद्यान से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआइआर रद करने एवं एसआइआर के बाद चुनी अवैध सरकारों को भंग करने की मांग को लेकर मार्च निकाला। मार्च कुंवर सिंह उद्यान से निकलकर नेहरू हाल होते हुए जिला मुख्यालय पहुंचा। मार्च में ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो, एसआइआर रद करो, वोट चोर कहां मिलेंगे बीजेपी के दफ्तर में आदि नारे लगा रहे थे। मार्च जिला मुख्यालय पर पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया। इस मौके पर भाकपा माले के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण, भाकपा माले जिला प्रभारी विनोद सिंह, रामजीत प्रजापति, बसन्त, सुदर्शन राम, जमुना प्रजापति, हवलदार राम, रामकृष्ण यादव, लालचंद निषाद, हरिश्चंद्र राजभर, शिवम् गिरी, राममूरत चौहान आदि शामिल रहे।

फैसले के दिन उपस्थित न होने पर दो के खिलाफ गैर जमानती वारंट

आजमगढ़। गंभीर रूप से चोट पहुंचाने के मुकदमे में फैसले के दिन कोर्ट में उपस्थित न होने पर अदालत ने दो

कोर्ट में मौजूद दो आरोपियों को तीन-तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा

आरोपियों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया है। वहीं कोर्ट में उपस्थित दो आरोपियों को साधारण मारपीट का दोषी पाते हुए प्रत्येक को तीन-तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। यह फैसला विशेष सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्रा ने गुरुवार को सुनाया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा अमित राय निवासी सरायमोहन, थाना बरदह 12 जून 2021 को अपने दरवाजे पर बैठे थे। तभी दिन में ग्यारह बजे उनके पट्टीदार शिवम राय, अमरनाथ राय, भास्कर राय तथा अवनीश राय ने पुरानी रंजिश को लेकर लाठी-डंडा और गड़ासा से लैस हो अमित राय पर हमला कर दिया। भास्कर राय ने गड़ासा से अमित राय के सर पर प्रहार किया। इस मामले में जांच पूरी करने के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित किया। अभियोजन पक्ष की तरफ एडीजीसी ओम प्रकाश सिंह तथा निर्मल कुमार शर्मा ने कुल सात गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी अमरनाथ राय तथा अवनीश राय को साधारण मारपीट का दोषी पाते हुए प्रत्येक को तीन-तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं आरोपी भाष्कर राय को गंभीर चोटें पहुंचाने का दोषी तथा शिवम राय को साधारण मारपीट का दोषी पाया। लेकिन ये दोनों आरोपी फैसला सुनाते समय अदालत में उपस्थित नहीं थे। इसलिए अदालत ने आरोपी भास्कर राय तथा शिवम राय उर्फ सौरभ राय के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया।

सुभाषित *सज्जनोंकी संगति करनेपर कुछ समय पश्चात ही दुर्जनोंमें भी सज्जनता आ ही जाती है।*
❐ *क्षेत्रचूड़ामणि*

नाविकोंपर हमले

काला सागर अब केवल रूस-यूक्रेन युद्धका सैन्य मोरचा नहीं रह गया है, बल्कि यह वाणिज्यिक जहाजरानीके लिए गम्भीर जोखिम वाला समुद्री क्षेत्र बनता जा रहा है, जो पूरे विश्वके लिए चिन्ताका विषय है। वाणिज्यिक जहाजोंको निशाना बनाया जा रहा है। पिछले ४८ घण्टोंके दौरान चार जहाजोंको निशाना बनाया गया। रूसके समुद्री रिसार्ट शहर सोचीके पास लाइबेरियाई झण्डे वाले तेल टैंकरपर ड्रोन बोटोंसे हमले किये गये। इस टैंकरपर सवार चालक दलके सभी २३ सदस्य भारतीय नाविक थे। इन सभीको रूसी अधिकारीने सुरक्षित निकालकर तटपर पहुंचा दिया, अन्यथा इनकी जान जोखिममें फंस जाती। राहतकी बात यह है कि हमलेमें किसीको चोटें नहीं आयीं। भारतने वाणिज्यिक जहाजों और नाविकोंको निशाना बनाये जानेपर गम्भीर चिन्ता जतायी है और स्पष्टत: कहा है कि नाविक समुदायपर हमले कदापि बर्दाश्त नहीं किये जायंगे। परराष्ट्र मंत्रालयका यह कहना महत्वपूर्ण है कि विवादोंका समाधान कूटनीति और संवादके माध्यमसे होना चाहिए। हमलेके बाद इस टैंकरमें आग लग गयी और काला सागरके पानीमें तेल फैल गया। आगकी तीव्रता बहुत ही अधिक थी। यह घटना छह अक्तूबरकी है। रूसी अधिकारियोंने स्वीकार किया है कि मानवरहित नौ सैनिक पोतोंसे हमला किया गया, जिसके कारण टैंकरमें आग लगी। अग्निशमन दलके लिए जहाजके पास पहुंचनेमें काफी परेशानी उठानी पड़ी। यह घटना इस बातका प्रमाण है कि युद्ध क्षेत्रके निकट काम कर रहे भारतीय समुद्री कर्मचारियोंके समक्ष कितना बड़ा जोखिम पैदा हो चुका है। काला सागर पूरी तरहसे असुरक्षित बन गया है। रूस-यूक्रेन युद्धके कारण समुद्री सुरक्षा व्यवस्था काफी प्रभावित हुई है। काला सागरका जोखिम केवल किसी एक देशके तट या किसी खास समुद्री मार्गतक सीमित नहीं है। भारतीय नाविकोंके लिए यह काफी चिन्ता बढ़ाने वाली घटना है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत नाविक पूरे विश्वमें समुद्री व्यापारमें बड़ी भूमिका निभाते हैं। युद्ध प्रभावित समुद्री मार्गोंपर भारतीय नागरिकोंकी मौजूदगीके कारण किसी भी हमलेका सीधा मानवीय और कूटनीतिक प्रभाव भारतपर पड़ सकता है। यह जहाजोंकी सुरक्षा व्यवस्थाको कटघरेमें खड़ा करता है। इसका अन्तरराष्ट्रीय व्यापारपर भी प्रभाव पड़ रहा है। असुरक्षा बढ़नेसे अनेक आर्थिक परिणाम हो सकते हैं। विशेष चिन्ता यह है कि व्यापारिक जहाजों और सैन्य लक्ष्योंके बीचकी सीमा युद्धमें धुंधली होती जा रही है। भारतके सामने अनेक चुनौतियां है, जिनका समाधान अत्यन्त आवश्यक है।

फल-सब्जीकी शुद्धता संदिग्ध

आजके दौरमें मिलावटी और अशुद्ध खाद्यान्नोंसे पटा बाजार न केवल मानव जीवनपर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है, बल्कि तरह-तरहकी बीमारियोंको भी दावत दे रहा है। दिक्कत यह है कि उपयोगकर्ताको न तो इसकी परख है, न ही जानकारी। इसके चलते लोग स्वास्थ्यवर्धक फलों और सब्जियोंकी जगह घातक रसायनोंका सेवन कर रहे हैं। लोकल सर्कल्सके देशव्यापी सर्वेमें जो खतरनाक तस्वीर उभरकर सामने आयी है, वह न सिर्फ गम्भीर चिन्ताका विषय है, बल्कि पैसेके लोभमें मानवीय मूल्योंके प्रति कारोबारियोंके चारित्रिक पतनकी सीमाको भी रेखांकित करती है। अभीतक तो मिलावटी खाद्यान्न, तेल-घी, मसालेकी परेशानीके सबब बने हुए थे लेकिन अब फल और सब्जियां भी स्वास्थ्यके लिए सुरक्षित नहीं हैं। देशमें लगातार रसायनोंके जरिये फलोंको पकाने और उनको रंगनेके मामले सामने आ रहे हैं, जो स्वास्थ्यके लिए हानिकारक है। नागरिकोंको यह पता नहीं जो फल-सब्जियां वे खा रहे हैं, वे कितनी शुद्ध हैं। सर्वेके अनुसार दो-तिहाई देशवासी इस बातसे अनभिज्ञ हैं कि जो फल और सब्जियां वे खरीद रहे हैं, वे रसायनोंसे पकाये और रंगे गये हैं। वे सिर्फ बाहरी आवरण देखते हैं, जो सुन्दर, चिकने और पके हुए दिखते हैं। यह महज धोखेके अलावा और कुछ नहीं है। अभी लगभग दो महीने पूर्व अगस्तमें कर्नाटकके खाद्य सुरक्षा अधिकारियोंने उडुपी जिलेमें दस हजार किलोग्रामसे अधिक केला जब्त किया था जिसे रसायनके इस्तेमालसे पकाया गया था और रंगा भी गया था। इस छापेमें रसायन भी पकड़ा गया था। इसी तरह आमके सीजनमें बड़ी मात्रामें कृत्रिम रूपसे आम भी पकाये जाते हैं और पकड़े भी जाते हैं। यह अक्षम्य अपराध है, क्योंकि यह लोगोंके स्वास्थ्यसे जुड़ा मामला है। इनके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जानी चाहिए जो दूसरोंके लिए सबक बने। सरकारको भी प्राकृतिक रूपसे पके फल, बिना मिलावट उत्पादोंकी उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए और लोगोंको भी जागरूक करनेकी जरूरत है।

लोक संवाद

बीमारियोंसे बचें

महोदय,- जब मौसम बदलता है तो शरीरको नयी परिस्थितियोंके अनुरूप ढलनेमें समय लगता है। इस दौरान हमारी इम्युनिटी कमजोर हो सकती है, जिससे संक्रमणका खतरा बढ़ सकता है। तापमानमें बदलाव, हवामें नमी और प्रदूषणका स्तर घटने या बढ़नेसे हमारी प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। इसलिए बदलते मौसममें सेहतका ध्यान रखना बहुत जरूरी है।बदलते मौसममें सेहतका ख्याल रखना बेहद आवश्यक होता है, क्योंकि इस दौरान तापमानमें बार-बार बदलाव होता है। ऐसेमें बुखार आना, गलेमें खराश, खांसी होना, जुकाम जैसे मामले काफी ज्यादा देखनेमें आते हैं। सितंबर मानसूनका आखिरी महीना है और अब धीरे-धीरे दिन सर्दियोंकी तरफ बढ़ रहे हैं। ऐसेमें जरूरी है कि आप अपनी सेहतपर ध्यान दें, ताकि मौसमी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओंसे बचे रहें। जानिये बदलते मौसममें हमारी बॉडीमें क्या बदलाव आते हैं और किन बातोंको ध्यानमें रखकर, इस दौरान होने वाली हैल्थ प्रॉब्लमसे बचा जा सकता है। अभी धूप खिली है और अचानक बादल आनेके साथ तेज हवाएं सर्दी बढ़ा दें, साथ ही बारिशसे मौसममें नमी भी बढ़ जाय तो इसका सेहतपर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। आपको भी यदि इस समय गलेमें खराश, खांसी, जुकाम जैसी समस्याएं परेशान कर रही हैं तो जान लें इसकी वजह और बचावके तरीके। बदलते मौसममें तापमान और वातावरणमें नमी होने जैसे बदलावोंके कारण शरीरमें कफ और वातका संतुलन प्रभावित हो सकता है, जिससे सुबहके समय गला सूखने, खराश या खांसी जैसी शिकायत हो सकती है। सूखी हवा भी गलेका सूखापन बढ़ा सकती है। कोशिश करनी चाहिए कि कमरेका तापमान सही रहे और हमेशा नाकसे ही सांस खींचने-छोड़नेकी आदत डालनी चाहिए। बदलते मौसममें दिखाई देने वाले हल्के-फुल्के लक्षणों (जैसे गलेमें खराश होना, गला सूखना) में पर्याप्त मात्रामें गुनगुना पानी पीना चाहिए। इसके अलावा सुबह उठकर भाप लेनेसे भी आपको राहत महसूस होती है। आप रातमें सोनेसे पहले भी भाप ले सकते हैं। इससे कफको हटानेमें मदद मिलती है और आप बढ़िया नींद ले पाते हैं। यदि खांसी लगातार बनी रहे, सांस लेनेमें परेशानी हो या बुखार जैसे लक्षण हों तो ऐसेमें सावधानियां बरतनेके साथ ही डाक्टरसे जांच करानी चाहिए ताकि आप सही ट्रीटमेंट ले सकें। मरीजको बच्चोंसे दूर रखना चाहिए, क्योंकि उनकी इम्युनिटी कमजोर होती है और इस दौरान वायरल हैल्थ प्रॉब्लम एकसे दूसरेमें पहुंच सकती है। मौसममें खान-पानका ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है, क्योंकि इसीसे इम्युनिटी मजबूत होती है। हमेशा घरपर बना ताजा और हल्का, जल्दी पचने वाला खाना खायें, क्योंकि इस दौरान पाचन भी धीमा हो जाता है। बाहरकी चीजों (खासकर जंक फूड), ज्यादा फैट वाले फूड्स और पैक्ड फूडसे दूरी बनानी चाहिए। अपने खानेमें अदरक, लहसुनए जीरा, अजवायन, हल्दी आदिका उपयोग करें। ये मसाले औषधीय गुणोंसे भरपूर होते हैं। दिनभरमें पर्याप्त मात्रामें पानी पीते रहें। कोशिश करें कि नॉर्मल टेंप्रेचर या फिर गुनगुने पानीको ही पियें। **-प्रिया यादव, वाया ईमेल।**

विदेशी पूंजीकी अहमियत

रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा जारी आंकड़ोंके मुताबिक २५ सितंबरतक भारतका विदेशी मुद्रा भंडार ७४७.६ अरब डालरके स्तरपर पहुंचते हुए भारतीय अर्थव्यवस्थाके लिए मजबूत आर्थिक सुरक्षा कवच बन गया है। भारत दुनियामें चीन, जापान और स्विट्जरलैंडके बाद चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार रखने वाला देश बन गया है।

❐ **डा.जयंती लाल भंडारी**

भारत दुनियामें चीन, जापान और स्विट्जरलैंडके बाद चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार रखने वाला देश बन गया है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि पिछले माह १२-१३ सितंबरको नयी दिल्लीमें आयोजित १८वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलनके बाद ब्रिक्स देशोंसे भारतमें प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़नेकी संभावनाएं बढ़ी हैं। इस बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलनमें यूएई और सऊदी अरब जैसे देशोंकी उपस्थितिसे भारतके बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टरमें बड़े पैमानेपर निवेश आनेकी उम्मीद है। इस शिखर सम्मेलनके दौरान ब्रिक्स देशोंके बीच कृषि, तकनीक और वित्त क्षेत्रोंमें आपसी साझेदारी बढ़ानेपर जोर दिया गया है, जिससे भारतमें प्राइवेट सेक्टरके निवेशको बढ़ावा मिलेगा। ब्रिक्सके विस्तारसे नये ब्रिक्स देशोंमें भारतीय सामान और सेवाओंके निर्यातके नये दरवाजे खुले हैं। इस सम्मेलनने वैश्विक आर्थिक सहयोग और कूटनीतिक प्रभावको मजबूत करनेमें अहम भूमिका निभायी है, जिससे वैश्विक निवेशकोंका भारतपर भरोसा बढ़ा है। इन सबसे भारतमें विदेशी निवेश बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि भारतका रिकॉर्ड विदेशी मुद्रा भंडार भारतके लिए कई दृष्टिकोणोंसे लाभप्रद है। यह वैश्विक अनिश्चितताओंके बीच देशको आर्थिक स्थिरता प्रदान करता है।



अमेरिकी डालरके मुकाबले रुपयेमें आने वाले उतार-चढ़ावको नियंत्रित करनेके लिए रिजर्व बैंक इस भंडारका उपयोग करता है, जिससे भारतीय मुद्रा मजबूत बनी रहती है। चूंकि भारत अपनी जरूरतका अधिकांश कच्चा तेल आयात करता है, अतएव यह विशाल भंडार देशको १०-१२ महीनेसे अधिकके निर्बाध आयातके लिए वित्तीय सुरक्षा देता है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार विदेशी निवेशकोंको आकर्षित करता है, क्योंकि यह देशकी ऋण चुकानेकी क्षमता और वित्तीय मजबूतीको दर्शाता है। मजबूत आर्थिक स्थितिके कारण वैश्विक रेटिंग एजेंसियां देशकी क्रेडिट रेटिंग सुधारती हैं, जिससे भारतीय कम्पनियोंको अंतरराष्ट्रीय बाजारसे सस्ती दरोंपर कर्ज मिलता है। वैश्विक युद्ध, महंगी या अन्य देशोंके केन्द्रीय बैंकोंके फैसलोंसे उत्पन्न आर्थिक संकटोंको झेलनेमें विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षा कवचकी तरह मदद करता है। गौरतलब है कि हालमें जहां विभिन्न वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों-जापानी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (जेसीआर), एसएंडपी रेटिंग्स और फिच रेटिंग्सने भारतके विदेशी मुद्रा भंडारकी मजबूतीको रेखांकित किया है, वहीं भारतीय रिजर्व बैंककी विशेष डालर-रुपये विदेशी मुद्रा अदला-बदली (फॉरेक्स स्वैप) सुविधाके तहत अभूतपूर्व सफलताने वैश्विक वित्तीय जगतमें भारतकी आर्थिक साख और मजबूतीका एक नया अध्याय लिख दिया है। यह महत्वपूर्ण है कि ८ जून २०२६ को शुरू की गयी इस योजनाके प्रति अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) ने ऐसा अभूतपूर्व उत्साह दिखाया कि आरबीआईको अपने लक्ष्य समयसे पहले ही निर्धारित लक्ष्य हासिल हो गये। यह परिदृश्य बताता है कि भारतीय अर्थव्यवस्थाके प्रति वैश्विक स्तरपर निवेशकोंका भरोसा अटूट है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि गत १८ अगस्तको गजट अधिसूचनाके बाद लागू कराधान एवं अन्य कानून (संशोधन) अधिनियम २०२६ अब भारतमें विदेशी पूंजीको आकर्षित करने, कर व्यवस्थामें स्पष्टता लाने और घरेलू विनिर्माणको सुदृढ़ बनानेके परिप्रेक्ष्यमें अत्यंत अहम भूमिका निभायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य भारतको वैश्विक पूंजी और व्यापारके लिए अधिक आकर्षक एवं भरोसेमंद गंतव्य बनाना है।

यह अपतटीय निवेश कोषों (ऑफशोर इन्वेस्टमेंट फंड्स) और फंड प्रबंधकोंके लिए नियमोंको सरल बनाता है, जिससे भारतसे परिचालन करने वाले कोष प्रबंधकोंको कर संबंधी जटिलताओंका सामना न करना पड़े। इससे वैश्विक केन्द्रोंमें कार्यरत भारतीय एवं विदेशी प्रबंधक सुगमतासे भारतकी ओर रुख करेंगे। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्रके लिए उपकरण आपूर्तिपर मिलने वाली आयकर छूटको वर्ष २०४०-४१ तक विस्तारित किया गया है। सीमा शुल्क-बंधित (कस्टम्स-बाण्डेड) गोदामोंमें इलेक्ट्रॉनिक घटकोंके भंडारणको कर-मुक्त करने और डेटा सेंटरोंके लिए प्रक्रियाओंको सुगम बनानेसे वैश्विक कम्पनियां भारतमें बड़े पैमानेपर निवेशके लिए आकर्षित होंगी। इससे रोजगारके नये अवसर भी सृजित होंगे। यह भी उल्लेखनीय है कि २१ साल बाद यानी वर्ष २०४७ तक भारतको विकसित देश बनाने और लगभग ३०-३५ ट्रिलियन डालरकी अर्थव्यवस्था बनाने और प्रति व्यक्ति आय करीब १८००० डालर करनेके लिए बुनियादी ढांचे, तकनीक और विनिर्माण क्षेत्रमें भारी निवेशकी आवश्यकता है। इस लक्ष्यको प्राप्त करनेके लिए भारतको लगातार औसतन करीब नौ प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर बनाये रखनी होगी। इतने बड़े विकास लक्ष्यको अकेले घरेलू संसाधनोंसे पूरा करना संभव नहीं होगा, इसलिए विदेशी पूंजी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि आर्थिक सुधारोंके पिछले ३५ वर्षोंमें जो विदेशी मुद्रा भारतमें धीमी गतिसे आयी है, अब कराधान और अन्य कानून (संशोधन) अधिनियम २०२६ के लागू होनेके बाद भारतकी ओर विदेशी मुद्राके प्रवाहमें तेजी आनेकी पूरी संभावनाएं हैं। यदि हम भारतमें विदेशी पूंजी आकर्षित करनेके ऐतिहासिक प्रयासोंपर दृष्टि डालें तो पाते हैं कि १९९१ के आर्थिक संकटके बाद तत्कालीन प्रधान मंत्री पीवी नरसिम्हा राव और वित्तमंत्री डा. मनमोहन सिंह द्वारा आर्थिक सुधारोंका नया दौर शुरू किया गया था।

तबसे अबतक विदेशी निवेशको आकर्षित करनेके लिए निरन्तर कई ठोस कदम उठाये गये हैं। बीमा, दूरसंचार और खुदरा (रिटेल) जैसे प्रमुख क्षेत्रोंमें प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाकर सौ प्रतिशततक कर दी गयी है। रक्षा क्षेत्रमें भी कुछ शर्तों और नियमोंके साथ सौ प्रतिशत एफडीआईकी अनुमति दी गयी है। अधिकांश क्षेत्रोंमें पूर्व-सरकारी अनुमतिके बिना (स्वचालित मार्गसे) निवेश करनेकी छूट प्रदान की गयी। पुराने और कठोर 'फेरा' (एफईआरए) कानूनको समाप्त कर लचीला 'फेमा' (एफईएमए) लागू किया गया जिससे विदेशी मुद्राका प्रवाह और लेनदेन आसान हो गया। देशको वैश्विक विनिर्माण केन्द्रके रूपमें स्थापित करने और विदेशी कम्पनियोंको आकर्षित करनेके लिए मेक इन इंडिया अभियान शुरू किया गया। निवेशकोंको करमें छूटए सरल नियम और आधुनिक बुनियादी ढांचा उपलब्ध करानेके लिए विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड)का विकास किया गया।

व्यापारको गति देनेके लिए चालू खातेपर रुपयेको पूरी तरहसे परिवर्तनीय बनाया गया तथा भारतीय शेयर बाजारमें विदेशी संस्थागत और पोर्टफोलियो निवेशकोंके लिए नियमोंको सरल किया गया। इन विभिन्न बहुआयामी प्रयासोंके बावजूद भारतमें टिकाऊ विदेशी पूंजी आकर्षित करनेके लिए कई ठोस सुधारोंकी आवश्यकता है। केवल बड़े घरेलू बाजार और उच्च विकास दरके भरोसे रहना पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए देशके नियामक ढांचे, कर प्रणाली और कानूनी तंत्रमें व्यापक बदलाव अनिवार्य हैं। दीर्घकालिक निवेशके लिए स्थिर नीतियां पहली प्राथमिक शर्त हैं।

प्रमुख विनिर्माण क्षेत्रोंमें उत्पादन बढ़ाने वाली कम्पनियोंको वित्तीय प्रोत्साहन देनेके लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) जैसी व्यवस्थाएं की गयीं। व्यापारको गति देनेके लिए चालू खातेपर रुपयेको पूरी तरहसे परिवर्तनीय बनाया गया तथा भारतीय शेयर बाजारमें विदेशी संस्थागत और पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए नियमोंको सरल किया गया। इन विभिन्न बहुआयामी प्रयासोंके बावजूद भारतमें टिकाऊ विदेशी पूंजी आकर्षित करनेके लिए अब भी कई ठोस सुधारोंकी आवश्यकता है। केवल बड़े घरेलू बाजार और उच्च विकास दरके भरोसे रहना पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए देशके नियामक ढांचे, कर प्रणाली और कानूनी तंत्रमें व्यापक बदलाव अनिवार्य हैं। दीर्घकालिक निवेशके लिए स्थिर नीतियां पहली प्राथमिक शर्त हैं। कर नियमों, सीमा शुल्क और क्षेत्र-विशेषके प्रावधानोंमें अचानक होने वाले परिवर्तनोंसे निवेशक दूर भागते हैं।

कृतज्ञता अर्पित करनेका अवसर

श्राद्ध और तर्पण केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, स्मृति, कृतज्ञता और पीढ़ियोंसे मिले संस्कारोंको समझने की परम्परा है। हमारा व्यवहार, आदतें और जीनेके कुछ तरीके भी पिछली पढ़ियोंसे हमतक पहुंचते हैं। यही भारतीय संस्कृति है।

❐ **गणेश काला**

विज्ञानके मुताबिक हमारी जैविक संरचनामें डीएनएकी अहम भूमिका है। हमें अपने माता-पितासे आनुवंशिक सामग्री मिलती है और इस तरह जैविक निरन्तरता पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती रहती है। वहीं शोधोंमें सामने आया कि जीनकी अभिव्यक्तिपर माहौल, जीवनशैली और अनुभवोंका प्रभाव पड़ सकता है। इसे समझनेको एपिजेनेटिक्स अहम क्षेत्र है। यहींसे भारतीय परम्परामें पूर्वजोंके स्मरण एवं श्राद्ध-तर्पणको देखनेका नया रास्ता खुलता है। मानव शरीरका बड़ा हिस्सा जलसे बना है। भारतीय दर्शनने जलको पंचमहाभूतोंमें स्थान दिया। वहीं तर्पणमें जल अर्पित करनेमें गहरा सांस्कृतिक प्रतीक है-मैं अपने अस्तित्वकी उस धाराको स्वीकार करता हूं, जो मुझसे पहले भी थी और मेरे बाद भी आगे जायगी। जल अर्पित करते समय व्यक्ति पूर्वजोंका नाम लेता है। अपने अतीतको याद कर स्वीकार करता है कि उसका वर्तमान अकेले उसने नहीं बनाया। यह प्रक्रिया मनोवैज्ञानिक स्तरपर भी महत्वपूर्ण है। कई भावनाएं ऐसी होती हैं, जिन्हें हम व्यक्त नहीं कर पाते। किसी पूर्वजके प्रति कृतज्ञता, पुराने पारिवारिक दु:खकी याद या पीढ़ियोंसे चली आ रही अनकही कहानी-इन सबका हमारे मनपर प्रभाव हो सकता है। श्राद्ध व्यक्तिको उन भावनाओंको देखने और स्वीकार करनेका अवसर देता है। हम केवल अपना वर्तमान लेकर पैदा नहीं होते। हमारा व्यक्तित्व परिवार, समाज, संस्कार, वातावरण और अनुभवोंसे बनता है। परिवारमें पीढ़ियोंसे चली आ रही कुछ आदतें और व्यवहार भी अगली पीढ़ियोंमें दिख सकते हैं। लेकिन इसे सीधे यह कहना कि पूर्वजोंकी स्मृतियां डीएनएमें रिकॉर्ड होकर उसी रूपमें हमारे भीतर चलती हैं, वैज्ञानिक रूपसे सही नहीं होगा। डीएनए और व्यवहारके बीच संबंध कहीं अधिक जटिल है।

आनुवंशिकता, वातावरण और जीन-अभिव्यक्तिके अध्ययनने यह समझनेका रास्ता जरूर खोला है कि जीवनके अनुभव जैविक प्रक्रियाओंको प्रभावित कर सकते हैं। इसीलिए वैज्ञानिक पीढ़ियों के बीच जैविक और पर्यावरणीय प्रभावोंका अध्ययन करते हैं। इस दृष्टिसे पूर्वजोंके डीएनए पैटर्नकी हीलिंगको वैज्ञानिक सिद्ध तथ्यके बजाय एक विचारात्मक रूपकके रूपमें समझना अधिक उचित होगा। जल और भावनाओंके संबंधकी चर्चामें जापानी लेखक और शोधकर्ता मसारू इमोटोका नाम अक्सर लिया जाता है। हालांकि उनके निष्कर्षोंको मुख्यधाराके वैज्ञानिक प्रमाणके रूपमें स्वीकार नहीं किया जाता है। फिर भी भारतीय तर्पण परम्पराको समझनेमें जलका प्रतीकात्मक महत्व इससे कहीं पुराना है। भारतीय चिंतनमें जल केवल भौतिक पदार्थ नहीं, जीवन और चेतनाकी यात्राका प्रतीक भी रहा है। इसलिए तर्पणके समय जल अर्पित करनेको ऐसी सांस्कृतिक प्रक्रिया मान सकते हैं, जिसमें व्यक्ति अपने अतीतके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है एवं अपना वर्तमान उस परम्परासे जोड़ता है।

श्राद्धका सबसे बड़ा परिवर्तन शायद हमारे भीतर होता है। जब कोई श्रद्धासे अपने पूर्वजोंको स्मरण करता है तो वह स्वयं अपने जीवनको देखने लगता है कि जीवन केवल 'मैं' तक सीमित नहीं है। मेरे भीतर मेरे माता-पिता हैं। मेरे माता-पिताके भीतर उनके माता-पिताकी जीवन-कथा है। इस प्रकार मनुष्य स्वयंको एक लम्बी जीवन-शृंखलाकी कड़ीके रूपमें देख सकता है। यहीं श्राद्ध कृतज्ञताकी परम्परा बन जाता है। अद्वैत दर्शन भी कहता है कि अस्तित्व मूलत: विभाजित नहीं है। व्यक्ति स्वयंको अलग मानता है, लेकिन व्यापक अस्तित्वमें सब एक ही निरन्तरताका हिस्सा हैं। आधुनिक विज्ञानकी भाषा अलग है। विज्ञान पदार्थ और ऊर्जा, कोशिका, अणु, परमाणु, आनुवंशिकी और जैविक प्रक्रियाओंकी बात करता है। फिर भी दोनोंके बीच एक संवाद संभव है। ब्रह्मांडमें पदार्थ निरन्तर रूप बदलता है। पृथ्वीके तत्व हमारे शरीरका हिस्सा बनते हैं। भोजन शरीरमें जाता है। शरीर प्रकृतिमें लौटता है। जीवनकी जैविक निरन्तरता पीढ़ियोंके जरिये आगे बढ़ती है। भारतीय चिंतन इसी निरन्तरताको पंचमहाभूत, जीवन-चक्र और पूर्वज परम्पराकी भाषामें देखता रहा है। वैज्ञानिक प्रमाण यह नहीं कहते कि श्राद्ध या तर्पण करनेसे किसीका डीएनए सीधे बदल जाता है। इसी तरह तर्पणको आनुवंशिक रोगोंके उपचारका वैज्ञानिक तरीका भी नहीं माना जा सकता। लेकिन मनुष्य केवल डीएनए नहीं। उसके भीतर स्मृतियां हैं, भावनाएं हैं, रिश्ते, संस्कार हैं और जीवनको देखनेकी धारणाएं हैं। यदि किसी पारिवारिक दुखको समझने, स्वीकारने एवं उसके साथ स्वस्थ संबंध बनानेसे व्यक्तिके तनाव और व्यवहारमें सकारात्मक बदलाव आता है तो उसका प्रभाव मानसिक सेहतपर पड़ सकता है। इस तरह हीलिंगका अर्थ डीएनए बदलना नहीं, बल्कि अपने भीतर पीढ़ियोंसे चली आ रही भावनात्मक एवं व्यावहारिक धारणाएं पहचानना हो सकता है।

आजकल बच्चोंको अपने दादा-दादी और परदादा-परदादीकी कहानियांतक पता नहीं होतीं। ऐसे समयमें श्राद्ध हमें पूछनेका अवसर देता है-हम कहांसे आये हैं और आने वाली पीढ़ीको हम क्या देकर जायंगे। शायद तर्पण केवल अतीतको जल देनेका नाम नहीं। खुदमें कृतज्ञता जगानेका अवसर भी है। यह भी कि हम एक लम्बी जीवन-यात्राकी कड़ी हैं। शायद यही श्राद्धकी मनोवैज्ञानिक व्याख्या है-पूर्वजोंको मुक्त करनेसे पहले अपने भीतर जमा भावनाओंको मुक्त करना। जब श्रद्धा भयसे निकलकर कृतज्ञता बनती है, तब श्राद्ध केवल एक कर्मकांड नहीं रहता। वह आत्मचिंतन बन जाता है, परिवारकी स्मृति बन जाता है और आने वाली पीढ़ीके प्रति हमारी जिम्मेदारीका स्मरण बन जाता है।



सृष्टिका नियम

❐ **श्रीराम शर्मा**

इस सृष्टिके कण-कणका विधान परमात्माके हाथमें है। उसे चाहे अटल नियम कहें। मनुष्यका निजका भी अपने भाग्य-विधानसे कुछ संबंध अवश्य है। इस बातसे इनकार नहीं किया जा सकता कि मनुष्य स्वाधीन नहीं है, उसका जीवन परमात्माके विधानके अनुसार ही चलता है। न्यायकी दृष्टिसे उसका विधान भी स्वतंत्र होना चाहिए। यह बात ठीक भी है। ईश्वरने कर्म फलका एक सुदृढ़ नियम बना दिया है, इसीके अनुसार मनुष्यका भाग्य बनता बिगड़ता है। भ्रम इस बातसे पैदा हो जाता है कि कई बार प्रत्यक्ष रूपसे कर्म करनेपर भी विपरीत परिणाम प्राप्त हो जाते हैं तो लोग उसे भाग्यचक्र मानकर परमात्माको दोष देने लगते हैं। किन्तु यह भाग्य तो अपने पूर्व संचित कर्मोंका ही परिणाम है। यहां मनुष्य जीवनके विराट रूपकी कल्पना की गयी है और एक जीवनका दूसरे जीवनसे संस्कारजन्य संबंध माना गया है। इस दृष्टिसे भी जिसे आज भाग्य कहकर पुकारते हैं, यह भी कलके अपने ही कर्मका परिणाम है। सृष्टिके प्राणियोंमें चेष्टा न हो तो अबतक जो ऐतिहासिक विकास हुआ है, उसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी। भाग्यका रोना रोनेका अर्थ तो इतना ही समझमें आता है कि हम अपने कर्मके लिए सचेत नहीं हो पाये हैं। अपनी शक्तियोंका दुरुपयोग अब नहीं तो तब किया था, जिसका कट आघात भोगना पड़ रहा है, परन्तु प्राकृतिक विधानके अनुसार तो यह भाग्य अपनी ही रचना है। अपने ही किये हुए का प्रतिफल है। मनुष्य भाग्यके वशमें नहीं हो सकता, क्योंकि उसका निर्माता मनुष्य स्वयं है। परमात्माके न्यायमें अभेद देखें तो यही बात पुष्ट होती है कि भाग्य स्वयं हमारे द्वारा अपनेको संपन्न करता है, उसका स्वतंत्र अस्तित्व कुछ भी नहीं है। वास्तवमें हमें शिक्षा लेनी चाहिए कि कर्म फल किसी भी दशामें नष्ट नहीं होता। किसी न किसी समय वह अवश्य सामने आता है। विवशतावश उस समय उसे भले ही भाग्य कहकर टाल दिया जाय, परन्तु उससे कर्म फलका सिद्धांत तो नहीं मिट सकता। हम जैसा करेंगे वैसा ही तो भरेंगे। यदि स्वच्छापूर्वक परमात्मा ही जिसे जो जी चाहे देने लगे तो इस सृष्टिकी सारी न्याय, व्यवस्था बिगड़ जायगी। हम उस स्वतंत्रताको किस तरह काममें लगायें, यह एक अलग बात है, किन्तु अपना कल्याण करनेका अधिकार हमें ही है। न इसके लिए किसीको दोषी ठहराया जा सकता है और न किसीके भरोसे ही बैठा जा सकता है।

बसपाके लिए अस्तित्व बचानेका प्रश्न

❐ **रोहित माहेश्वरी**

बहुजन समाज पार्टीके सामने आज अपने अस्तित्वको बचानेका बड़ा संकट है। कांशीराम द्वारा स्थापित और मायावतीके नेतृत्वमें चार बार उत्तर प्रदेशकी सत्ता संभालने वाली यह पार्टी वर्तमानमें अपने सबसे कठिन दौरसे गुजर रही है। यूपीमें बसपाका मुख्य वोट बैंक खासकर दलित समुदाय तेजीसे खिसका है। २०२२ के विधानसभा चुनावमें पार्टीको सिर्फ एक सीट मिली और उसका वोट शेयर गिरकर लगभग १२.८ फीसदी रह गया। २०२४ के लोकसभा चुनावमें यूपीकी ८० सीटोंमेंसे बसपा एक भी सीट नहीं जीत सकी और उसका वोट शेयर घटकर ९.३९ फीसदीपर आ गया। गैर-जाटव दलित और अति पिछड़ी जातियां धीरे-धीरे भाजपाकी ओर आकर्षित हुई हैं, जबकि जाटव वोट बैंकका एक बड़ा हिस्सा इंडी गठबंधनकी तरफ स्थानांतरित हुआ है। जमीनपर बसपाके आन्दोलनों और आक्रामक राजनीतिकी कमीको भी इस गिरावटकी एक मुख्य वजह माना जाता है। जमीनी हालातों केस वाकिफ मायावती २००७ की तर्जपर दलित और अन्य सभी वर्गोंको साधकर अपना पुराना सामाजिक आधार और वोट बैंक वापस पानेकी कोशिश कर रही है। मायावतीने संकेत दिये हैं कि बसपा अगले विधानसभा चुनावमें उसी बहुजन सोशल इंजीनियरिंग मॉडलको अपनायेगी जिसे वह पहले भी अपनाती रही है। मायावतीकी रणनीति इन समुदायोंके बीच यह संदेश देन की है कि वे सिर्फ वोट बैंक नहीं हैं। वे सत्ता चलाने वाला वर्ग भी बन सकते हैं। बीएसपीपर मायावतीका हमेशा पूरा नियंत्रण रहा है, लेकिन पार्टीके मालिकाना हकको लेकर पारिवारिक कलह सामने आयी थी।

मायावतीने समय रहते स्थितिपर नियंत्रण पा लिया है। विधानसभा चुनावमें पहली बार मायावती अपने भतीजों आकाश और ईशान आनन्दके साथ मिलकर पार्टीके चुनाव प्रचारकी कमान संभालेंगी। बसपाके इतिहासमें ऐसा पहली बार होगा जब मायावतीका परिवार किसी चुनावमें एक साथ प्रचार मैदानमें उतरेगा। मायावतीने पार्टीसे निष्कासनके एक महीनेसे भी कम समयके भीतर आकाश आनन्दकी बसपामें वापसी करायी और उन्हें फिरसे राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त कर दिया। आकाश इस बार विधानसभा चुनावोंतक पार्टीमें बने रहते हैं तो यूपीमें यह उनका पहला पूर्णकालिक चुनाव प्रचार अभियान होगा। आकाशने यूपीमें अबतक कोई चुनाव नहीं लड़ा है, जबकि छोटे भाई ईशान आनन्दको हालमें पार्टीमें राष्ट्रीय संयोजकका पद सौंपा गया है।मायावतीने आकाश आनन्दको २०२४ के लोकसभा चुनावोंके दौरान बसपाके स्टार प्रचारकोंके रूपमें लांच किया था, लेकिन राज्यमें तीसरे चरणके मतदानके बाद ७ मईको मायावतीने उन्हें पार्टी पदोंसे हटा दिया था, जिससे उनका चुनाव प्रचार बीचमें ही रुक गया था। इसके बाद दूसरी बारीमें आकाशने १० अगस्तको हाथरससे उत्तर प्रदेश चुनावोंके लिए अपने अभियानकी शुरुआत की थी और २५ अगस्तको गौतम बुद्ध नगरके जेवरमें एक जनसभाको संबोधित किया था, लेकिन १० सितंबरको उन्हें अचानक पार्टीसे हटा दिया गया था। अब मायावती द्वारा उन्हें फिरसे शीर्ष भूमिका सौंपे जानेके बाद, राज्यमें उनकी जनसभाओंका नया कार्यक्रम तैयार किया जा सकता है। अब एक बार फिर आकाशकी एंट्रीसे बसपामें नया परिवर्तन देखनेको मिल सकता है। हालांकि पार्टी नेतृत्वने अभी यह तय नहीं किया है कि दोनों भाई यूपीमें रैलियों और जनसभाओंको संबोधित करेंगे या नहीं।

यदि बुआ मायावतीकी ओरसे मौका मिलता है तो दोनों भाई बसपाके प्रचार अभियानमें सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। ये तय है कि मायावती दोनोंको अहम जिम्मेदारी देगी। हालमें मायावतीने जेन-जी और जेन-अल्फाके विरोध प्रदर्शनोंका खुलकर समर्थन किया है और युवाओंको अपनी पार्टीसे जोड़नेमें जुटी हैं। ऐसेमें 'आनंद बंधुओं' को युवाओंको साधनेपर फोकस कर सकती हैं। पार्टीके सामने सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि क्या आकाश और ईशान युवाओंको पार्टीसे जोड़कर कांशीरामके दौर वाले कैडरको पुनर्जीवित कर पायंगे।बीएसपीने उत्तर प्रदेशमें आखिरी बार २००७ में सरकार बनायी थी। इस चुनावमें पार्टीको उत्तर प्रदेशकी कुल ४०३ विधानसभा सीटोंमेंसे २०६ पर कामयाबी मिली थी। इस चुनावमें बीएसपीकी जीतका सेहरा उस सोशल इंजीनियरिंगके सिर बंधा था जिसके तहत पार्टी ब्राह्मण मतदाताओंको अपनी तरह खींचनेमें कामयाब रही थी। लगातार १५ साल उत्तर प्रदेशकी सत्तासे बाहर रहनेके बाद २०२७ के उत्तर प्रदेश चुनावमें पार्टीने फिर एक बार ब्राह्मण वोटोंपर अपनी नजरें टिकाई हैं। पार्टीका मानना है कि पिछले १५ सालमें समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टीमें ब्राह्मणोंकी उपेक्षा और उनके साथ हुए दुर्व्यवहारके वजहसे इस बार ब्राह्मण समुदायका वोट उसे ही मिलेगा।मायावतीने कई मौकोंपर दोहराया है कि जैसे २००७ के चुनावमें बसपाने ब्राह्मण समुदायको पर्याप्त टिकट दिये थे और पूर्ण बहुमतकी सरकार बनायी थी, वैसे ही २०२७ में भी ब्राह्मण नेताओंको उचित प्रतिनिधित्व और टिकट दिये जायंगे। बसपाका यह दांव इसलिए भी ज्यादा महत्वपूर्ण है, क्योंकि यूजीसी कानूनको लेकर ब्राह्मणोंके आक्रोशने भाजपाकी चिन्ता बढ़ाया है। ब्राह्मण समाजको जहां भाजपा अपना परम्परागत वोट मानती है। वहीं इस बार सपा और बसपाने इस समाजपर नये सिरेसे डोरा डालनेका प्रयास किया है।

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब वे तीन राज्य हैं जहां बसपाकी मौजूदगी है। इन राज्योंमें अगले साल फरवरी-मार्चमें विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। बहुजन समाज पार्टी अपने सबसे बुरे दौरसे गुजर रही है। बसपाका कोई भी लोकसभा सांसद नहीं है। राज्यसभामें उनके एकमात्र सांसद रामजी गौतम हैं। किसी समय उत्तर प्रदेशमें मजबूत राजनीतिक वर्चस्व रखने वाली मायावतीकी पार्टीके अब तीन राज्योंमें सिर्फ चार विधायक हैं। बसपाके उत्तराखंडमें दो विधायक लक्सर और मंगलौर विधानसभा क्षेत्रसे हैं। उत्तर प्रदेशमें बसपाके एकमात्र विधायक बलियाकी रसड़ा सीटसे उमाशंकर सिंहका कुछ समय पहले निधन हो गया है। पंजाबमें भी बसपाके एक मात्र विधायक डा. नछत्तर पाल, नवांशहर सीट हैं। मायावती आमजनसे सीधा संपर्क बनाकर पार्टीको मजबूत करनेकी कोशिशमें जुटने वाली हैं। वास्तवमें मायावतीके लिए यूपीका अगला चुनाव बड़ी चुनौती है। बीएसपी अब अपने अस्तित्वके लिए लड़ रही है। बीएसपीका न तो अब लोकसभा या राज्यसभामें कोई सांसद है, न ही उत्तर प्रदेश विधानसभामें विधायक या एमएलसी है। ऐसेमें बीएसपीकी राष्ट्रीय पार्टीकी मान्यता खतरेमें है।

व्यापारियों के लिए चीनी स्टाक सीमा घटाकर हुई 1000 क्विंटल

जमाखोरी और सट्टेबाजी रोकने के लिए उठाया कदम

नयी दिल्ली। त्यौहारों के सीजन से पहले चीनी के बढ़ते दामों से परेशान आम जनता को राहत देने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने चीनी की कीमतों और बाजार में इसकी सुचारू सप्लाई बनाए रखने के लिए व्यापारियों के लिए चीनी स्टॉक रखने की सीमा को घटाकर अधिकतम 1000 क्विंटल कर दिया है। सरकार द्वारा जारी किया गया यह नया नियम 15 अक्टूबर से 30 नवंबर तक लागू रहेगा। इसके साथ ही सरकार ने व्यापारियों के पास चीनी रखने की समय सीमा को भी घटाकर 15 दिन कर दिया है। यानी अब व्यापारियों को चीनी प्राप्त होने के बाद उसे 15 दिनों से ज्यादा समय तक अपने पास स्टॉक करके रखने की अनुमति नहीं होगी। इससे पहले सरकार ने अगस्त के महीने में व्यापारियों को अधिकतम 4000 क्विंटल तक चीनी का स्टॉक रखने और उसे 30 दिनों तक होल्ड करने की इजाजत दी थी। इसके बाद 15 सितंबर से इस सीमा को घटाकर 2000 क्विंटल किया गया था और अब इसे और घटाकर 1000 क्विंटल कर दिया गया है।

सरकार के अनुसार, इस कड़े फैसले का मुख्य उद्देश्य चीनी की कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकना है। सरकार चाहती है कि चीनी मिलों से निकलने के बाद व्यापारियों के पास लंबे समय तक न अटकी रहे, बल्कि जल्द से जल्द बाजार में पहुंचे ताकि आम लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सके। इससे बाजार में चीनी की कृत्रिम कमी पैदा करने और सट्टेबाजी को रोकने में मदद मिलेगी। खाद्य मंत्रालय के अनुसार, चीनी की औसत खुदरा कीमतें अगस्त के अपने उच्चतम स्तर की तुलना में लगभग 15त्न तक कम हो चुकी हैं। वहीं, चीनी मिलों के स्तर पर कीमतों में करीब 28त्न की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले तीन हफ्तों से मिल स्तर पर चीनी के दाम लगभग स्थिर बने हुए हैं और आने वाले समय में खुदरा दरों में और कमी आने की संभावना जताई गई है। सरकार ने इस नए नियम से दो क्षेत्रों को मुक्त रखा है। यह नियम असम और कोलकाता व उसके आसपास के विस्तारित महानगरीय क्षेत्र पर लागू नहीं होगा। सरकार के मुताबिक, इन क्षेत्रों में पहले से ही चीनी की सीमित खपत होती है, इसलिए इन्हें इस नई स्टॉक सीमा से बाहर रखा गया है।

टीसीएस का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 13,884 करोड़

मुंबई। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 13,884 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। टाटा संस के लिए राजस्व का सबसे बड़ा स्रोत टीसीएस ने एक साल पहले की समान अवधि (जुलाई-सितंबर) में 12,075 करोड़ रुपए और अप्रैल-जून तिमाही में 13,349 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। आईटी सेवा कंपनी ने बृहस्पतिवार को कहा कि जुलाई-सितंबर अवधि में उसकी परिचालन आय 11.22 प्रतिशत बढ़कर 73,188 करोड़ रुपए हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 65,799 करोड़ रुपए थी। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का राजस्व 72,275 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के. कृतिवासन ने कहा कि वृद्धि व्यापक आधार वाली रही और इसके दायरे में कंपनी के सभी अंतरराष्ट्रीय बाजार तथा उद्योग क्षेत्र आए। कंपनी की मुख्य परिचालन अधिकारी आरती सुब्रमण्यम ने बताया कि कृत्रिम मेधा से भारतीय आईटी सेवा क्षेत्र के लंबे समय से जारी कारोबारी मॉडल के प्रभावित होने की आशंका के बीच, इससे होने वाला वार्षिक राजस्व जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर तीन अरब डॉलर हो गया जो अप्रैल-जून में 2.6 अरब डॉलर था। नए सौदों पर हस्ताक्षर के लिहाज से कंपनी ने जुलाई-सितंबर अवधि में कुल 9.6 अरब डॉलर के अनुबंध मूल्य की जानकारी दी, जो इससे पिछली तिमाही के 9.5 अरब डॉलर से मामूली अधिक है। टीसीएस ने पिछले तीन महीनों में शुद्ध आधार पर 4,258 कर्मचारियों को जोड़ा। इसके साथ 30 सितंबर तक कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 5,98,056 हो गई।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
E-mail:- eeredjaunpur@gmail.com

निविदा पत्र सं.:- 1598/ग्रा.अ.वि./निविदा/2026-27 दिनांक:- 23.09.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–जौनपुर में निम्न कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ई–निविदायें (स्वीकृति की प्रत्याशा मे) आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी, एक अथवा समस्त कार्यों हेतु निविदा डाल सकते हैं। निविदा पात्रता हेतु श्रेणी ए.बी.सी.डी. ठेकेदारों को आई.टी.बी. के प्रस्तर 4 में अंकित पात्रता मानक को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है।

क्र सं	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) जी0एस0टी0 सहित	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित)	कार्य पूर्ण करने की तिथि	अधिशाषी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
डॉ बी0आर0 अम्बेडकर विकास योजना के 50 कार्य (2026-27)(स्वीकृति की प्रत्याशा में)									
01	जौनपुर	विकास खण्ड मड़ियाहूँ ग्राम पंचायत कैलावर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.19960	225+500+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
02	जौनपुर	विकास खण्ड मड़ियाहूँ ग्राम पंचायत ऊँचनीकला में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.19960	225+500+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
03	जौनपुर	विकास खण्ड रामनगर ग्राम पंचायत औंरा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.19980	225+500+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
04	जौनपुर	विकास खण्ड रामनगर ग्राम पंचायत राजापुर न0–2 में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.19960	225+500+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
05	जौनपुर	विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत बनीडीह में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.97	0.19940	225+500+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
06	जौनपुर	विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत कोटीगॉव में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.19960	225+500+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
07	जौनपुर	विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत ठाठर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.19960	225+500+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
08	जौनपुर	विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत सैदीपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.19980	225+500+131= 856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
चंदौली। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले खाद्य उत्पादकों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पर एक मशहूर ब्रांड के सब्जी मसाले की बिक्री पर पूरे प्रदेश में तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है, वहीं दूसरी ओर चंदौली जिले में विभागीय टीम ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक नमकीन फैक्ट्री पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश (लखनऊ) के आदेशानुसार,अमेठी स्थित विनिर्माता श्राजेश फूड्स एंड कंज्यूमर्स प्रा० लि०(गौरीगंज रोड, रायपुर फुलवारी, जनपद अमेठी) द्वारा निर्मित श्राजेश ब्रांड मिक्स मसाला पाउडर (सब्जी मसाला) के बैच/लॉट नंबर 03 का नमूना पूर्व में कुशीनगर जिले से लिया गया था। प्रयोगशाला में जांच के बाद यह नमूना स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक और असुरक्षित पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने इस संबंधित बैच/लॉट के मसाले की पूरे प्रदेश में बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। साथ ही,संबंधित निर्माता कंपनी को बाजार से इस असुरक्षित बैच के सभी पैकेट वापस (री-कॉल) लेने की प्रक्रिया शुरू करने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। इसी कड़ी में, चंदौली जिले में भी खाद्य सुरक्षा विभाग पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के.एन.त्रिपाठी के नेतृत्व में विभागीय टीम ने औद्योगिक क्षेत्र फेस-2 स्थित 'साईं नमकीन इंडस्ट्रीज' पर अचानक छापा मारा।

ट्रैक्शन पावर व्यवस्था को मजबूत कर रहा डीडीयू मंडल

१८ किलोमीटर साइडिंग का विद्युतीकरण पूरा

मुगलसराय। डीडीयू मंडल में ट्रेनों के लगातार बदलते परिचालन के अनुरूप ट्रैक्शन पावर व्यवस्था को विश्वसनीय बनाए रखने के लिए मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशा निर्देश पर कर्षण वितरण (ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन) विभाग द्वारा नियमित अनुरक्षण एवं सुधार कार्य किए जा रहे हैं। अप्रैल से सितंबर 2026 के दौरान ओवरहेड विद्युत व्यवस्था तथा पावर सप्लाई इंस्टॉलेशन की विश्वसनीयता बढ़ाने, कॉन्टैक्ट वायर के समयबद्ध प्रतिस्थापन, प्री-मानसून तैयारियों और साइडिंग के विद्युतीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए गए। ट्रैक्शन पावर यानी इलेक्ट्रिक ट्रेनों के परिचालन के लिए आवश्यक विद्युत आपूर्ति है। यह व्यवस्था ओवरहेड विद्युत उपकरणों और पावर सप्लाई इंस्टॉलेशन से जुड़ी होती है। ओवरहेड विद्युत व्यवस्था में कॉन्टैक्ट वायर से लोकोमोटिव का पैंटोग्राफ संपर्क करता है। इसलिए इन व्यवस्थाओं का नियमित अनुरक्षण एवं विश्वसनीय संचालन ट्रेनों के सुरक्षित और सुचारु परिचालन के लिए महत्वपूर्ण है। अप्रैल से सितंबर की अवधि में बारुण-डाल्टनगंज खंड में 38.05 किलोमीटर एल्युमिनियम कैटेनरी वायर को कॉपर कॉन्टैक्ट वायर से बदलने का कार्य किया गया। इसके अतिरिक्त पूरे मंडल में 18.77 किलोमीटर ओवरएज कॉन्टैक्ट वायर का प्रतिस्थापन किया गया। इन कार्यों से ओवरहेड विद्युत व्यवस्था की विश्वसनीयता बढ़ाने तथा परिचालन संबंधी व्यवधानों को कम करने में मदद मिलेगी। प्री-मानसून तैयारियों के तहत पूरे मंडल में पेड़ों की आवश्यक शाखाओं की छंटाई का कार्य किया गया। इस क्रम में 2,449 पेड़ों तथा 38,057 शाखाओं की छंटाई की गई। इस कार्य का उद्देश्य ओवरहेड विद्युत व्यवस्था के सुरक्षित एवं विश्वसनीय संचालन में पेड़ों की शाखाओं से संभावित व्यवधान को कम करना है। इसके अलावा 18 किलोमीटर की विभिन्न साइडिंग लाइन का विद्युतीकरण पूरा किया गया। इनमें डीडीयू के डाउन मार्शलिंग यार्ड, डाउन डिपार्चर यार्ड, भभुआ रोड डाउन साइडिंग, पहलेजा, पुसौली तथा दुर्गावती अप साइडिंग के दिल्ली छोर शामिल हैं। डीडीयू मंडल में यात्री एवं मालगाड़ियों के परिचालन के साथ विशेष अवसरों पर ट्रेनों के परिचालन में भी निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। डीडीयू मंडल द्वारा वर्तमान में यात्री और मालगाड़ी मिलाकर प्रतिदिन औसतन 700 से अधिक ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जो पहले से कहीं अधिक है। इसके अनुरूप ट्रैक्शन पावर की मांग में भी परिवर्तन होता रहता है। कर्षण वितरण विभाग द्वारा विद्युत मांग की लगातार निगरानी करते हुए अलग-अलग ट्रैक्शन पावर क्षेत्रों में विद्युत भार का आवश्यकतानुसार समायोजन एवं प्रबंधन किया जाता है।



ओएचई की जांच पड़ताल करते कर्मचारी। छाया: आज

जनगणना के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

चंदौली। भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत प्री-टेस्टिंग/पोस्ट-न्यूमरेशन प्रक्रिया के प्रथम स्लॉट का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रेवसा में शुरू हुआ। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी चंद्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित इस सत्र में 8,9 और 10 अक्टूबर को प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजेश कुमार,जिला विद्यालय निरीक्षक सहित जिले के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश और जिले के भविष्य के विकास की नींव है। इस बार द्वितीय चरण में परिवार के प्रत्येक सदस्य और उनके विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पहलुओं से जुड़े कुल 40 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रशिक्षण ले रहे सभी अधिकारी व कर्मचारी ध्यान दें कि ऐप या फॉर्म में दिए गए सभी 40 प्रश्नों को भरना अनिवार्य है। किसी भी स्तर पर त्रुटि या लापरवाही की गुंजाइश नहीं है। सटीक और पारदर्शी डेटा ही सही सरकारी नीतियों के निर्माण में सहायक होगा। प्रशिक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि इस चरण में डिजिटल माध्यम और मोबाइल ऐप का मुख्य रूप से उपयोग किया जा रहा है, ताकि आंकड़ों का प्रविष्टीकरण जल्द और बिना किसी त्रुटि के पूरा किया जा सके। जिला प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि जब जनगणना टीम उनके घर पहुंचे,तो वे सभी 40 प्रश्नों के सही और सटीक उत्तर देकर सहयोग करें।



बबुरी में व्यापार मंडल की बैठक

बबुरी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल (रजि.) जनपद चंदौली के आह्वान पर बबुरी नगर व्यापार मंडल की एक बैठक नगर प्रभारी सुशील जायसवाल के प्रतिष्ठान पर हुई। बैठक में यूपीआई द्वारा दो हजार से ऊपर के लेन-देन पर लगने वाले नए एमडीआर टैक्स का विरोध किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह टैक्स छोटे व्यापारियों पर सीधा बोझ है और डिजिटल इंडिया के नारे के खिलाफ है। व्यापारी एकता के साथ इसका विरोध करेगा। निर्णय लिया गया कि इसके विरोध में 9 अक्टूबर को दिन में 10 बजे जिला मुख्यालय चलो कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी कार्यालय चंदौली पर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से दिया जायेगा। प्रदेश मंत्री ने जिले, नगर और बाजार के सभी प्रमुख पदाधिकारियों से कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आह्वान किया। इस दौरान व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

व्यापारी लूटकांड में गिरफ्तारी नहीं होने पर व्यापारियों में नाराजगी

चंदौली। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत अग्रहरि के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल से मिला और चहनियां के व्यापारी रतन बरनवाल के साथ मारपीट कर 1.20 लाख रुपये लूटे जाने की घटना में अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जताई है। साथ ही घटना का जल्द खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। लेकिन बलुआ थाना पुलिस अभी तक लूट की घटना का सुराग नहीं लगा सकी है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से व्यापारी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की। इस दौरान सैदूपुर के व्यापारी बजरंगी गुप्ता के चार लाख रुपये के बकाये का मामला भी उठाया गया। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि बकाया राशि वापस कराने के मामले में सैदूपुर चौकी प्रभारी द्वारा हीलाहवाली की जा रही है। इस पर एसपी ने लूटकांड में शामिल आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी और बकाया रकम वापस नहीं करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में अशोक केशरी, सतीश गुप्ता, बजरंगी गुप्ता, किशन बरनवाल, सोनू राजभर और कमल सिंह, शामिल रहे।

संक्षिप्त

अश्लील टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

चहनियां। मिशन शक्ति अभियान के तहत बलुआ पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं पर अश्लील टिप्पणी, इशारे करने के आरोप में एक युवक को बुधवार की शाम देर शाम को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को पुलिस ने कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया । पुलिस के अनुसार खंडवारी देवी इंटर कॉलेज, चहनियां के पास महिलाओं और बालिकाओं को देखकर युवक अश्लील टिप्पणियां, इशारे कर रहा था। सूचना पर पहुंची थाना बलुआ की मिशन शक्ति टीम ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान श्रेयश गुप्ता निवासी चहनियां, थाना बलुआ के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में थाना बलुआ पर मुकदमा अपराध के तहत बीएनएस में अभियोग दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा एवं सम्मान के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसी गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही किया जा रहा है ।

आज ११ से दो बजे तक बिजली की सप्लाई रहेगी बन्द

चहनियां। चहनियां क्षेत्र में बिजली उपकेंद्र से जुड़ी कस्बा और गांवो में बिजली की सप्लाई अनुरक्षण माह के कारण शुक्रवार को तीन घंटे बन्द रहेगी । एसडीओ के निर्देश पर धानापुर से आयी तैतीस हजार की मेन सप्लाई पर पेड़ो के डहन की कटिंग, छटाई होगी । आगामी त्यौहारों को देखते हुए माह में यह कार्य लगातार चल रहा है । सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली की सप्लाई ठप्प रहेगी । यह जानकारी विभाग के जे ई ने दी है।

बिजली गिरने से ४०० केवीए ट्रांसफार्मर जला

पड़ाव। बुधवार शाम आई तेज आंधी-तूफान और बारिश के दौरान बिजली गिरने से सेमरा फीडर पर लगा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होकर जल गया। बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर की एचटी बुशिंग टूट गई, जिससे बारिश का पानी ट्रांसफार्मर ऑयल में मिल गया और ट्रांसफार्मर जल गया। इससे करीब 80 घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत विभाग ने तत्काल ट्रॉली ट्रांसफार्मर लगाकर प्रभावित क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी। वहीं, क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को बदलने की कार्रवाई की जा रही है।

लेखपालों ने बंद किया आनलाइन कार्य, प्रदर्शन जारी

सकलडीहा। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर चंदौली की सकलडीहा तहसील में लेखपालों ने अपनी 8 सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार से ऑनलाइन कार्य पूरी तरह से बंद कर दिया है। इसके साथ ही विरोध दर्ज कराते हुए लेखपाल राजस्व के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप से भी बाहर हो गए हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह और तहसील अध्यक्ष अरुण अवस्थी कर रहे हैं। लेखपालों ने 22 सितंबर से ही अतिरिक्त गांवों का प्रभार छोड़ दिया था। करीब 40 लेखपालों द्वारा 100 गांवों का अतिरिक्त बस्ता जमा करा देने से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, वरासत और अंश निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण कार्य ठप पड़ गए हैं। इसके चलते क्षेत्र के 441 गांवों के ग्रामीण तहसील के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। लेखपालों की मुख्य मांगों में ट्रांसफर नीति, ग्रेड पे में सुधार और भत्तों में बढ़ोतरी शामिल है। संघ का कहना है कि उनके भत्ते 1962 से नहीं बढ़ाए गए हैं। आंदोलन को तेज करते हुए लेखपालों ने थाना दिवस पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करने तथा मांगें न पूरी होने पर 17 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

विराट दंगल २१ को

कमालपुर। स्थानीय कस्बा में विजय दशमी बिहान 21 अक्टूबर दिन बुधवार को इमाम बाड़ा के पास विराट दंगल होगा। कमालपुर की पुरानी परम्पराओं को जीवित रखते हुए हर साल विजयादशमी के दूसरे दिन विराट दंगल होता चला आ रहा है।दंगल में प्रदेश के अलावा गैर प्रांत बिहार, बंगाल तथा पंजाब के पहलवान भाग लेते हैं। साधारणत: गाजीपुर, बनारस, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर तथा आजमगढ़ के पहलवान काफी संख्या में आकर कुश्ती लड़ते है। कमालपुर विराट दंगल का सबसे बड़ी विशेषता है कि जो पहलवान दंगल में भाग लिया दंगल कमेटी बिना कुश्ती कराए वापस नहीं भेजती है इसी लिए अक्सर पहलवान दंगल में भाग लेते हैं। बड़े बड़े पहलवानों को आने जाने का रास्ता खर्च भी दंगल कमेटी देती है। दंगल में प्रति वर्ष क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि के अलावा सम्मानित नेतागण भी उपस्थित रहते है जो बड़े शौक से पहलवानों का उत्साहवर्धन कर लड़ाने का काम भी करते हैं। कमालपुर का दंगल काफी वर्षों से यादव परिवार के सौजन्य से चलता आ रहा है जो उनका सबसे बड़ा सम्मान जाना जाता है। उक्त आशय की जानकारी दंगल के सर्वे सर्वा दयाराम यादव प्रधान ने दी है।

विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध का हुआ मंचन

कमालपुर। स्थानीय कस्बा में हो रही रामलीला मंचन बुधवार की रात पुरुषोत्तम पुरुष श्रीराम के जीवन से संबंधित प्रसंगों का भाव पूर्ण मंचन किया गया। महर्षि विश्वामित्र के अयोध्या आगमन से लेकर ताड़का वध तक का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। दर्शक एवं श्रद्धालु जय श्रीराम के उद्घोष पर पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। मंचन के दौरान महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ के दरबार में पहुंचते हैं और यज्ञ की रक्षा के लिए भगवान श्रीराम व लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने का आग्रह करते हैं। पुत्रों के प्रति स्नेह के कारण राजा दशरथ पहले चिंतित होते हैं,लेकिन महर्षि की बात मानकर श्रीराम और लक्ष्मण को उनके साथ भेज देते हैं। वन में ऋषि-मुनियों के यज्ञ में बाधा डालने वाली राक्षसी ताड़का का प्रसंग दिखाया गया। ताड़का का वध कर ऋषि-मुनियों को भय से मुक्ति दिलाई।

किसान अधिकार यात्रा १० को

चकिया। उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस की ओर से किसानों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की आवाज बुलंद करने के लिए 10 अक्टूबर को किसान अधिकार यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के माध्यम से 'गांव-गांव, खेत-खेत, आपके बीच' कार्यक्रम के तहत किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को जानने और उनके समाधान के लिए आवाज उठाने का प्रयास किया जाएगा। यात्रा तियरा गांव से शुरू होकर उतरैत और देवतापुर गांव होते हुए चकिया नगर स्थित गांधी पार्क पहुंचेगी, जहां यात्रा का समापन किया जाएगा। इसकी जानकारी यात्रा संयोजक डॉ. राम आधार जोसेफ ने दी। उन्होंने बताया कि किसान अधिकार यात्रा का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना और उनके हितों की रक्षा के लिए जनजागरूकता बढ़ाना है।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत कन्या जन्मोत्सव

चंदौली। महिला कल्याण विभाग द्वारा श्बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत एमसीएच विंग चन्दौली के एसएनसीयूए पीएनसी एवं एलआईसीयू वार्ड में भव्य 'कन्या जन्मोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल 26 नवजात बालिकाओं को बेबी किट वितरित कर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया । इस अवसर पर बालिकाओं के अभिभावकों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियो एवं कर्मचारियों के के द्वारा अभिभावकों को अवगत कराया गया कि नवजात बालिकाओं का मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत निर्धारित श्रेणी में वांछित अभिलेखों के साथ आवेदन कराकर योजना का आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. के.सी. सिंह (चिकित्सा अधीक्षक) एमसीएच विंग चन्दौली, श्रीमती रागिनी सिंह जिला मिशन को-ऑर्डिनेटर, मुस्कान सिंह केंद्र प्रबंधक वन स्टाफ सेंटर यूनिट 2, पुष्पा कुशवाहा जेंडर स्पेशलिस्ट, अमन कुमार सिंह,एमहिला कल्याण विभाग प्रशंसा (डी एन एस) एवं अन्य अस्पताल कर्मी उपस्थित थे।

कांग्रेसजनों ने मनाया भारतीय लोकतंत्र का काला दिवस

चंदौली। जिला कांग्रेस कमेटी चंदौली द्वारा पंडित कमलापति त्रिपाठी पार्क में विपक्ष के शीर्ष नेताओं राहुल गाँधी व प्रियंका गांधी के साथ अमित शाह व मोदी के इशारे पर की गई पुलिसिया बर्बरता के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी चंदौली के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी की अध्यक्षता में काला दिवस मनाया गया। सुबह से ही हाँथों में काली पट्टी बाँधकर कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी व विरोध प्रदर्शन करने लगे जो दिनभर चलता रहा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार ने सभी सीमाएं पार कर दी। जब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक के सांसद निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग करने के लिए जंतर मंतर की ओर बढ़ रहे थे तो उनको रोक दिया गया और उनके साथ बल पूर्वक व्यवहार किया गया। राहुल गांधी प्रियंका गांधी व वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और पदकपं ब्लॉक के सांसदों के साथ बर्बरता पूर्वक व्यवहार किया गया,उन पर लाठी चार्ज किया गया और उन्हें गम्भीर रूप से घायल किया गया। कांग्रेस पार्टी आज के दिन को भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिवस घोषित करती है। वहीं मुगलसराय शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस जनों ने 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक चलाए जा रहे इस संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ कार्यक्रम के तहत चल रहे अभियान के अंतिम दिन नई दिल्ली में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी,सांगठनिक महासचिव के सी वेणु गोपाल, अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी सहित कई सांसद व नेताओं के साथ सत्ता के इशारे पर बर्बरता पूर्वक रवैया व दुर्व्यवहार के किया गया उनके ऊपर लाठी चार्ज किया गया। धरना प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के नेता गांधीवादी तरीके से प्रोटेस्ट कर रहे थे। धरना प्रदर्शन के लिए जब वे जंतर मंतर पहुंचे उन्हें वहां नहीं बैठने दिया गया।



औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर

चंदौली। जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग के निर्देशन में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को श्रम विभाग द्वारा रामनगर औद्योगिक क्षेत्र (फेज-2) स्थित प्रशासनिक भवन में श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने किया। इस अवसर पर देव भट्टाचार्य ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिकों के स्वास्थ्य और सम्मान के लिए इस प्रकार के शिविर का आयोजन एक अनूठी पहल है। प्रदेश सरकार श्रमिकों के कल्याण, बेहतर स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के लिए निरंतर काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की विशेष डॉक्टर टीम द्वारा विभिन्न कारखानों व प्रतिष्ठानों में कार्यरत 240 से अधिक श्रमिकों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। इसके साथ ही श्रम विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित श्रमिकों और नियोजकों को नए श्रम कोड बिलए ई-श्रम पोर्टल तथा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना की विस्तार से जानकारी दी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी (पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर) पंकज कुमार सिंह के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक निदेशक कारखाना वाराणसी श्रम प्रवर्तन अधिकारी नवदीप श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश, स्वास्थ्य विभाग की टीम, औद्योगिक क्षेत्र के सेवायोजक, मानव संसाधन एवं महिला कल्याण संस्था के सदस्य तथा बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म-अश्वनी शुक्ला

दुल्हीपुर। जनपद के जाने-माने प्रमुख समाजसेवी अश्वनी शुक्ला का बीती रात 7 अक्टूबर को स्थानीय नागरिकों और युवाओं द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह स्थल पर जैसे ही शुक्ला पहुंचे,उपस्थित लोगों ने फूल-मालाओं से लादकर और पगड़ी पहनाकर उनका जोरदार अभिनंदन किया। उनके गले में गेंदे के फूलों की विशाल माला आकर्षण का केंद्र बनी रही। उनके साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने उनके साथ फोटो खिंचवाकर इस पल को यादगार बनाया। अपने सम्मान के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रमुख समाजसेवी अश्वनी शुक्ला ने कहा कि समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। मैं जीवन पर्यंत गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए समर्पित रहूंगा। आप सभी का यह प्यार और सम्मान मेरे लिए प्रेरणा है। उन्होंने आगे कहा कि चंदौली की धरती सेवा और संस्कृति की धरती है, और यहां के युवाओं में जो जोश है, वह समाज को नई दिशा देगा। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने बताया कि अश्वनी शुक्ला पिछले कई वर्षों से लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। चाहे वह गरीब बच्चों की शिक्षा का मामला हो, चिकित्सा सहायता हो या किसी आपदा में मदद, वे हमेशा सबसे आगे खड़े रहते हैं। इसी कारण आज क्षेत्र के हर वर्ग में उनका सम्मान है। समारोह में दर्जन भर से अधिक युवाओं ने उन्हें माला पहनाई। देर रात तक चले इस स्वागत कार्यक्रम में लोग बारी-बारी से उनसे मिलते रहे। इस अवसर पर युवा भारतीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप चौबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नंदलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष रोहित यादव, पंकज, नीरज, रामजनम एजसवंत आदि लोग उपस्थित रहे।



जलनिकासी की समस्या से ग्रामीणों को परेशानी

चंदौली। नियामताबाद गांव में जल निकासी की समस्या सालों से है। गांव की सड़कों और गलियों में नाली की सही व्यवस्था नहीं है, जिससे घरों का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। बारिश में हालात और बिगड़ जाते हैं। जगह-जगह पानी और कीचड़ फैलने से ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कत होती है। रोजमर्रा के कामों के लिए उन्हें इसी गंदे पानी से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से है, पर अधिकारी और जनप्रतिनिधि अब तक समाधान नहीं कर पाए हैं। सड़क पर गंदा पानी जमा होने से बदबू आती है और मच्छर भी बढ़ गए हैं। बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। कई लोग फिसलकर गिर चुके हैं और उन्हें चोट भी लगी है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से नाली बनाने, जल निकासी की व्यवस्था और सड़क की मरम्मत की मांग की है। उनका कहना है कि जल्द समाधान न होने पर स्थिति गंभीर हो सकती है।

एनएचएम संविदाकर्मी ने आंदोलन का किया ऐलान

कमालपुर। बरहनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन का एलान किया है। गुरुवार को कर्मचारियों ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार को मांगों से संबंधित पत्र सौंपा और जिला मुख्यालय स्थित सीएमओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन में शामिल होने की बात कही। संगठन के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पांच, छह और सात अक्टूबर को कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध किया था। आठ, नौ और 10 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण कार्य बहिष्कार और कार्य विराम करेंगे। मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो 12 अक्टूबर से प्रदेश के सभी जिलों में एनएचएम संविदा कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में कैशलेस चिकित्सा सुविधा, महंगाई भत्ता, ईपीएफ, एचआरए और ग्रेच्युटी का लाभ देनेएरिक्त पदों पर गैर जनपद स्थानांतरण नीति लागू करने, सेवाकाल में मृत्यु होने पर अनुकंपा नियुक्ति देने, आउटसोर्स कर्मचारियों का जिला स्वास्थ्य समिति में समायोजन करने तथा नियमित पदों की भर्ती में एनएचएम संविदा कर्मियों के लिए कम से कम 25 प्रतिशत कोटा निर्धारित करने की मांग शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि एनएचएम संविदा कर्मी 15 से 18 वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान दे रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें स्थायित्व और अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। संगठन ने मुख्यमंत्री से मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर कर्मचारियों को सम्मान, सुरक्षा और स्थायित्व प्रदान करने की अपील की है।



तेजसा-युवती सम्मेलन आयोजित

चंदौली। चंदौली लोकसभा क्षेत्र के झांसी ग्राम स्थित यथार्थ नर्सिंग कॉलेज एंड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, चंदौली द्वारा आयोजित तेजसा - युवती सम्मेलन में राज्यसभा सांसद श्रीमती साधना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान सांसद साधना सिंह ने उपस्थित छात्राओं एवं युवा शक्ति को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण में युवतियों की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन, खेल, उद्यमिता सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं। महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं के विकास का विषय नहीं,बल्कि समाज और राष्ट्र के समग्र विकास का महत्वपूर्ण आधार है। सांसद ने कहा कि युवतियों में प्रतिभा, ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता की कोई कमी नहीं है। उन्हें बेहतर शिक्षा, अवसर और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराकर राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने युवा शक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि भारत की युवा पीढ़ी अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नवाचार के माध्यम से देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। विकसित भारत के निर्माण में युवाओं और विशेषकर युवतियों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

फुल्ली गांव में बजबजा रही नालियां, ग्रामीणों में आक्रोश

सकलडीहा। फुल्ली गांव में सफाई व्यवस्था बदहाल होने से ग्रामीणों का जीना मुहाल है। नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं, गलियों में गंदा पानी और कूड़ा जमा है तथा मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाईकर्मी गांव में सफाई करने के बजाय प्रधान के यहां हाजिरी लगाकर लौट जाता है। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों के मुताबिक गांव की नालियों की लंबे समय से नियमित सफाई नहीं हुई है। नालियों में कचरा और गंदगी जमा होने से पानी की निकासी प्रभावित है। कई स्थानों पर गंदा पानी रास्तों तक पहुंच रहा है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। दुर्गंध और गंदगी के कारण आसपास रहने वाले लोगों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण शैलेश कुमार, अनमोल कुमार, राजा राम, विशाल कुमार, लगन राम, सुरेश राम और उर्मिला देवी सहित कई लोगों ने बताया कि सफाई व्यवस्था को लेकर ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत की जा चुकी है। उनका कहना है कि हर बार ठीक है, साफ करवा देंगे कहकर मामला टाल दिया जाता है, लेकिन गांव की स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया। ग्रामीणों का सबसे गंभीर आरोप सफाईकर्मी की कार्यप्रणाली को लेकर है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि सफाईकर्मी नियमित रूप से अपने निर्धारित क्षेत्र में सफाई करे और उसके कार्य की निगरानी हो तो गांव में इस तरह गंदगी का अंबार नहीं लगेगा। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई व्यवस्था केवल हाजिरी और कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उसका असर गांव की गलियों में साफ दिखाई देना चाहिए। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई कर फुल्ली गांव को गंदगी से निजात दिलाने की मांग की है।



समय से पूरी हों सभी तैयारियां-जिलाधिकारी

दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

जौनपुर। दुर्गा पूजा एवं आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहारों की तैयारियों के साथ सड़क, बिजली, सफाई, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और पैचिंग का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूजा पंडालों और प्रमुख मार्गों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। जल निगम (शहरी) के अधिकारियों को सभी खुले सीवर एवं मैनहोल के ढक्कन तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए गए। वहीं विद्युत विभाग को जर्जर तारों और खंभों को बदलने के लिए कहा गया। नगर पालिका परिषद को नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या न होने देने के साथ प्रमुख मार्गों, पूजा पंडालों और विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश एवं साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विसर्जन मार्गों की तैयारियां भी समय से पूरी करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने बताया कि कुछ अराजक तत्व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से भ्रामक वीडियो बनाकर सोशल



मीडिया पर प्रसारित कर रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने ऐसे मामलों की निगरानी और तथ्यात्मक जांच के निर्देश दिए। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ आईटी एक्ट एवं अन्य प्रचलित कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद में कहीं भी खुदाई का कार्य कराने से पहले नगर मजिस्ट्रेट से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। पानी टंकी से इंग्लिश क्लब और हाईडिल तक सड़क पर जमा मिट्टी, बालू एवं अन्य सामग्री को हटाने के निर्देश नगर पालिका को दिए गए। त्योहारों के दौरान मोबाइल शौचालय की व्यवस्था कराने को भी कहा गया। दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पंडाल में प्रवेश और निकास की अलग एवं समुचित व्यवस्था हो। सड़क अवरुद्ध कर अथवा हाईटेंशन विद्युत तारों के नीचे पंडाल न लगाए जाएं। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने और पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक पंडाल में पर्याप्त अग्निशमन यंत्र रखने तथा विद्युत सुरक्षा मानकों का पालन करने को कहा गया। भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यकता के अनुसार ट्रैफिक डायवर्जन लागू करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ आगामी त्योहारों को पारंपरिक तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व परमानंद झा, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, नगर मजिस्ट्रेट, विभिन्न विभागों के अधिकारी, दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारी तथा जिला शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

शौच के लिए निकली छात्रा की तालाब में डूबकर मौत

रात में घर से निकली, सुबह तालाब में उतराया मिला शव

जंघई। मीरगंज थाना क्षेत्र के भिदूना गांव में रात में घर से शौच के लिए निकली इंटर की छात्रा की तालाब में डूबने से मौत हो गई। गुरुवार की सुबह तालाब में शव उतराया मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी होते ही स्वजन तालाब की ओर दौड़ पड़े। शव देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची मीरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

भिदूना गांव निवासी राजकुमार उर्फ बुद्धू गौतम की पुत्री संजना देवी उम्र करीब 19 बुधवार की रात घर के बगल शौच के लिए निकली थी। काफी देर बाद भी वापस नहीं लौटने पर स्वजन ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन रात में उसका कहीं पता नहीं चला। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने गांव के तालाब में एक युवती का शव उतराया देखा। इसकी खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। शिनाख्त होने पर पता चला कि शव संजना का है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार रात में तालाब के किनारे पहुंचने के दौरान पैर फिसलने से छात्रा गहरे पानी में चली गई होगी। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। संजना सर्वोदय विद्यापीठ इंटरमीडिएट कॉलेज मीरगंज में इंटर की छात्रा थी। वह चार बहनों और एक भाई में थी। बेटी की मौत की खबर मिलते ही मां राजकुमारी समेत परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। स्वजनों के करुण क्रंदन से हर किसी की आंखें नम हो गईं। घटना से गांव में भी मातम पसरा रहा।

किसान सब्सिडी अनुदान के साथ करें पान की खेती का विस्तार-सीमा सिंह

दो दिवसीय गुणवत्ता युक्त पान की खेती प्रोत्साहन योजना के प्रथम दिन उमड़े किसान

बक्शा। कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में गुरुवार को उद्यान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय गुणवत्ता युक्त पान उत्पादन प्रोत्साहन योजना कार्यक्रम के प्रथम दिन किसानों की भारी भीड़ रही। जनपद स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उद्यान अधिकारी सीमा सिंह राणा ने कही कि किसान सब्सिडी अनुदान के लाभ के साथ पान की खेती को विस्तार दें। उन्होंने पान की खेती पर 50 प्रतिशत अनुदान की जानकारी देते हुए पान उत्पादन की नई तकनीक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष लक्ष्य निर्धारित होने के साथ किसान 250 से 1000 वर्गमीटर तक की खेती का शासन द्वारा संचालित योजना से लाभान्वित हो सकतें है। सीमा सिंह ने उद्यान विभाग बागवानी मिशन योजना के तहत बागवानी हेतु आम, केला, बेल, नीबू की खेती कर सकते है। उन्होंने ड्रैगन फूट की खेती की सलाह देते हुए कहा कि यह खेती बेहद फायदेमंद व लाभप्रद है। ड्रैगन का पौधा नि:शुल्क दिए जाने की बात कहते हुए बताई की इसे जानवर भी नुकसान नही पहुचाते है। उन्होंने गेंदा, मशरूम, आलू बीज, प्याज, ट्रैक्टर आदि सभी योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन के तहत बुकिंग करवाने हेतु जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता मिथिलेश सिंह ने बताया पान की खेती के साथ बागवानी को बढ़ावा देने का कार्य प्रदेश सरकार कर रही है। किसानों को समय का सद्पयोग करते हुए लाभांवित होने की बात कही। दर्जनों किसानों को उद्यान विभाग की तरफ से टमाटर, मिर्चा आदि बीज का नि:शुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर.के. उपाध्याय एवं संचालन उप परियोजना निदेशक आत्मा डॉ. रमेशचंद्र यादव ने किया। इस दौरान वैज्ञानिक डॉ. सुरेश सोनकर, डॉ. राजीव सिंह, डॉ. रूपेश सिंह, नर्सरी इंजार्च राजकुमार पटेल, सुजीत मिश्र, महेन्द्र यादव,



प्रगतिशील किसान त्रिभुवन सिंह, जिला पान किसान अध्यक्ष कालिका प्रसाद चौरसिया, राजेन्द्र चौरसिया, सियाराम, दीपक, शिवराम, पिंटू सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहें।

चकमार्ग के बीच से हटाया गया ट्रांसफार्मर

डीएम के निर्देश पर बिजली विभाग ने की काररवाई

केराकत। मुफ्तीगंज विकासखंड क्षेत्र के बलईपुर (कटहरी सरहद) गांव में बिजली विभाग द्वारा बुद्धवार को चकमार्ग के बीच वर्षों से स्थापित ट्रांसफार्मर आखिरकार हटा दिया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर बिजली विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मर को चकमार्ग से हटाकर सड़क के किनारे सुरक्षित स्थान पर स्थापित कर दिया। कार्रवाई के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

ग्रामीणों के अनुसार चकमार्ग के बीच करीब 40 वर्षों से ट्रांसफार्मर लगा होने के कारण आवागमन में भारी परेशानी होती थी। रास्ता बाधित होने से लोगों को अपने घरों तक पहुंचने के लिए करीब तीन किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। इसके साथ ही मार्ग के ऊपर झूल रहे हाईटेंशन तार भी ग्रामीणों के लिए खतरा बने हुए थे। बीते 10 सितंबर को खेत से पशुओं के



लिए चारा लेकर लौट रही शशिकला पत्नी उमेश हाईटेंशन तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई थीं। हादसे के बाद उन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए ट्रांसफार्मर हटाने की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना था कि चकमार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग खेतों की ओर आवागमन करते हैं। ऐसे में बीच रास्ते में ट्रांसफार्मर और नीचे लटकते हाईटेंशन तार कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते थे। ग्रामीणों की समस्या को लेकर भूतपूर्व सैनिक कुनाल यादव ने अधिकारियों के समक्ष लगातार आवाज उठाई। उन्होंने तहसील से लेकर जिला स्तर तक अधिकारियों से संपर्क कर चकमार्ग से ट्रांसफार्मर हटाकर सुरक्षित स्थान पर स्थापित कराने की मांग की। लगातार प्रयास के बाद जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश के बाद बिजली विभाग ने चकमार्ग के बीच से ट्रांसफार्मर हटाकर उसे किनारे स्थापित कर दिया। ट्रांसफार्मर हटने के बाद रास्ते पर आवागमन सुगम हो गया है, और ग्रामीणों को संभावित दुर्घटना से भी राहत मिली है। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान कराने के लिए जिलाधिकारी और बिजली विभाग का आभार जताया। वहीं भूतपूर्व सैनिक कुनाल यादव ने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा और जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आगे भी अधिकारियों के समक्ष मजबूती से आवाज उठाई जाती रहेगी।

बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने बुलायी विशेष टीम

नगरवासियों ने की चेयरमैन के फैसले की सराहना

मुंगराबादशाहपुर। नगर में लगातार बढ़ रहे बानरो के आतंक से लोगों को निजात दिलाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि उमर वैश्य के निर्देश पर बंदर (बानर) पकड़ने वाली विशेष टीम को बुलाया गया है, जो शीघ्र ही सक्रिय होकर उत्पाती बंदरों को पिंजरों में कैद करेगी। बताते चलें कि पिछले कई महीनों से नगर के विभिन्न वार्डों में बंदरों (बानरो) का आतंक चरम पर है। बानर का घरों में घुसकर सामान उठा ले जाना, छतों पर रखे कपड़े फाड़ देना, महिलाओं और बच्चों पर झपट्टा मारकर घायल कर देना आम बात हो गई थी। स्कूली बच्चों को भी आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार नगर पालिका से शिकायत की थी। जनता की समस्या को गंभीरता से लेते हुए चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य ने तत्काल संज्ञान लिया और वन विभाग के सहयोग से बंदर पकड़ने वाली प्रशिक्षित टीम को बुलाने का निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार यह टीम आधुनिक पिंजरों और जाल के साथ पूरे नगर में अभियान चलाकर बंदरों को पकड़ेगी और उन्हें सुरक्षित जंगली क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। नगर पालिका के इस फैसले से नगरवासियों में खुशी की लहर है। लोगों ने चेयरमैन कपिल मुनि उमर वैश्य के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय बाद बंदरों से मुक्ति की उम्मीद जगी है।

मंदिर में चोरी, मूर्तियां समेत पूजा सामग्री ले गये चोर

रात में ताला तोड़कर वारदात, पुजारी ने दी तहरीर

जंघई। मीरगंज थाना क्षेत्र के असवां गांव स्थित मंदिर में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर पूजा-पाठ की सामग्री और भगवान की मूर्तियां चोरी कर लीं। गुरुवार को मंदिर के पुजारी/सेवक अशोक कुमार मिश्र ने थाने में तहरीर देकर घटना की जानकारी दी और कार्रवाई की मांग की। अशोक कुमार मिश्र ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह असवां गांव के निवासी हैं। 7 अक्टूबर की रात अज्ञात चोर मंदिर में घुस गए। चोर मंदिर में रखी विभिन्न पूजा सामग्री व मूर्तियां उठा ले गए। चोरी गए सामान में चांदी की घंटियां, विष्णु भगवान की धातु की मूर्ति, सालिग्राम भगवान की मूर्ति, शंकर भगवान की मूर्ति, गणेश जी की मूर्ति, कलश, लोटा समेत अन्य पूजा सामग्री शामिल है। सुबह मंदिर पहुंचने पर सामान बिखरा मिला और चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पीड़ित ने चोरी गए सामान की बरामदगी और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी है। इसके पहले दो वर्ष पूर्व चोरों के द्वारा इस मंदिर में चोरी की घटना का वारदात किया गया था और मीरगंज पुलिस आज तक घटना का पर्दाफाश करने में नाकामयाब रही है।

सेंध काट कर लाखों का माल लेकर चम्पत हुए चोर

मुफ्तीगंज। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के रसुलपुर ओझैनिया गांव में बिती रात चोरों ने दो घरों में सेन काट कर डेढ़ से दो लाख रुपए का जेवरात लूट ले गये। रसूलपुर ओझैनिया गांव के निवासी कृष्ण कुमार टेनी के घर में बीती रात चोरों ने सेध काट कर सोने का चेन, दो सोने का लाकेट, एक जोड़ी सोने की कान की बाली, एक जोड़ी चांदी की पायल, चार चांदी का चुल्ला, दो चांदी की सिकड़ी, एक चांदी का ब्रेसलेट, दो जोड़ी चांदी का मीना बक्से का ताला तोड़ कर उठा ले गये। फौजदार के घर में सेंध काटे तो उसमे पशु बंधे थे, फौजदार के घर से कुछ नहीं गया। सूचना पर 112 नम्बर और गौराबादशाहपुर थाना प्रभारी अपने हमराहियो के साथ पहुंच गये। कुछ देर बाद सूचना पर फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर वापस चली गई। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर श्रीप्रकाश शुक्ला ने बताया की मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है रिहायशी घर के बगल में बंद पड़े घर में जेवर रखे पेटी को रखा जाना बताया जा रहा है, जबकि लोग कीमती सामान रिहायशी घर में ही रखते है, घटना की जांच कर जल्दी ही चोरी का राजफाश कर दिया जाएगा।

अधिवक्ताओं की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम न्यायिक को हटाया

मछलीशहर। बुधवार को तहसील के औचक निरीक्षण के दौरान अधिवक्ताओं की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी सैमुअल एन. पॉल ने उपजिलाधिकारी (न्यायिक) ज्योत्सना सिंह को हटा दिया। उन्हें जिला मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। उनके स्थान पर अतिरिक्त उप जिलाधिकारी (प्रथम) नवीन कुमार को मछलीशहर उप जिलाधिकारी (न्यायिक) की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी की भी जिम्मेदारी संभालेंगे।बताया जाता है कि ज्योत्सना सिंह अपनी कार्यप्रणाली को लेकर तैनाती के कुछ दिनों बाद से ही विवादों में थीं। स्थानांतरण की मांग को लेकर अधिवक्ता महीनों से उनके न्यायालय का बहिष्कार कर रहे थे। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री आलोक विश्वकर्मा समेत अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के निर्णय का स्वागत किया है।

चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान में अवरोध से पेंशनर्स का इलाज प्रभावित, स्वास्थ्य खतरे में

जौनपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जनपद शाखा की त्रैमासिक बैठक अपने



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स कार्यालय पर सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद अध्यक्ष सीबी सिंह ने अपने सम्बोधन मे बताया कि पेंशनर्स को देय चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयक का भुगतान शासन स्तर से 30 सितम्बर तक आफ लाईन एवं 1 अक्टूबर से आफ लाइन तथा आनलाइन दोनों की स्पष्ट व्यवस्था की गयी है। इसके वाद भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्तर पर 30 सितम्बर तक के चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयक को तकनिकी परीक्षण के लिए 25 सितम्बर से कार्यालय मे लेना बन्द कर दिया गया है, जो शासनादेश के विरूद्ध है। इस अव्यवस्था को शीघ्र दूर नही किया गया, तो पेंशनर्स एसोसिएशन सांगठनिक कार्यवाही, अनशन, धरना-प्रदर्शन करने को विवश होगा। प्रान्तीय कार्यक्रम केअनुसार विगत दिनो मे धरना-प्रदर्शन मे पेंशनर्स की बडी उपस्थिति के लिए बैठक मे धन्यवाद देते हुए आगामी संघर्ष के लिए तैयार रहने का आव्हान किया। बैठक को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक राकेशकुमार श्रीवास्तव सम्बोधित करते हुए केन्द्रीय आठवे वेतन आयोग के संकल्प पत्र मे पेंशनर्स के टर्म्स रिफरेन्स को तत्काल सम्मिलित करने की केन्द्र सरकार से मांग किए। बैठक मे सदस्यो ने अपने सम्बोधन मे चिकित्सा प्रतिपूर्ति मे आ रही, कठिनाई से अवगत कराया। पेंशनर्स की मांग को शीघ्र पूरी करने की सरकार से मांग करते हुए अगले संघर्ष के लिए तन मन धन से सहयोग का संकल्प व्यक्त किया। मुख्य रूप से ओकांर नाथ मिश्र, कान्ति सिंह, मोराली सिंह, कृष्ण कुमार त्रिपाठी. चन्द्रशेखर सिंह, कंचनसिंह राजपति विर्श्वकर्मा,नन्दलाल सरोज, अशोक कुमार मौर्य, सुबेदार यादव, मिठाई लाल, शम्भूनाथ यादव, इ.प्रमोद कुमार सिंह, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, विक्रमा जीत यादव, जियारामयदव, पलकधारी गोपालओ श्रीवास्तव, राजेश कुमार श्रीवास्तव, अशोक कुमार मिश्र, डॉक्टर भारत यादव, वीवी सिंह, दिनेश चन्द्र सिंह, फूल चन्द्र नाविक, चन्द्र प्रकाश पटेल, राम चन्द्र राम, दसरथ राम आदि ने सम्बोधित किया। बैठक के अन्त मे स्व. ठकूरी यादव, स्व. दूध नाथ यादव के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करके वैठक समाप्त की गयी। बैठक का संचालन जिलामन्त्री कृपाशंकर उपाध्याय ने किया।

नाली में पानी बहाने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, मुकदमा दर्ज

डोभी। चंदवक थाना क्षेत्र के गोबरा गांव में नाली में पानी बहाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद के बाद जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। चंदवक पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गोबरा निवासी सुनीता देवी पत्नी दिनेश राम ने तहरीर में आरोप लगाया कि बृहस्पतिवार सुबह करीब सात बजे सरकारी नाली में बह रहे पानी को बंद किए जाने का कारण पूछने पर दीनानाथ, प्रमोद, वीरेंद्र और पूजा ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी बेटी तृप्ती देवी के साथ भी मारपीट की गई। दोनों को चोटें आईं। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। इधर दूसरे पक्ष से दीनानाथ पुत्र रामनाथ राम का आरोप है कि पुरानी रंजिश और नाली में पानी बहाने के विवाद को लेकर विनय कुमार, रमेश कुमार, सुमित्रा देवी और तृप्ती देवी ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे प्रमोद कुमार और पूजा के साथ भी मारपीट की गई, जिससे वे घायल हो गए। उनका आरोप है कि शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। दोनों पक्षो की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जौनपुर को मिले नये कप्तान

आईपीएस डा. यशवीर सिंह ने संभाला पुलिस अधीक्षक का पदभार

जौनपुर। जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने के लिए शासन ने तेजतर्रार और अनुशासित छवि वाले आईपीएस अधिकारी डॉ. यशवीर सिंह को जौनपुर का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया है। डॉ. सिंह के आगमन से पुलिस महकमे में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। बुधवार को उन्होंने पुलिस कार्यालय में पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण किया और अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। मूल रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के रहने वाले डॉ. यशवीर सिंह 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद उन्होंने यूपीएससी की तैयारी की और पहले ही प्रयास में भारतीय पुलिस सेवा में चयनित हुए। डॉक्टरी की पढ़ाई के कारण उन्हें डॉ. यशवीर सिंह के नाम से जाना जाता है। अपनी प्रोफेशनल ट्रेनिंग उन्होंने हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी से पूरी की है। पुलिस अधीक्षक बनने से पहले वे जनपद रायबरेली और बस्ती में बतौर पुलिस अधीक्षक तैनात रह चुके हैं। दोनों ही जिलों में उनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। अपराध नियंत्रण, माफियाओं पर कार्रवाई और जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए उन्हें जाना जाता है। रायबरेली में उनके द्वारा चलाए गए ऑपरेशन शिकंजा और महिला हेल्प डेस्क को काफी सराहना मिली थी। पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. सिंह ने कहा कि उनकी पहली



प्राथमिकता जिले में कानून का राज स्थापित करना, आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधी किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे, जबकि आम फरियादी को थाने पर सम्मान मिलेगा। साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न और गो-तस्करी पर विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित विवेचनाओं का निस्तारण शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए।

एक नज़र इधर भी

मंदिर से घंटा, दानपात्र, पूजा के बर्तन चोरी

सुरेरी। क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत राईपुर (फिफिऔना) में प्राथमिक विद्यालय के समीप स्थित हनुमान मंदिर में चोरी का मामला सामने आया है। बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर परिसर में लगा घंटा, पूजा के बर्तन और दानपात्र चुरा लिया। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह तब हुई जब मंदिर के पुजारी विक्रम गिरी पूजा करने मंदिर पहुंचे। मंदिर से सामान गायब देख उन्होंने तत्काल ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मंदिर परिसर में जमा हो गई और 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची 112 की पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व भी उक्त मंदिर में चोरी की घटना हो चुकी है, जिसका आज तक पता नहीं चल सका है। इस बार फिर हुई चोरी से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द चोरी का खुलासा कर सामान बरामद करने की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सुरेरी गंगासागर मिश्र ने बताया चोरी की जानकारी मिली है जांच की जा रही है।

रेसिपी प्रदर्शन, स्वस्थ बच्चों, आंगनबाड़ी कर्मियों का सम्मान

बरसठी। स्थानीय विकासखंड ब्लॉक सभागार में गुरुवार को पोषण माह एवं आंगन मिलन सेवा के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी वर्षा बंग ने की, जबकि आयोजन बाल विकास परियोजना अधिकारी बीनू सिंह के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पौष्टिक व्यंजनों की रेसिपी का प्रदर्शन कर पोषण के प्रति जागरूक किया। बेहतर स्वास्थ्य वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में सुशीला, शिवानी, सुनीता, शैला एवं अन्य को भी सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, और मुख्य सेविकाओं की मौजूदगी रही।

कटिया से चोरी करते मिला पंपिंगसेट, संचालक पर मुकदमा दर्ज

बरसठी। क्षेत्र में विद्युत चोरी एवं बकाया चेकिंग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभागीय टीम ने एक पंपिंगसेट पर सीधे कटिया डालकर बिजली चोरी पकड़ी। मामलें में विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाना जलालपुर ने तहरीर के आधार पर आरोपी अशोक कन्नौजिया निवासी खोईरी पर एलटी तार से कटिया द्वारा बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है कार्रवाई उपखंड अधिकारी सुधीर चंद्र सोनकर के निर्देश पर अवर अभियंता नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में 6 अक्टूबर को आरोपी को बिजली चोरी करते समय पकड़ा जहां पंपिंगसेट की जांच में टीम ने एलटी लाइन से दो कोर की दो काली केबल के जरिए कटिया डालकर तीन एच.पी.की कृषि कार्य में बिजली चोरी पकड़ी गयी कार्रवाई टीम में मानिकचन्द बिन्द, मंगल विजय व सुरेंद्र शामिल रहें।

पेड़ काटने से रोकने पर हुई मारपीट, आरोपियों पर मुकदमा

सुइथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र के भेला गांव में अपनी जमीन पर लगे पेड़ काटने का विरोध करने पर मारपीट करने और मोबाइल तोड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भेला निवासी नरेन्द्र कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि सात अक्टूबर की शाम समोधपुर निवासी राकेश, संतोष व अशोक पुत्रगण महेंद्र उसकी जमीन पर लगे पेड़ को काट रहे थे। विरोध करने पर आरोपितों ने उसे व उसके परिवार के लोगों को गाली-गलौज देते हुए लाठी-डंडे से मारपीट की। मारपीट में बीच-बचाव करने पहुंचे पड़ोसी महेंद्र प्रताप और नौनीत सिंह को भी चोटें आईं। आरोप है कि आरोपितों ने कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी तथा नरेन्द्र का मोबाइल भी तोड़ दिया। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

खेत में गयी युवती को सांप ने डंसा, जिला अस्पताल रेफर

मछलीशहर। खेत में कृषि कार्य करने गई युवती सर्पदंश से अचेत हो गई। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। कटाहित खास गांव निवासी पिंकी (22) पुत्री अभयनारायण गुरुवार सुबह खेत पर गई थी। इसी दौरान सांप ने काट लिया। युवती ने परिजनों को नहीं बताया और घरेलू काम में लग गई। कुछ देर बाद वह अचेत होकर गिर पड़ी। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर ले गए, जहां एंटी वेनम इंजेक्शन लगाया गया, लेकिन सुधार न होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

मुख्य चुनाव आयुक्त के विरुद्ध सपाइयों ने निकाला मार्च



जफराबाद। स्थानीय कस्बे के मुख्य बाजार में गुरुवार को समाजवादी पार्टी द्वारा में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया। जफराबाद कस्बे में स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. सरफराज खान, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. अवधनाथ पाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय राजभर, जमाल हाशमी के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध प्रदर्शन व नारेबाजी किया। सपाईयों ने ज्ञानेश कुमार इस्तीफ़ा दो, वोट चोर-गद्दी छोड़ आदि नारे लगाते हुए कस्बे के पूर्वी चौराहे से हरगोविंद इंटर कालेज तक प्रदर्शन व नारेबाजी किया। उसके बाद डॉ. सरफराज ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमे पार्टी आलाकमान के आदेश पर सभी तरह से तैयार रहना होगा। हम पूरी ताकत से लगकर मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा लेंगे। सुरक्षा व शांति व्यवस्था की दृष्टि से थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे, महिला थानाप्रभारी श्यामा तिवारी, चौकी प्रभारी राधेश्याम सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस की टीम लगी रही।

बाबू ठाकुर सिंह की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को बांटे कंबल

बरसठी। गुरुवार को क्षेत्र के निगोह गांव में स्वर्गीय बाबू ठाकुर सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व ग्राम प्रधान एवं उनके पुत्र संदीप सिंह उर्फ पिंटू सिंह तथा परिजनों ने हर वर्ष की परंपरा निभाते हुए कार्यक्रम कराया। डॉक्टर राजपति मौर्य के दवाखाने पर आयोजित कार्यक्रम में स्वर्गीय बाबू ठाकुर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उनके सामाजिक योगदान को याद किया गया। पुण्यतिथि पर करीब 250 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राजकुमार गुप्ता, लालजी मौर्य, हरबंस यादव, मिठाई लाल सेक्रेटरी, मुन्ना सिंह, अधिवक्ता विनय सिंह, विनोद सरोज समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

ई-रिक्शा रोककर मारपीट में एससी-एसटी का मुकदमा

एक नामजद समेत कई अज्ञात पर मुकदमा, जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का आरोप

खुटहन। शेखूपुर सुतौली गांव निवासी विकास कुमार का ई-रिक्शा रोककर गाली-गलौज व मारपीट करने तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के आरोप में पुलिस ने एक नामजद समेत कई अज्ञात के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित के मुताबिक, वह एक अक्टूबर की रात करीब आठ बजे ई-रिक्शा लेकर घर लौट रहा था। गांव में पहुंचने पर संदीप यादव व अन्य लोगों ने उसका ई-रिक्शा रोक लिया। आरोप है कि जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की गई। विरोध करने पर मारपीट की गई। शोर सुनकर आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपित मौके से चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

१९८२ से चली आ रही परंपरा, इस बार भी सजेगा शंभूगंज का दुर्गा पूजा पंडाल

बड़ी महारानी की स्थापना को लेकर तैयारियां

बक्शा। स्थानीय क्षेत्र के शंभूगंज बाजार स्थित धर्मशाला में आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। दुर्गा पूजा समिति शंभूगंज बाजार धर्मशाला द्वारा वर्ष 1982 से लगातार मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और दुर्गा पूजा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता रहा है। इस वर्ष भी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शंभूगंज की बड़ी महारानी की स्थापना को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। महोत्सव को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य लगातार तैयारियों में जुटे हुए हैं। पंडाल, सजावट सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 89967813102244
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

10वीं की छात्राने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

हापुड़ (एजेंसी)। यूपी के हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव स्थित एक स्कूल में पढ़ने वाले कुछ छात्रों ने कक्षा दसवीं की छात्रा से छेड़छाड़ कर दी। इससे क्षुब्ध छात्रा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर छात्रा को गाजियाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार की रात उपचार के दौरान छात्रा की मौत हो गयी। अब पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनकी पुत्री गांव स्थित एक स्कूल में कक्षा दसवीं की छात्रा थी। पिछले कई दिनों से उसकी कक्षा के की कुछ लड़के उनकी पुत्री को परेशान कर रहे थे। इतना ही नहीं आरोपी उनकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ भी कर रहे थे। मंगलवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे उनके गांव के ही एक युवक ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी उनके पुत्र को दी। घर पर पता चलने के बाद उनकी पुत्री काफी परेशान हो गई।

एपके जरिये ऑनलाइन कनेक्ट होगी प्रदेशकी हर महिला

लखनऊ (आससे.)। प्रदेश की महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में योगी सरकार तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था तैयार कर रही है। इसके तहत महिला सुरक्षा के लिए एक विशेष मॉनिटरिंग सेल तैयार किया जा रहा है, जिसमें एप के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं के लिए शिकायत दर्ज कराने और उस पर एक्शन लेने की प्रक्रिया को और सुगम बनाने की तैयारी है। प्रस्तावित व्यवस्था में क्यूआर कोड स्कैन करते ही महिला अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगी। वहीं एप के माध्यम से महिलाओं को ऑनलाइन सुरक्षा तंत्र से जोड़ने की व्यवस्था भी की जाएगी इस पहल की खास बात यह होगी कि महिला सुरक्षा से जुड़ी शिकायतों और उनसे संबंधित कार्रवाई की निगरानी के लिए व्यवस्था को प्रदेश स्तर पर जोड़ा जाएगा। लखनऊ स्थित कमांड सेंटर से सभी 75 जिलों पर नजर रखने की योजना है। कमांड सेंटर में तैनात विशेष सेल महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों की मॉनिटरिंग के साथ ही जरूरत के अनुसार विभिन्न विभागों और संबंधित तंत्र के बीच समन्वय की भूमिका निभाएगा। इससे शिकायतों को संबंधित स्तर तक पहुंचाने और उनके निस्तारण की

क्यूआर स्कैन करते ही कर सकेंगी शिकायत

निगरानी को अधिक व्यवस्थित बनाने का प्रयास होगा। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने अपने कार्यकाल के विस्तार के उपरांत गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से महिला आयोग के आगामी कार्यों, दायित्वों और प्राथमिकताओं के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। डॉ. बबिता सिंह चौहान ने आयोग द्वारा महिलाओं के हित में किए जा रहे कार्यों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी। प्रस्तावित व्यवस्था में महिलाओं को शिकायत के लिए अलग-अलग माध्यमों की तलाश करने की जरूरत कम होगी। क्यूआर कोड स्कैन करने के बाद महिला शिकायत दर्ज कर सकेगी। इसके साथ ही एप के जरिए ऑनलाइन कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की तैयारी है। यानी तकनीक को महिला सुरक्षा के तंत्र से सीधे जोड़कर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को अधिक सुलभ बनाने पर जोर है। महिला सुरक्षा से जुड़ी किसी समस्या की जानकारी मिलने पर संबंधित तंत्र तक उसकी पहुंच आसान हो, यही इस व्यवस्था का प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए लखनऊ में स्थापित किए जाने वाले कमांड सेंटर से जिलों की मॉनिटरिंग की जाएगी। यहां बनने वाला स्पेशल सेल जरूरत के अनुसार विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करेगा।

सीजेपीके प्रदर्शनको लेकर पुलिस अलर्ट

नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और मतदाता सूची में एसआईआर की प्रक्रिया के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का ऐलान किया है। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इसके बावजूद सीजेपी के प्रदर्शन की घोषणा को देखते हुए राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दिल्ली पुलिस की डीसीपी सृष्टि पांडे ने कहा कि प्रदर्शन के मद्देनजर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और सुरक्षा के सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने लोगों से गैरकानूनी प्रदर्शन में शामिल न होने की अपील की है। डीसीपी ने कहा कि धारा 163 लागू होने के कारण किसी भी तरह का जमावड़ा गैरकानूनी माना जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शेष

ज्ञानेशके...

भारी सुरक्षा बल तैनात किया। केंद्रीय दिल्ली में पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों की तैनाती बढ़ाई गई। मालूम हो कि विपक्ष ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का समय भी मांगा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के मुताबिक, विपक्षी नेताओं ने 2 अक्टूबर को पहली चिट्ठी भेजी थी और 5 अक्टूबर को नेताओं के नामों के साथ दोबारा अनुरोध किया। बता दें कि इससे पहले 6 और 7 अक्टूबर को भी दिल्ली में विपक्षी सांसदों और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति बनी थी। 6 अक्टूबर को सांसदों ने चुनाव आयोग की ओर मार्च किया था, जबकि 7 अक्टूबर को जंतर-मंतर जाने की कोशिश के दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई नेताओं को हिरासत में लिया गया था।

आपराधिक...

मार्च से पहले राहुल गांधी ने कहा कि करीब 300 सांसद शांतिपूर्ण धरना देना चाहते हैं, लेकिन उन्हें प्रदर्शन के लिए आगे बढ़ने से रोका जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के पहले दिन उन्हें निर्वाचन आयोग के कार्यालय के पास रोक दिया गया, जबकि दूसरे दिन जंतर-मंतर जाने से रोका गया और हमारे लोगों को मारा गया। राहुल गांधी ने कहा कि सच्चाई ये है कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत और ज्ञानेश कुमार ने आपराधिक साजिश करके देश को हाईजैक किया है। संविधान को नष्ट किया और वोट चोरी की है। उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जायेगा। यह हमारी गारंटी है और आप ऐसा होते हुए देखेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी सांसद गांधी स्मारक जा रहे हैं, जहां वह धरना देंगे और शांतिपूर्वक प्रार्थना करेंगे कि मोदी और शाह को सद्बुद्धि मिले।

जीएसटी...

इस सीमा से कम के सभी लंबित नोटिस भी वापस ले लिए जाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि ऐसे नोटिस पहले जारी किए गए थे, तो उन्हें भी वापस लिया जाएगा। यह निर्णय करदाताओं पर छोटे मामलों का बोझ कम करने के लिए लिया गया है। इससे जीएसटी प्रणाली में और अधिक स्पष्टता आएगी। यह कदम प्रक्रियाओं को सरल बनाने में सहायक होगा।

सपा सरकार...

अवधारणा से जोड़ा। राजनीतिक बयान देते हुए अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अयोध्या विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की चुनौती दी। उन्होंने अयोध्या विधानसभा से पवन पांडेय को प्रत्याशी बनाया है और मैदान खुला पड़ा है। सपा की सरकार बनने पर अयोध्या को वैश्विक स्तर पर विकसित किया जाएगा। अखिलेश ने अयोध्या को पर्यटन स्थल के बजाय तीर्थ स्थल बताया और विकास की बात कही। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सरकार बनने पर महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये दिए जाएंगे।

डाक्टरोंको...

ब्रांडेड दवाएं या तर्कहीन दवा संयोजन लिखने के लिए प्रभावित करती हैं। केंद्र ने अदालत को बताया कि यूसीपीएमपी-2024 फिलहाल लागू है और डॉक्टरों के अनैतिक आचरण पर पहले से कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। हालांकि, फार्मास्युटिकल कंपनियों के आचरण को सीधे नियंत्रित करने के लिए स्पष्ट वैधानिक व्यवस्था की कमी है। इसी नियामकीय खामी की जांच अब विशेषज्ञ समिति करेगी। सरकार के अनुसार, यूसीपीएमपी के तहत अब तक तीन शिकायतें मिली हैं। इनमें एक मामले में करीब 30 डॉक्टरों को महंगी यात्राएं कराने के आरोप पर संबंधित कंपनी को फटकार लगाई गई और डॉक्टरों की सूची कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को भेजी गई।

आलोचना...

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर दोष मढ़ा जाता है, जबकि उन्हीं मशीनों से मिली जीत पर कोई सवाल नहीं उठाता। दशकों तक राज करने वाले दल अब उस पूरी चुनावी व्यवस्था को धांधली वाला बता रहे हैं, जिसने उन्हें सत्ता दी थी। पूर्व जजों ने समझाया कि भारत का चुनाव आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 से अपनी शक्ति लेता है। संविधान निर्माताओं ने जानबूझकर मतदाता सूची को कार्यपालिका की पहुंच से दूर एक स्वतंत्र आयोग को सौंपा था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 21(3) के तहत मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर एक सामान्य कानूनी प्रक्रिया है, जो पहले आम चुनाव के समय से ही नियमित रूप से होती आई है। इसका उद्देश्य मृत लोगों के नाम हटाना, दोहरी प्रविष्टियां खत्म करना और छूटे हुए पात्र नागरिकों को जोड़ना है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस प्रक्रिया को पूरी तरह वैध और निष्पक्ष माना है, फिर भी तथ्यों को दरकिनार कर भ्रम फैलाया जा रहा है। पूर्व जजों ने साफ चेतावनी दी है कि जनता का विश्वास ही लोकतंत्र की असली ताकत है।

एनडीए...

से ज्यादा के चयन की प्रक्रिया चल रही है। ओलम्पिक, राष्ट्रमंडल या एशियाई खेलों में जिन्होंने पदक जीता है, हमने उन्हें सीधी भर्ती से यूपी पुलिस में डिप्टी एसपी का पद दिया है। ऐसे सात खिलाड़ियों को हम नौकरी दे चुके हैं। 2017 से पहले यह संभव नहीं था। सीएम ने आगे कहा कि यूपी के अंदर एक समय था जब सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक ही जिंदगी होती थी। इससे पहले और बाद में घर से नहीं निकल सकते थे। 64 हजार हेक्टेयर लैंड को हम लोगों ने माफिया के कब्जे से खाली कराई। हम खेल ग्राउंड, मिनी स्टेडियम और हर मंडल में एक स्पोर्ट्स कॉलेज देने जा रहे हैं। आज यूपी में अपनी स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी होने जा रही है। हम प्रधानमंत्री की उस बात से सहमत हैं। जिसमें उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ हमारा कोई ब्रांड एंबेसडर बन सकता है तो खिलाड़ी बन सकता है। जो खेलेगा वो खिलेगा। सीएम ने डीजीपी से कहा कि इन सब खिलाड़ियों को एक-एक गांव गोद दे दीजिए। वहां पर ये लोग खेलकूद के कार्यक्रम कराएं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि आप लोग अपनी प्रैक्टिस को कभी छोड़ना मत। आपकी असली प्रतिभा पसीने में है। यह अभी शुरुआत है।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डर नं०: पीआरवाईजे-सिग-044-2026-27 दिनांक 06.10.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 02.11.2026 को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

कार्य का विवरण: विद्युत विभाग द्वारा दी गई सूची के अनुसार लिफ्टों में सुरक्षा के सुधार के लिए सीसीटीवी (CCTV) कैमरों का प्रावधान।

अनुमानित मूल्य (रू०): 31,09,780/- | **बिड सिक्योरीटी (रू०):** 62,200/-

निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०): 0/- | **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह

निविदा बन्द होने की तिथि: 02.11.2026

निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता: निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे।

बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप: निविदाओं को उपरोक्त बिड सिक्योरीटी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा की जायेगी। यदि निविदा दाता बिड सिक्योरीटी उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जीसीसी के अनुसार जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार किया जायेगा। यदि निविदादाता द्वारा जमा की गयी बिड सिक्योरीटी बैंक गारंटी के रूप में है तो यह उचित स्टांप शुल्क के अनुसार होना चाहिए। बैंक गारंटी जमा करते समय यह उ0प्र0 स्टाम्प अधिनियम 2008 की धारा 13 एवं 24 और समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होना चाहिये। बिना बिड सिक्योरीटी वाली निविदायें खारिज कर दी जायेंगी।

निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थान: निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को 12.30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी।

निविदा की वैधता: निविदा खुलने के 60 दिन तक

निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकार: रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/राशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **2282/26(D)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. 17-DYCEGA-2026

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:- **कार्य का विवरण:** गोरखपुर में- एम.एस.टी.सी. में डब्ल्यूएजी-7 तथा विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में अतिआवश्यक मरम्मत कार्य का प्रावधान।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹92,68,567.65; **बयाने की राशि(₹):** ₹1,85,400/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य(₹):** ₹0.00; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय:** 06 माह; **कुल योग:** ₹92,68,567.65; **1.** ई-निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 30.10.2026 को 11:00 बजे। **2.** ई-निविदा की बिडिंग तिथि 16.10.2026 से 30.10.2026 समय 10:59 बजे तक। **3.** उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **4.** यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना का अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य इंजीनियर/
मुजाधि/डब्ल्यू-372 गो०क्षे०

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

नेपाल में फिर कांपी धरती

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल के पश्चिमी हिस्से में बुधवार रात 4.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके बजुरा के साथ आसपास के कई जिलों में भी महसूस किए गए। हालांकि, अभी तक कहीं से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर सामने नहीं आई है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के मुताबिक, भूकंप बुधवार रात स्थानीय समयानुसार 9:37 बजे आया। भूकंप का केंद्र सुदूरपश्चिम प्रांत के बजुरा जिले की बुधीगंगा नगरपालिका-10 में जमीन के भीतर था। यह जगह राजधानी काठमांडू से करीब 750 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। भूकंप के झटके बजुरा के अलावा पड़ोसी बाजहांग, कालिकोट और अछाम जिलों में भी महसूस किए गए। अचानक धरती हिलने से इन इलाकों में लोगों को भूकंप का अहसास हुआ, हालांकि फिलहाल किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। नेपाल में सालभर छोटे-बड़े भूकंप आते रहते हैं।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

04064/04063 दिल्ली जं.-गया जं.-दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन) — 88 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04064 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04063 आगमन	प्रस्थान
---	11:00	दिल्ली जं.	08:00	---
07:15	—	गया जं.	—	09:15

चलने के दिन: 04064 दिल्ली जं. से दिनांक 11.10.2026 से 30.11.2026 तक (शनिवार छोड़कर) और **04063 गया जं. से** दिनांक 12.10.2026 से 01.12.2026 तक (रविवार छोड़कर)

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: नई दिल्ली, टूण्डला जं., गोविन्दपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन।

04088/04087 नई दिल्ली-पटना जं.-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन) — 104 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04088 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04087 आगमन	प्रस्थान
---	15:50	नई दिल्ली	13:30	---
12:45	---	पटना जं.	---	15:10

चलने के दिन: 04088 नई दिल्ली से दिनांक 10.10.2026 से 30.11.2026 तक (प्रतिदिन) और **04087 पटना जं. से** दिनांक 11.10.2026 से 01.12.2026 तक (प्रतिदिन)

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: टूण्डला जं., गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., दिलदार नगर जं., बक्सर, रघुनाथपुर एवं आरा जं. स्टेशन।

01483/01484 खडकी-हजरत निज़ामुद्दीन-खडकी सुपरफास्ट विशेष (सप्ताह में 2 दिन) — 26 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01483 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 01484 आगमन	प्रस्थान
---	17:30	खडकी	22:15	---
18:10	—	हज़रत निज़ामुद्दीन	---	22:10

चलने के दिन: 01483 खडकी से दिनांक 09.10.2026 से 20.11.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार) को और **01484 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 10.10.2026 से 21.11.2026 तक (प्रत्येक बुधवार, शनिवार) को।

स्थान: 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.

ठहराव: लोनावला, कल्याण जं., भिवंडी रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा जं., रतलाम जं., भवानी मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर एवं मथुरा जं. स्टेशन।

04221/04222 वाराणसी जं.-बठिण्डा जं.-वाराणसी जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04221 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04222 आगमन	प्रस्थान
—	20:40	वाराणसी जं.	17:30	—
17:00	---	बठिण्डा जं.	---	20:50

चलने के दिन: 04221 वाराणसी जं. से दिनांक 11.10.2026 से 22.11.2026 तक (प्रत्येक शनिवार) को और **04222 बठिण्डा जं. से** दिनांक 12.10.2026 से 23.11.2026 तक (प्रत्येक सोमवार) को।

स्थान: 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य

ठहराव: माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., उतरेटिया जं., आलम नगर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला और रामपुरा फूल स्टेशन

04634/04633 फिरोजपुर कैंट-पूर्णियाँ जं.-फिरोजपुर कैंट आरक्षित विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 15 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04634 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04633 आगमन	प्रस्थान
---	17:30	फिरोजपुर कैंट	16:35	---
03:00	—	पूर्णियाँ जं.	---	06:00

चलने के दिन: 04634 फिरोजपुर कैंट से दिनांक 15.10.2026 से 26.11.2026 तक (प्रत्येक बृहस्पतिवार) को और **04633 पूर्णियाँ जं. से** दिनांक 10.10.2026 से 28.11.2026 तक (प्रत्येक शनिवार) को।

स्थान: 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: मक्खू, लोहियां खास जं., नकोदर जं., फिल्लौर जं., ढंडारी कलां, चंडीगढ़, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नवगछिया एवं कटिहार जं. स्टेशन।

07651/07652 जालना-छपरा जं.-जालना विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 07 फेरे

रेलगाड़ी सं. 07651 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 07652 आगमन	प्रस्थान
---	23:35	जालना	09:50	---
03:15	03:25	वाराणसी जं.	03:10	03:15
09:35	—	छपरा जं.	—	21:00

चलने के दिन: 07651 जालना से दिनांक 14.10.2026 से 28.10.2026 तक (प्रत्येक बुधवार) को और **07652 छपरा जं. से** दिनांक 09.10.2026 से 30.10.2026 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: छत्रपति संभाजीनगर, नागरसोल, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., हरदा, इटारसी जं., पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, जौनपुर जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी और बलिया स्टेशन

07621/07622 नांदेड-हज़रत निज़ामुद्दीन-नांदेड विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 07621 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 07622 आगमन	प्रस्थान
—	08:45	नांदेड	00:35	---
14:00	---	हज़रत निज़ामुद्दीन	—	21:40

चलने के दिन: 07621 नांदेड से दिनांक 17.10.2026 से 28.11.2026 तक (प्रत्येक शनिवार) को और **07622 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 18.10.2026 से 29.11.2026 तक (प्रत्येक रविवार) को

स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: पूर्णा जं., परभणी जं., सेलू, परतूर, जालना, छत्रपति संभाजीनगर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ग्वालियर जं., आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

07021/07022 चर्लपल्ली-हज़रत निज़ामुद्दीन-चर्लपल्ली विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 07021 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 07022 आगमन	प्रस्थान
---	19:20	चर्लपल्ली	13:50	---
02:00	—	हज़रत निज़ामुद्दीन	---	04:00

चलने के दिन: 07021 चर्लपल्ली से दिनांक 19.10.2026 से 30.11.2026 तक (प्रत्येक सोमवार) को और **07022 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 21.10.2026 से 02.12.2026 तक (प्रत्येक बुधवार) को

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: काजीपेट जं., रामगुंडम, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ग्वालियर जं., धौलपुर, आगरा कैंट., मथुरा जं. एवं कोसी कलां स्टेशन।

07023/07024 चर्लपल्ली-हज़रत निज़ामुद्दीन-चर्लपल्ली विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 12 फेरे

रेलगाड़ी सं. 07023 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 07024 आगमन	प्रस्थान
---	19:45	चर्लपल्ली	17:45	---
05:00	---	हज़रत निज़ामुद्दीन	---	07:15

चलने के दिन: 07023 चर्लपल्ली से दिनांक 20.10.2026 से 24.11.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार) को और **07024 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 22.10.2026 से 26.11.2026 तक (प्रत्येक बृहस्पतिवार) को

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: काजीपेट जं., रामगुंडम, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ग्वालियर जं. एवं आगरा कैंट स्टेशन।

04083/04084 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली आरक्षित विशेष (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04083 आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04084 आगमन	प्रस्थान
---	14:00	नई दिल्ली	23:30	---
03:00	---	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	---	10:00

चलने के दिन: 04083 नई दिल्ली से दिनांक 09.10.2026 एवं 16.10.2026 (शुक्रवार) को और **04084 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से** दिनांक 10.10.2026 एवं 17.10.2026 (शनिवार) को

स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: सोनीपत, पानीपत जं., कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, शहीद कैप्टन सुनील कुमार चौधरी कठुआ, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 04090/04092 नई दिल्ली-दानापुर-नई दिल्ली वाया दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार विशेष सुपरफास्ट की परिवर्तित आवृत्ति एवं चलने की अवधि में विस्तार

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	वर्तमान आवृत्ति एवं चलने के दिन	परिवर्तित आवृत्ति एवं चलने के दिन	प्रभावी तिथि
04090 नई दिल्ली-दानापुर विशेष	शुक्रवार (साप्ताहिक)	**शुक्रवार, बुधवार (सप्ताह में 2 दिन)**	07.10.2026
04089 दानापुर-नई दिल्ली विशेष	शनिवार (साप्ताहिक)	**शनिवार, बृहस्पतिवार (सप्ताह में 2 दिन)**	07.10.2026

	वर्तमान दिनांक	विस्तारित दिनांक	अतिरिक्त फेरे	अतिरिक्त फेरों की सं.
नई दिल्ली से	20.11.2026	27.11.2026	14, 21, 28.10.2026 एवं 04, 11, 18, 25, 27.11.2026	08 फेरे
दानापुर से	21.11.2026	28.11.2026	15, 22, 29.10.2026 एवं 05, 12, 19, 26, 28.11.2026	08 फेरे

नोट: बाकी जानकारी यथावत रहेगी।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया

पत्रांक:- 3528 /4ए ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना दिनांक- 01.10.2026

1- इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13.10.2026 से दिनांक 19.10.2026 को 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है एवं दिनांक 19.10.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए एवं बी सेतु श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

2- कार्यों का विवरण

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
स्वीकृति की प्रत्याशा में राज्य योजना के कार्य (बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार)										
1	बलिया	जनपद बलिया में फेफना के पुरवा लोक निर्माण विभाग के किमी0-1 पर दोहरीघाट नहर पर पुलिया एवं एप्रोच मार्ग का निर्माण कार्य	109.60	7.48	(स्टेशनरी चार्जेज+ निविदा मूल्य+जी एस.टी) 2590.00	10 माह, वर्षा ऋतु सहित	अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़	ए बी
2	बलिया	जनपद बलिया में चांदिया पट्टी से अम्बेडकर ग्राम मसुरिया मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर नई पुलिया का निर्माण कार्य	110.28	7.52	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
3	बलिया	जनपद बलिया में आर0एन0टी0 जमुआव सदापुर मार्ग पर क्षतिग्रस्त एवं सकरी पुलिया के स्थान पर नई पुलिया का निर्माण कार्य	110.19	7.51	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव

3- निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-13.10.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक 19.10.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।

4- ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि- 19.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक 19.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।

5- शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

6- शासनादेश स0-1/2018-3070/78-2-2013/42आई0टी0/2017 (22) दिनांक-03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट- निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
बलिया

उ.प्र.-257663
दिनांक-07.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
Nuclear Power Corporation of India Limited
(भारत सरकार का उद्यम)(A Government of India Enterprise)
सीआईएन/CIN: U40104MH1987GOI149458

चुनौतीपूर्ण एवं प्रगतिशील कैरियर के लिए हमारे साथ, एनपीसीआईएल से जुड़े।

विज्ञापन सं: एनपीसीआईएल/मुख्या/मासंप्र/ईटी/2026/03

एनपीसीआईएल में गेट द्वारा स्नातक अभियंताओं की भर्ती

एनपीसीआईएल, भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है जिसे, न्यूक्लियर प्रौद्योगिकी के सभी पहलुओं, जैसे एनपीपी की साइटिंग, अभिकल्पन, निर्माण, कमीशनिंग, प्रचालन, अनुरक्षण, नवीकरण, आधुनिकीकरण व उन्नयन, संयंत्र आयु-विस्तार, अपशिष्ट प्रबंधन व न्यूक्लियर रिएक्टरों की डीकमीशनिंग के क्षेत्र में समग्र सक्षमता प्राप्त है।

एनपीसीआईएल में केमिकल, सिविल, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इन्स्ट्रूमैनटेशन एवं मैकेनिकल विधाओं के लिए कार्यकारी प्रशिक्षुओं (ईटी-2027) के रूप में, स्नातक अभियंताओं की भर्ती किए जाने की योजना है।

एनपीसीआईएल में ऑनलाइन आवेदन भरते समय इच्छुक अभ्यर्थीगण के पास उपरोक्त में से किसी एक विधा में गेट 2025/2026/2027 वर्ष का वैध प्राप्तांक होना चाहिए। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के लिए गेट के प्राप्तांकों के आधार पर लघु सूचीयन किया जाएगा। विस्तृत विज्ञापन गेट 2027 के परिणाम घोषित होने के उपरांत लगभग 10 दिन के अंदर एनपीसीआईएल की वेबसाइट www.npcilcareers.co.in एवं www.npcil.nic.in पर उपलब्ध रहेगा।

गेट 2027 के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट https://gate2027.iitm.ac.in या आईआईएससी तथा आईआईटी की गेट जोनल वेबसाइट पर अभ्यर्थी विजिट कर सकते हैं।

भविष्य में किसी प्रकार की सूचना/शुद्धिपत्र/अनुशेष आदि को केवल एनपीसीआईएल की उपर्युक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

cbc48132/11/0002/2627

"स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो"
एनपीसीआईएल, भारत सरकार द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत मिशन को प्रोत्साहित करता है।
न्यूक्लियर विद्युत - एक अपरिहार्य विकल्प



बदलाव के साथ उतर सकता है भारत

संजू सैमसन, वैभव सूर्यवंशी को लेकर असमंजस, भारत-वेस्टइण्डीज के बीच दूसरा टी-२० आज

रांची (एजेन्सियां)। संजू सैमसन को छोड़कर भारत के सभी बल्लेबाज फार्म में हैं और इसलिए टीम प्रबंधन शुक्रवार को वेस्टइण्डीज के खिलाफ यहां होने दूसरे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच में युवा सनसनी और लोकल ब्वाय वैभव सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने के लिए भेज सकता है। भारतीय टीम यहां जीत हासिल करने पर पांच मैचों की श्रृंखला में २-० की बढ़त बना लेगी लेकिन उसके लिए सैमसन का खराब प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है। सैमसन पिछली चार पारियों में केवल २९ रन बना पाये हैं जिनमें उनका उच्चतम स्कोर ११ है। उनकी असफलता के कारण भारत को इन मैच में अच्छी शुरुआत नहीं मिल पाई लेकिन पिछले मैच में टी-२० अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक लगाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में मध्यक्रम ने सैमसन की असफलता का टीम पर खास असर नहीं पड़ने दिया। अय्यर ने अपने करियर के ६८वें मैच में अपना पहला टी-२० अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा। ऐसे में सूर्यवंशी को एक और मौका मिल सकता है जिन्होंने अब तक मिले अवसरों पर यह साबित कर दिया कि वह खेल के छोटे प्रारूप के लिए उपयुक्त बल्लेबाज हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के पास कई तरह के शाट हैं और वह अपने आक्रामक अंदाज से विपक्षी टीम को शुरू में ही दबाव में ला सकते हैं। भारतीय टीम प्रबंधन ने हालांकि इस १५ वर्षीय बल्लेबाज को मौका देने के बजाय अब तक अभिषेक और सैमसन की स्थापित सलामी जोड़ी का ही समर्थन किया है। जापान में एशियाई खेलों में सूर्यवंशी और अभिषेक ने ही पारी का आगाज किया था और सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। इस तरह से टीम प्रबंधन ने सैमसन के प्रति अपना समर्थन जारी रखा लेकिन यह विकेटकीपर बल्लेबाज अभी तक उम्मीद पर खरा नहीं उतर पाया है। ऐसे में वेस्टइण्डीज के खिलाफ चल रही पांच मैचों की श्रृंखला सैमसन के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है क्योंकि वह विश्वकप में दिखाये गये अपने अच्छे प्रदर्शन के दम पर लंबे समय तक अपनी जगह बरकरार नहीं रख सकते हैं लेकिन सूर्यवंशी ने



अपनी प्रतिभा के बावजूद यह भी जान लिया है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट एक अलग ही चीज है। इंगलैण्ड के खिलाफ टी-२० श्रृंखला में भारत की ०-३ से हार में उन्होंने १४, १३ और १५ रन बनाये। एशियाई खेलों में बिहार के इस बल्लेबाज ने १८ और ३५ रन बनाये। एक युवा खिलाड़ी के लिए यह स्कोर खराब नहीं हैं लेकिन इनसे यह तथ्य भी साबित होता है कि केवल प्रचार के कारण उन्हें शीर्ष स्तर के क्रिकेट में जल्दबाजी में शामिल नहीं किया जा सकता है। इसलिए टीम प्रबंधन सूर्यवंशी को एक और मौका देने से पहले सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करेगा। भारत अपनी तेज गेंदबाजी संयोजन में भी बदलाव पर विचार करेगा। लखनऊ में खेले गये पहले टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच के पहले ओवर में ही मयंक यादव न १६ रन लुटा दिए थे। वह बीच के ओवरों और अंतिम ओवरों में भी महंगे साबित हुए। भारत आलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को टीम में शामिल करने और उन्हें नई गेंद से गेंदबाजी करवाने के बारे में सोच सकता है, हालांकि एकदिनी श्रृंखला के दौरान यह प्रयोग खास सफल नहीं रहा था। स्पिन विभाग की बात करें तो कुलदीप यादव के साथ अक्षर पटेल के जुड़ने से टीम को मजबूती मिली है। इन दोनों ने पहले मैच में दो-दो विकेट लिए थे। इसके अलावा युवा आलराउंडर नमन धीर का प्रदर्शन भी भारत के लिए सकारात्मक पहलू है जिन्होंने अपनी आफ स्पिन गेंदबाजी से ३१ रन देकर तीन विकेट लिए थे। वेस्टइण्डीज को अगर जीत हासिल करनी है तो उसके बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर बनाना होगा क्योंकि भारत ने पिछले मैच में उसके १७१ रन के स्कोर को बौना साबित कर दिया था। वेस्टइण्डीज के पास टी-२० के माहिर खिलाड़ियों की कमी नहीं है जिनमें कप्तान शाई होप, शिमरोन हेटमायर, रोवमैन पावेल, रोस्टन चेज और रोमारियो शेफर्ड शामिल हैं। बल्लेबाजी निश्चित रूप से वेस्टइण्डीज का मजबूत पक्ष है और उसके बल्लेबाजों को कम से कम २२० रन का स्कोर बनाना होगा। गेंदबाजी में उसकी टीम बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। **भारत**-श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, ईशान किशन, नमन धीर, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, प्रिंस यादव, रवि बिश्नोई, संजू सैमसन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, मयंक यादव। **वेस्टइण्डीज**-शाई होप (कप्तान और विकेटकीपर), ज्वेल एंड्रयू, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्डे, शिमरोन हेटमायर, अकील हुसैन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोटी, कीमो पाल, कामिल पूरन, रोवमैन पावेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर।

समय-रात्रि सात बजसे।

भुवनेश्वर की वापसी में की अनुभव और फार्म ने मदद

-सितांशु कोटक



रांची (एजेन्सियां)। सहायक कोच सितांशु कोटक ने गुरुवार को यहां कहा कि भुवनेश्वर कुमार के अपार अनुभव और पिछले दो आईपीएल सत्र में उनकी शानदार फार्म ने उन्हें न्यूजीलैण्ड श्रृंखला के लिए भारत की टी-२० अंतरराष्ट्रीय टीम में वापस जगह दिलाई है। छत्तीस वर्षीय अनुभवी तेज गेंदबाज आखिरी बार नवम्बर २०२२ में न्यूजीलैण्ड श्रृंखला में भारत के लिए खेले थे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद भुवनेश्वर ने राष्ट्रीय टीम में वापसी की। उन्होंने २०२५ और २०२६ में आरसीबी की लगातार खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इन दो सत्र में ४५ विकेट लिए थे (२०२५ में १७ और २०२६ में २८)। भारतीय टीम वेस्टइण्डीज के खिलाफ जारी पांच मैच की श्रृंखला के बाद न्यूजीलैण्ड के खिलाफ टी-२० अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। कोटक ने संकेत दिया कि चयनकर्ताओं को शायद युवा गेंदबाजी ग्रुप में अनुभव जोड़ने की जरूरत महसूस हुई होगी। कोटक ने यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा खिलाड़ी का चयन चयनकर्ताओं पर निर्भर करता है लेकिन मैं आपको अपनी सोच के आधार पर जवाब दे सकता हूं। इंगलैण्ड में जब बुमराह आसपास नहीं थे और बहुत सारे युवा गेंदबाज खेल रहे थे तो मुझे व्यक्तिगत रूप से लगा कि आप अनुभव को मात नहीं दे सकते। उन्होंने कहा युवा गेंदबाज अच्छे हैं वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका चयन हो रहा है लेकिन किसी स्तर पर आपको कुछ अनुभव की भी जरूरत होती है। कोटक ने कहा यह एक कारण हो सकता है। दूसरी बात यह है कि भुवनेश्वर पिछले दो सत्र से आईपीएल में बहुत अच्छा कर रहे हैं। इसलिए चयनकर्ताओं ने सोचा होगा कि न्यूजीलैण्ड की परिस्थितियों और बाकी चीजों के लिए निश्चित तौर पर वह अच्छा कर रहे हैं और हमें कुछ अनुभव की जरूरत है।

एशियाई खेल में प्रदर्शन की समीक्षा करेगा खेल मंत्रालय

बैठक १३ को

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। खेल मंत्रालय १३ अक्तूबर को राष्ट्रीय महासंघों के साथ एक दिवसीय बैठक में हाल में संपन्न एशियाई खेलों में भारत के प्रदर्शन की समीक्षा करेगा जिसमें फोकस बैडमिण्टन, निशानेबाजी और अथलेटिक्स में कुछ 'अनुभवी' खिलाड़ियों के निराशाजनक प्रदर्शन पर रहेगा। इसके साथ ही 'टारगेट ओलम्पिक पोडियम स्कीम' (टाप्स) के जरिए धनराशि जारी करने की भी फिर से समीक्षा की जायेगी। भारत ने आइची-नागोया खेलों में २१ स्वर्ण सहित ८५ पदक जीते जो हांग्झोउ में पिछले चरण में हासिल किये गये १०६ पदकों से काफी कम था। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने गुरुवार को कहा हमें कम से कम १५० पदक जीतने चाहिये थे और हम जीत भी सकते थे। कुछ अनुभवी खिलाड़ी स्पष्ट रूप से 'कम्फर्ट जोन' में थे और इसका असर उनके प्रदर्शन में दिखा। मंत्रालय १३ अक्तूबर को राष्ट्रीय खेल महासंघों के साथ बैठक में इसकी समीक्षा करेगा। भारत को २०२६ एशियाई खेलों में बैडमिण्टन में सिर्फ एक टीम कांस्य पदक मिला जबकि पिछले खेलों में एक स्वर्ण, एक रजत और कांस्य पदक जीता था। निशानेबाजों (विशेषकर पिस्टल में) का प्रदर्शन अपेक्षाकृत खराब रहा जबकि दोनों खेलों के भारतीय दल में ओलम्पिक पदक विजेता शामिल थे। सूत्र ने कहा यह ताज्जुब की बात है कि ओलम्पिक पदक विजेता एशियाड में पदक नहीं जीत पाये जबकि एशियाई खेलों में पदार्पण करने वाले भारत के ३१० खिलाड़ियों में से १०६ ने पदक जीते। २३ स्पर्धाओं में करीब ८९ अनुभवी खिलाड़ी नाकाम रहे। बैठक में समीक्षा की जायेगी कि नीति में क्या बदलाव करने की जरूरत है। इतना पैसा खर्च करने के बाद भी कुछ खेलों में अपेक्षित परिणाम क्यो नहीं मिले। अथलेटिक्स में भारत को पिछले एशियाई खेलों में छह स्वर्ण पदक मिले थे जबकि इस बार सिर्फ एक पदक महिला चार गुणा ४०० मीटर रिले टीम हासिल कर सकी। खेलों के दौरान खिलाड़ियों के चोटिल होने को लेकर भी सवाल उठे हैं। अथलेटिक्स में ज्योति याराजी ने चोट के कारण महिलाओं की १०० मीटर बाधा दौड़ में हिस्सा ही नहीं लिया और त्रिकूद में प्रवीण चित्रावेल पहले प्रयास में ही चोटिल हो गये। वहीं ४०० मीटर बाधादौड़में यशस पलाक्षा अपनी हीटके बीचसे हट गये थे। इसके अलावा एमएमएमें वरूण सान्याल स्पर्धासे पहले अनफिट हो गये। सूत्रने कहा कुछ खिलाड़ी खेलोंमें पहुंचनेके बाद चोटों की घोषणा कर रहे थे। अगर अथलीट चोटिल थे तो वे गये कैसे। उन्हें तैयार करनेमें करोड़ों रुपये खर्च किए गये हैं। टाप्सके जरिये खिलाड़ियोंको मनचाही धनराशि आवंटित करनेकी भी समीक्षा का जिक्र करते हुए सूत्रने कहा टाप्स फंडिंगकी समीक्षा निश्चित तौरपर होगी। टाप्स के खिलाड़ियों को मनचाहे कोचों, विदेश में अभ्यास और हर सुविधा के लिये सरकार ने भारी खर्च किया लेकिन नतीजे अपेक्षित नहीं मिले। उन्होंने कहा टाप्सके तहत नौ स्पर्धाओंके ३४ खिलाड़ियों पर २७ करोड़ रूपयेसे अधिक खर्च हुए लेकिन प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिनमें बैडमिण्टन और निशानेबाजीके प्रमुख खिलाड़ी हैं। खेल मंत्रालयने एशियाई खेलोंसे पहले कहा था कि तीन सालके चक्रमें खिलाड़ियोंको तैयार करनेमें ७०० करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गये थे।

उधार की राइफल से जीता था कांस्य पदक

कोहली के आउट होने पर खाना नहीं खाते थे नाना पाटेकर

नयी दिल्ली(एजेन्सियां)। अपनी दमदार अदाकारी और निभाये गये किरदारों के कारण प्रशंसकों के दिलों में हमेशा के लिए अमर नाना पाटेकर अब इस दुनिया में नहीं हैं। ७५ साल की उम्र में उनका गुरुवार को गोवा में ह्दयाघात से निधन हो गया।। अभिनय के अलावा नाना पाटेकर का खेल जगत से भी गहरा लगाव था। वह २००७ में शूटिंग में कांस्य पदक भी जीत चुके थे। इतना ही नहीं विराट कोहली उनके पसंदीदा क्रिकेटर थे। नाना पाटेकर महाराष्ट्र की उस टीम का हिस्सा थे जिसने इंदौर के पास महू में हुई नेशनल ३००एम बिग बोर शूटिंग चैम्पियनशिप में कांसे के तमगे पर निशाना साधा था। आधे से ज्यादा प्रतिभागियों से बेहतर प्रदर्शन करके उन्होंने रिनोन्ड शाट का खिताब हासिल किया था। नाना ४९ प्रतिभागियों में १३वें स्थान पर



रहे थे। तब नाना ने कहा था मेरे हिसाब से यह एक बड़ी उपलब्धि है। रनोन्ड शाट का दर्जा मिलने का मतलब है कि नाना बिना ड्यूटी दिए राइफल इम्पोर्ट कर सकते। एक बार मुझे यह नयी राइफल मिल जाय तो मैं यकीन दिलाता हूं कि मैं ६०० में से ५९० प्वाइंट्स का स्कोर करूंगा। महू में नाना ने उधार ली हुई राइफल से ६०० में से ५४९ प्वाइंट्स हासिल किए थे। यह पिछले साल (२००६) के उनके ५१६ के बेस्ट स्कोर से ३३ प्वाइंट ज्यादा था। उनके टीम के साथी सुमित गुप्त ने ५१२ और अशोक पंडित ने ४७६ प्वाइंट बनाये। महाराष्ट्र की टीम दूसरे नंबर पर रही और छत्तीसगढ़ (१५३९) से सिर्फ दो पाइंट पीछे थी। छत्तीसगढ़ की टीम चैम्पियन सर्विसेज (१,७२९) के बाद दूसरे स्थान पर थी। नाना को क्रिकेट का भी शौक था। एक साक्षात्कार में नाना ने कहा था वे अभिनेता नहीं क्रिकेट बनना चाहते थे। दिग्गज एक्टर ने कहा था कि वह बचपन में अच्छे क्रिकेटर थे। भारत-पाकिस्तान मैचके दौरान वह टीवीसे चिपके रहते थे। नानाने बचपनके दिनों को याद करते हुए कहा था उस समय मैं गरीब था। क्रिकेट सीखने के पैसे नहीं थे। मैं शिवाजी पार्क चला जाता था और जो लोग वहां अभ्यास करते थे उनके लिए गेंदबाजी करता था। विराट कोहली उनके पसंदीदा क्रिकेटर थे। नानाने एक बार कहा था कि अगर विराट जल्दी आउट हो जाते तो उनका खाना खाने का मन नहीं होता था।

मांडविया ने लांच की नयी जर्सी


नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। जापान के आइची-नागोया में होने वाले पैरा एशियाई खेलों से पहले भारतीय दल को गुरुवार को औपचारिक विदाई दी गयी। इस अवसर पर खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय पैरालम्पिक समिति (पीसीआई) द्वारा आयोजित समारोह में भारतीय दल की नयी जर्सी लान्च की। समारोह की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसमें पैरालम्पिक पदक विजेता सिमरन शर्मा, प्रीति पाल और कपिल परमार के अलावा पैरा तीरंदाज राकेश कुमार तथा पैरा पावरलिफ्टर अशोक कुमार सहित कई प्रमुख पैरा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पैरा बैडमिण्टन स्टार प्रमोद भगत को खेलों के लिए भारतीय दल का ध्वजवाहक बनाया गया है। पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझडिया, चेयरपर्सन पायल कनोडिया और मुख्य कोच सत्यनारायण भी समारोह में मौजूद थे।

विकेटकीपिंग पर काम कर रहे यशस्वी-लाड

मुम्बई (एजेन्सियां)। मुम्बई के कप्तान सिद्धेश लाड ने गुरुवार को यहां बताया कि भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बल्लेबाजी और लेग-स्पिन के अलावा 'बैक-अप' कौशल के रूप में विकेटकीपिंग पर काम कर रहे हैं। रणजी ट्राफी २०२६-२७ सत्र से पहले जायसवाल की विकेटकीपिंग पर कड़ी मेहनत करते हुए तस्वीरें सामने आई हैं। यह २४ वर्षीय खिलाड़ी भारतीय टीम के नेट में लेग-स्पिन का भी अभ्यास करता है और कुछ मुकाबलों में गेंदबाजी भी कर चुका है। जायसवाल रविवार से चंडीगढ़ के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होने वाले मुम्बई के रणजी ट्राफी के शुरुआती मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे लेकिन राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण वह दूसरे मैच से आगे उपलब्ध नहीं रहेंगे। लाड ने एक सवाल के जवाब में कहा वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने विकेटकीपिंग का अभ्यास शुरू किया है क्योंकि उन्हें लगता है कि वह अपने खेल में कुछ और जोड़ना चाहते हैं।

प्रतिभा लम्बे समय तक सफलता की गारंटी नहीं होती

कपिलदेव ने दी वैभव सूर्यवंशी को चेतावनी



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बेहद कम उम्र में अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत में खास पहचान बना ली है। १५ साल की उम्र में वह आयु वर्ग क्रिकेट, इंडिया-ए और आईपीएल में अपनी छाप छोड़ने के बाद अब भारतीय टी-२० अंतरराष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं। हालांकि पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव का मानना है कि वैभव के भविष्य को लेकर अभी से बड़े दावे करना जल्दबाजी होगी। वैभव फिलहाल भारतीय टी-२० टीम में नियमित सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के पीछे अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। कपिल देव ने कहा कि वैभव में प्रतिभा जरूर है लेकिन क्रिकेट में केवल प्रतिभा के दम पर लंबे समय तक सफलता की गारंटी नहीं होती। कपिल देव ने कहा अभी बहुत जल्दी है। क्या उसमें क्षमता है हां लेकिन क्रिकेट में ऐसे बहुत से खिलाड़ी रहे हैं, जो बहुत प्रतिभा के साथ आये और फिर धीरे-धीरे गायब हो गये। उन्होंने अपनी बात समझाने के लिए पूर्व भारतीय बल्लेबाज विनोद कांबली का उदाहरण दिया। कपिल ने कहा विनोद कांबली को देखिए। हम उनके बारे में क्या कहेंगे। कांबली को अपने शुरुआती दौर में भारतीय क्रिकेट का बेहद प्रतिभाशाली बल्लेबाज माना जाता था। हालांकि उनका अंतरराष्ट्रीय करियर उम्मीदों के मुताबिक लंबा और सफल नहीं रहा। कपिल देव इसी उदाहरण के जरिए वैभव को लेकर जल्दबाजी में भविष्यवाणी करने से बचने की सलाह दे रहे हैं। कपिल ने कहा कि वैभव अभी सिर्फ १५ साल के हैं और उनके सामने काफी लंबा समय है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में यह ज्यादा स्पष्ट होगा कि युवा बल्लेबाज अपने करियर को किस दिशा में ले जाता है। उसे तीन साल और दीजिए फिर हम बात करेंगे। कपिल ने वैभव के खेल के साथ-साथ उनके जीवन और सोच में आने वाले बदलाव को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे खिलाड़ी की जीवनशैली और सोच बदलती है उसी से पता चलता है कि वह आने वाले वर्षों में कैसा प्रदर्शन करेगा।

भारत-पाकिस्तान आठ नवम्बर को फिर होंगे आमने-सामने

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने अंडर-१९ एशिया कप २०२६ का कार्यक्रम जारी कर दिया। टूर्नामेंट पांच नवम्बर से ओमान में शुरू होगा और १४ नवम्बर को फाइनल खेला जायेगा। इस बार आठ टीमें खिताब के लिए उतरेंगी और सभी मुकाबले मस्कट स्थित ओमान क्रिकेट अकादमी (ओसीए) के ग्राउंड-एक और ग्राउंड-दो पर खेले जायेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत छह नवम्बर को नेपाल के खिलाफ करेगी। इसके दो दिन बाद आठ नवम्बर को पाकिस्तान से मुकाबला होगा। ग्रुप स्टेज में भारत का आखिरी मैच १० नवंबर को यूएई के खिलाफ होगा। टूर्नामेंट ५० ओवर प्रारुप में होगा और कुल १५ मुकाबले खेले जायेंगे। भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, यूएई और नेपाल के साथ रखा गया है। वहीं ग्रुप-बी में बांगलादेश, अफगानिस्तान, श्रीलंका और मलयेशिया शामिल हैं। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला पांच नवम्बर को श्रीलंका और मलयेशिया के बीच होगा। इसी दिन ग्रुप-बी में बांगलादेश और अफगानिस्तान की टीमें भी आमने-सामने होंगी। दोनों मुकाबले पूर्वाह्न १०.३० बजे शुरू होंगे। श्रीलंका-मलयेशिया मैच ओसीए ग्राउंड-दो और बांगलादेश-अफगानिस्तान मैच ओसीए ग्राउंड-एक पर खेला जायेगा। पाकिस्तान मौजूदा चैम्पियन है। पिछले सीजन के फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को १९१ रन से हराकर खिताब जीता था। यह पाकिस्तान का अंडर-१९ एशिया कप में दूसरा खिताब था। भारत ने अंडर-१९ एशिया कप के आठ खिताब १९८९, २००३, २०१२, २०१३-१४, २०१६, २०१८, २०१९ और २०२१ में जीते हैं। २०१२ में भारत और पाकिस्तान संयुक्त विजेता रहे।

कार्यालय जिलाधिकारी, मीरजापुर
(खनिज अनुभाग)

पत्रांक— 2096 / खनिज / पत्थर / ई—निविदा / 2026 दिनांक 05.10.2026

ई—निविदा आमंत्रण सूचना (प्रेस नोट)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद मीरजापुर की तहसील लालगंज स्थित;ग्रामसभा कठवार, ग्राम डांगरखेड़ी के अन्तर्गत मेजा—जरगो लिंक नहर के आन्तरिक स्लोप स्टेबिलाइजेशन के कार्य से नहर के दायें बैंक से ओवरबर्डन हटाने एवं आन्तरिक सेक्शन के साइड स्लोप पर लाइनिंग कार्य के दौरान खुदाई में निकले हुए उपखनिज सैण्डस्टोन (गिट्टी / बोल्डर), जो नहर के दायें एवं बायें बैंक पर एकत्रित किये गये हैं, को निस्तारित किये जाने हेतु शासनादेश संख्या 2595 / 86—2018—12 (सामान्य) / 2018 दिनांक 03 / 12 / 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राजस्व / जनहित में ई—निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नवत् है:—

तहसील / ग्राम	स्थल का विवरण	भण्डारित क्षेत्र का जियो—कोआर्डिनेट	उपखनिज का नाम	निर्माण कार्य से निकले पत्थर (गिट्टी / बोल्डर) की मात्रा	पत्थरों का आरक्षित मूल्य (घन मी X रायल्टी दर रू0 140 प्रति घन मी0)	निविदा की न्यूनतम रा"ी (अर्नेस्ट मनी)
1	2	3	4	5	6	7
तहसील लालगंज स्थित ग्रामसभा कठवार, ग्राम डांगरखेड़ी	कि0मी0 20.00 से कि0मी0 21.00 के मध्य नहर के बीच खुदाई से निकले पत्थर नहर के दोनो पटरियों पर जगह—जगह व आस—पास में भण्डारित है ग्रामसभा कठवार ग्राम डांगरखेड़ी	25°00'01.14"N 82° 23'52.43"E से 25°00'35.18"N 82° 24'04.73"E के मध्य नहर के दोनो तरफ उपखनिज सैण्डस्टोन भण्डारित है।	सैण्डस्टोन (गिट्टी / बोल्डर)	18,928 घ0मी0	26,49,920	6,62,480

उक्त विवरण के अनुसार भण्डारित उपखनिज सैण्डस्टोन गिट्टी / बोल्डर को 03 माह की अवधि में निस्तारित किये जाने हेतु ई—निविदा दिनांक 17 / 10 / 2026 पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 22 / 10 / 2026 समय अपरान्ह 5.00 बजे तक वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है, जिसे दिनांक 23 / 10 / 2026 को दोपहर 02:00 बजे गठित समिति के समक्ष क्वैरी कार्यालय, मीरजा. पुर में खोली जायेगी। विस्तृत सूचना eProcurement Portal https://etender.up.nic.in पर एवं खनिज कार्यालय, मीरजापुर से प्राप्त की जा सकती है।

(पवन कुमार गंगवार)
जिलाधिकारी,
मीरजापुर।

उ.प्र.—257748
दिनांक—07.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ज्ञानपुर नहर प्रखण्ड, भदोही

अल्पकालिक ई-निविदा सूचना संख्या:-03/E.E./2026-27
ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की निविदा

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदे"ा की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाइन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से टेक्निकल एवं फाइनें"ियल बिड सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत फर्मो / निविदादाताओं से दिनांक 19.10.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन दिनांक 19.10.2026 का अपरान्ह 02:00 बजे से मुख्य अभियन्ता (सोन) सिंचाई विभाग, उ0प्र0, वाराणसी द्वारा गठित समिति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में ऑनलाइन खोली जायेगी बिड / निविदा दिनांक 13.10.2026 के पूर्वान्ह 10.00 बजे से डाउनलोड / अपलोड किया जा सकता है। कार्यालय में अवका"ा होने की द"ाा में यह बिड / निविदा अगले कार्यालय दिवस मे उसी समय खोली जायेगी।

लाट सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू0 लाख)	धरोहर धनरा"ा (रू0 लाख)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मुल्य रू0	पंजीकृत निविदादाता की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	भदोही राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.570 तक स्कैपिंग का कार्य।	2.65	0.26	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
2	भदोही राजवाहा के कि0मी0 20.370 से कि0मी0 35.000 तक आन्तरिक सेक"ान में स्कैपिंग एवं सिल्ट सफाई का कार्य।	7.31	0.73	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
3	भदोही राजवाहा के कि0मी0 35.000 से कि0मी0 53.000 तक आन्तरिक सेक"ान में स्कैपिंग एवं सिल्ट सफाई का कार्य।	8.78	0.88	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
4	चौरीकला माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 6.500 तक स्कैपिंग का कार्य।	1.75	0.17	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
5	गिर्दकोट राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 14.600 तक आन्तरिक सेक"ान में स्कैपिंग का कार्य।	7.04	0.70	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
6	गरौरा राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 6.000 तक सिल्ट सफाई एवं कि0मी0 6.000 से कि0मी0 14.100 तक स्कैपिंग का कार्य।	6.77	0.68	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
7	कोछिया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 7.000 तक आन्तरिक सेक"ान में स्कैपिंग का कार्य।	1.92	0.19	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
8	खेमईपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 7.400 तक आन्तरिक सेक"ान में स्कैपिंग का कार्य।	2.00	0.20	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
9	गोपालपुर राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.500 तक आन्तरिक सेक"ान में स्कैपिंग का कार्य।	2.63	0.26	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
10	भगवानपुर राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 11.500 के मध्य आन्तरिक सेक"ान में स्कैपिंग का कार्य।	5.52	0.55	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
11	सीखड़ राजवाहा के कि0मी0 7.000 से कि0मी0 25.000 तक आन्तरिक सेक"ान में स्कैपिंग का कार्य।	8.76	0.88	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
12	सीखड़ राजवाहा के कि0मी0 26.000 से कि0मी0 41.000 तक आन्तरिक सेक"ान में स्कैपिंग का कार्य।	7.25	0.72	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
13	छत्रभानपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 6.800 तक आन्तरिक सेक"ान में स्कैपिंग का कार्य।	1.83	0.18	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
14	भुआलपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 9.800 तक आन्तरिक सेक"ान में स्कैपिंग का कार्य।	2.67	0.27	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
15	इनारगांव राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.000 के मध्य आन्तरिक भाग सिल्ट सफाई / स्कैपिंग का कार्य।	2.37	0.24	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
16	डीघ राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 17.800 के मध्य आन्तरिक भाग सिल्ट सफाई / स्कैपिंग का कार्य।	8.60	0.86	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
17	लक्ष्मणपुर राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 9.000 तक आन्तरिक सेक"ान में स्कैपिंग का कार्य।	5.08	0.51	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर

उ.प्र.:— 257687
दिनांक:— 07.10.2026

(सुधीर कुमार पाल)
अधिशासी अभियन्ता
ज्ञानपुर नहर प्रखण्ड, भदोही

वेबसाईट:— www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बलिया

पत्रांक— 3528 / 4ए दिनांक— 01.10.2026

ई—प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1— इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई—टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13.10.2026 से दिनॉक 19.10.2026 को 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है एवं दिनॉक 19.10.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यो के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए एवं बी सेतु श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

2— कार्यो का विवरण

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
स्वीकृति की प्रत्याशा में राज्य योजना के कार्य (बिल ऑफ क्वॉटिटी के अनुसार)										
1	बलिया	जनपद बलिया मे पंथी के पुरवा लोक निर्माण विभाग के किमी0—1 पर दोहरीघाट नहर पर पुलिया एवं एप्रोच मार्ग का निर्माण कार्य	109.60	7.48	(स्टेशनरी चार्जज+ निविदा मूल्य+जी. एस.टी.) 2590.00	10 माह, वर्षा ऋतु सहित	अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़	ए. बी.
2	बलिया	जनपद बलिया में चड़िया चट्टी से अम्बेडकर ग्राम मसुरिया मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर नई पुलिया का निर्माण कार्य	110.28	7.52	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
3	बलिया	जनपद बलिया में आर0एन0टी0 जमुआव सद्दीपुर मार्ग पर क्षतिग्रस्त एवं सकरी पुलिया के स्थान पर नई पुलिया का निर्माण कार्य	110.19	7.51	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव

3— निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक—13.10.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक 19.10.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।

4— ई—टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि— 19.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक—19.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, बलिया में खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।

5— शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

6— शासनादेश सं0—1 / 2018—3070 / 78—2—2013 / 42आई0टी0 / 2017 (22) दिनांक—03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग / कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट— निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
बलिया

उ.प्र.—257663
दिनांक—07.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कुपोषण मुक्त मऊ के निर्माण का लें संकल्प-एके शर्मा

मऊ। 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत 09 सितंबर से 08 अक्टूबर 2026 तक आयोजित विभिन्न पोषण गतिविधियों की श्रृंखला के क्रम में जनपदस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन माननीय मंत्री ए.के. शर्मा, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में नगर पालिका कम्युनिटी हाल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किए गए। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कोविड-19 के दौरान माता अथवा पिता की मृत्यु होने की दशा में प्रभावित बच्चों को शिक्षा में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मंत्री द्वारा लैपटाप का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे तथा प्रत्येक गर्भवती एवं धात्री महिला को उचित पोषण एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। स्वस्थ बच्चा ही आगे चलकर स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण करता है। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के

गोदभराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री



माध्यम से 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण, स्वास्थ्य एवं विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा भी प्रदान की जा रही है।उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास केवल कुपोषण को कम करना ही नहीं, बल्कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को मजबूत करना तथा परिवारों को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी है।

मंत्री ने कहा कि मऊ जनपद को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए सरकार के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, स्वास्थ्य विभाग, ग्राम पंचायतों और परिवारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से अपील की कि बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दें, आंगनबाड़ी केंद्रों से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाएं तथा आस-पास के परिवारों को भी पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि 'आइए, हम सब मिलकर कुपोषण मुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त मऊ के निर्माण का संकल्प लें। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा नूपुर अग्रवाल, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र सरोज, डीसी मनरेगा राजीव कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी रंजीत कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

दुकानदार की पिटाई, एफआईआर दर्ज

मधुबन (मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र के धर्मपुर हाता में गुंडई के बल पर दुकानदार से सामान मांगने एवं न देने पर लाठी डंडा ईंट पत्थर व लात घूसा से मार कर गंभीर रूप से घायल कर देने के मामले में पुलिस ने घायल व्यक्ति की पत्नी के तहरीर पर एक नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कांति देवी पत्नी रामहरख यादव का आरोप है कि 4 अक्टूबर की शाम आठ बजे मेरे पति अपने किराने के दुकान पर बैठे थे कि उसी दौरान राजेश यादव पुत्र रामअवध अपने एक मित्र के साथ आया और जबर्दस्ती गुंडई के बल पर सामान मांगने लगा । जब मेरे पति ने सामान देने से इंकार किया तो क्षुब्ध होकर वह मेरे पति को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। जब मेरे पति ने विरा. ेध किया तो लाठी डंडा ईंट पत्थर और लात घूसा से मार कर उन को गंभीर रूप से घायल कर दिया । जिससे मेरे पति बेहोश होकर जमीन कर गिर गए । इस मामले में पुलिस ने घायल व्यक्ति की पत्नी के तहरीर पर उपरोक्त एक नामजद एवं एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने गुरूवार को ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता की भी जांच की तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने आगामी 12 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले एफएलसी कार्य की तैयारियों की विस्तृत जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। उन्होंने

एफएलसी की तैयारियों का भी लिया जायजा

निर्देश दिए कि एफएलसी कार्य से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि निर्धारित समय पर कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ कराया जा सके। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा, निगरानी, आवश्यक उपकरणों एवं अन्य व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि एफएलसी कार्य के दौरान निर्धारित प्रोटोकाल एवं सुरक्षा मानकों का पूरी गंभीरता के साथ पालन किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार, अपर उप जिलाधिकारी सुनील कुमार भारती सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे

विकास भवन के कार्यालयों के बाहर नाम लिखने का निर्देश

मऊ। नवागत मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया ने विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कार्यालयों की कार्यप्रणाली, कार्मिकों की उपस्थिति, अभिलेखों के रख-रखाव तथा आमजन से संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिका. रियों एवं कर्मचारियों को शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईडी), जिला अर्थ एवं संख्या विभाग, जिला पंचायत राज विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, सहकारिता विभाग एवं युवा कल्याण विभाग सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निर्वाचन से संबंधित अस्थायी डबल लाकर के निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने उसकी सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के दृष्टिगत बाहर की ओर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी अभिलेखों एवं सामग्री की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन स्थित सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्यालय के बाहर कार्यालय का नाम एवं पदनाम स्पष्ट रूप से प्रदर्शित कराया जाए, ताकि आमजन को संबंधित कार्यालय की पहचान एवं जानकारी प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कार्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा किसी भी दशा में गंदगी न होने देने के

जनता की सुविधा के लिए नवागत सीडीओ ने उठाये कदम



निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में आने वाले आमजन की समस्याओं एवं कार्यों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। अधिकारी एवं कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित रहें तथा अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, संवे. दनशीलता एवं उत्तरदायित्व के साथ करें।मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी विभाग आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनपद के विकास को नई गति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मूल उद्देश्य जनस. ेवा एवं सुशासन है।

विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच. ाना तथा आमजन को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए जनपद में विकास का प्रभावी वातावरण तैयार किया जाए। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र सरोज, उपायुक्त श्रम रोजगार राजीव कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी रंजीत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी के स्टेनो जितेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

SHIVAM LIFECARE IVF & FERTILITY CENTRE
बाँझपन क्लिनिक
रोजाना 2 बजे से 4 बजे तक
हर बुधवार निःशुल्क परामर्श
पूर्वांचल में पहली बार
निःसंतान दम्पतियों हेतु
सबसे सस्ता और सबसे अच्छा
BEST RESULTS
डा0 यशिका सिंह
M.B.B.S., M.S., DNB, IVF FELLOWSHIP
(गोल्ड मेडलिस्ट, मेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज, नई दिल्ली)
स्त्री, प्रसूति एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
IVF CENTRE
SHIVAM LIFE CARE IVF & FERTILITY CENTRE जनपद मऊ में
उपलब्ध सेवायें
कौन दम्पत्ति सम्पर्क कर सकते हैं?
बंद ट्यूब
खराब गुणवत्ता
कम शुक्राणु
अनियमित पीरियड
अण्डों में खराबी
नेल शुक्राणु
9250206423, 8948943074
डा. अभिनव सिंह
MBBS, MD, Paediatric M.A.M.C., New Delhi
सममनोहर लोहिया, नई दिल्ली
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
शिवम हास्पिटल
ब्रह्मस्थान, मऊ
शिवम क्लिनिक
हकीकतपुरा, राज पैलेस के सामने में, मऊ

SNH
शारदा नारायन हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
अब अस्पताल के कैथलैब में उपलब्ध
एन्जियोग्राफी
एन्जिप्लास्टी
पर्मानेंट पेसमेकर (PPI)
टेम्परेरी पेसमेकर (TPI)
बलून मिटरल वाल्वोप्लास्टी (BMV)
ट्रेडमिल टेस्ट
2D इको
होल्टर मानिटर
आयुष्मान भारत में उपलब्ध
डा.दीपक राय
एमबीबीएस,एमडी
डीएम,कार्डियोलॉजिस्ट
24X7 उपलब्ध
96 51 55 80 01
शारदापुरम, सहादत्तपुरा, मऊ (उ.प्र.) 275101

लक्ष्मी देवी मेमोरियल आर्थोपेडिक अस्पताल
फातिमा अस्पताल के सामने मऊनाथ भंजन,मऊ-275101(उ.प्र.)
रजि.हेतु सम्पर्क करें Helpline 8881639715,0547-2229939
डा.पवन कुमार गुप्ता
Bsc.(Hons)M.B.B.S.M.S.
(Ortho)Kanpur
फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
डा.सलिल कुमार गुप्ता
M.B.B.S.M.S. (Ortho) Meerut
फ्रैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
डा.आरुषि गुप्ता
Periodontologist and Oral Implantologist
दन्त रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व आर्थोपेडिक सर्जन,फातिमा अस्पताल,मऊ
आयुष्मान कार्ड पर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है

विश्वजीत क्लीनिक
डा.ओ.पी.सिंह
(फिजिशियन) सिर दर्द में विशेष योग्यता
एम.बी.बी.एस.,एम.डी.(मेडिसिन)
हृदय,गुर्दा,उदर,छाती,डायबिटीज,गुप्त रोग विशेषज्ञ
चांदमारी
इमिलिया
फातिमा अस्पताल
के पीछे मऊ

आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध है।
बिन्दू अस्पताल
पता- (पुलिस चौकी से दक्षिण तरफ) रतनपुरा- मऊ
डा. जितेन्द्र राय
M.B.B.S., MS
(फातिमा अस्पताल, मऊ)
डा. राहुल यादव
M.B.B.S.
डा. श्रीमती बिन्दू यादव
B.A.M.S.
(स्त्री एवं प्रसूति रोग)
सुविधायें- हमारे यहाँ आपरेशन, बच्चेदानी, सिजिरीयन, अपेन्डीस, हार्निया, हाइड्रोसील, M.T.P, D&C
नार्मल डिलेवरी, आक्सीजन, नेबुलाइजर, एम्बुलेन्स सुविधा एवं इमरजेन्सी 24 घण्टे उपलब्ध
24x7 Emergency Services
I.C.U. & N.I.C.U.
की सुविधा उपलब्ध है।
संचालक- जयहिन्द यादव (D. Pharma)
9450629608, 8564891113, 8795944986

बालाजी चौखट
स्थापना वर्ष 1999
और नहीं कोई इससे बेहतर.....
सीमेंट-कंक्रीट द्वारा निर्मित
WPC से बना रेडीमेड
बालाजी चौखट
WPC दरवाजा पल्ला
WPC खिड़की पल्ला
WPC दरवाजा चौखट
WPC खिड़की चौखट
पानी / दीमक से बेअसर
अत्यंत मजबूत एवं टिकाऊ
पेंच/स्क्रू की मजबूत पकड़
निर्माता- बालकृष्ण उद्योग
प्लाट बी-4,6,7, औद्योगिक आस्थान नरई बाँध, मऊ-275101 (उ०प्र०)
(+91) - 9721521791
www.balajichaukhat.com

लंदन से सम्मानित होकर लौटी डाक्टर एकिका सिंह का आईएमए ने किया स्वागत

मऊ। लंदन में प्रतिष्ठित मानद उपाधि से सम्मानित होने के बाद वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. एकिका सिंह का बुधवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), मऊनाथ भंजन की ओर से अभिनंदन किया गया। अग्रवाल नर्सिंग होम में आयोजित आईएमए की कार्यकारिणी बैठक में चिकित्सकों ने डा. सिंह को बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि को मऊ के चिकित्सा जगत के लिए गौरवपूर्ण बताया।डा. एकिका सिंह को लंदन में रायल कालेज आफ आब्स्टेट्रिशियन एंड गायनेकोलाजिस्ट की ओर से प्रतिष्ठित मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। उनकी इस उपलब्धि की जानकारी मिलने के बाद जिले के चिकित्सकों में खुशी का माहौल है। आईएमए की बैठक में भी इस उपलब्धि की चर्चा प्रमुखता से हुई। आईएमए पदाधिकारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मऊ के चिकित्सक को मिली यह मान्यता जिले के लिए सम्मान की बात है।



डा. सिंह की उपलब्धि चिकित्सा क्षेत्र में काम कर रहे युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। इस दौरान आईएमए परिवार की ओर से उन्हें सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गईं। कार्यकारिणी की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चाअग्रवाल नर्सिंग होम में हुई कार्यकारिणी की बैठक में आईएमए की आगामी गतिविधियों और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। संगठन की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने तथा चिकित्सकों की भूमिका को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में आईएमए अध्यक्ष डा. आरके अग्रवाल, सचिव डा. राहुल कुमार, डा. आरएम मिश्रा, डा. पवन कुमार गुप्ता, डा. एसके सिंह, डा. संजय सिंह, डा. एकिका सिंह, डा. राजा राम चौहान, डा. प्रवीन कुमार सिंह, डा. अमित कुमार रंजन, डा. जीएस चौहान, डा. समीर सिंह, डा. दुर्गेश आजाद, डा. अजय कुमार और डा. मोहम्मद आमिर समेत अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

कांग्रेसियों ने मनाया काला दिवस

मऊ। नेता विपक्ष राहुल गांधी के साथ दिल्ली पुलिस के दुर्व्यवहार के खिलाफ मऊ में कांग्रेस जनों ने काला दिवस मनाया एवं सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। इस विरोध प्रदर्शन में मऊ जनपद के वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने पंडित शास्त्री के प्रतिमा के पास शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताया । धरना-प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी के साथ दुर्व्यवहार किया । लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन करना विपक्ष का अधिकार है । लेकिन सरकार तानाशाही पूर्ण तरीके से विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है ।जिला उपाध्यक्ष रमन पांडेय ने कहा कि प्रधानमन्त्री एवं गृहमंत्री मुख्य चुनाव चुनाव आयुक्त को आगे कर जनता के वोट के अधिकार को लूटा जा रहा है । जो लोकतंत्र को समाप्त करने कि साजिश है । जिसे कांग्रेस कभी सफल नहीं होने देगी । इस अवसर पर शहर अध्यक्ष सलमान जमशेद, विष्णु प्रकाश कुशवाहा, रामकरण यादव ,संजय यादव ,धर्मेन्द्र सिंह,रामकेश पटेल ,सोहैल नोमानी , शैलेन्द्र सिंह, प्रेमचंद चौहान ,मुक. ेश राजभर ,वीरेंद्र कुशवाहा ,आफताब सिद्धिकी,खालिद सागर, ओसामा अंसारी सहित सैंकड़ों कांग्रेस जन मौजूद रहे।

सड़क हादसे में एक घायल

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। कोतवाली क्षेत्र के जमीन बरामदपुर निवासी आबूजर साहब सैफु पुत्र जावेद अहमद बुधवार संध्या घर के बाहर खेलते समय सड़क पार कर रहा था कि एक दो पहिया वाहन ने धक्का मार दिया। जिससे सड़क पर गिरकर घायल हो गया । बाद में आस-पास के लोगों ने इसकी सूचना उसके परिवार के लोगों के दी । जहां लोगों ने घायल बालक को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

छात्राओं को किया जागरूक

घोसी(मऊ)। एंटीरोमियो टीम ने रामरती देवी सीनियर सेकेंड्री स्कूल ललितपुर लुदुहीं में छात्राओं को जागरूक किया।

स्नातक एमएलसी चुनाव:मतदान २३ और मतगणना २७ को

मऊ। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया की अध्यक्षता में गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के संबंध में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों की बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्वाचन कार्य में लगे सभी कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी, निष्पक्षता एवं पूरी गंभीरता के साथ निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिक. ारी ने बताया कि गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 के लिए मतदान 23 अक्टूबर 2026 को प्रात: 08.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित मतदेय स्थलों पर कराया जाएगा। वहीं मतगणना 27 अक्टूबर 2026 को निर्धारित है। निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद में 10 बूथ, 40 मतदान अधिकारी, 10 माइक्रो आब्जर्वर, 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 05 जोनल मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं तथा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी कार्मिक अपने दायित्वों एवं निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी भली-भांति प्राप्त कर लें। बैठक में परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र सरोज, उप जिलाधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना, डीसी मनरेगा राजीव कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुशील कुमार, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं निर्वाचन कार्मिक उपस्थित रहे।

सीडीओ ने पीठासीन अधिकारियों को निष्पक्ष चुनाव कराने का दिया निर्देश

साथी के दुःख में शामिल हुए पत्रकार

मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के सियाबस्ती गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार अर्जुन प्रजापति की बड़ी भाभी चंद्रावती देवी उम्र 70वर्ष का गुरुवार दोपहर निधन हो गया। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन तहसील इकाई मुहम्मदाबाद गोहना की ओर से शोकसभा आयोजित कर दिवंगत की आत्मशांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष संजय राय, मंत्री अनवर अहमद, उपाध्यक्ष सतीश पांडेय व विष्णुकांत श्रीवास्तव, संगठन मंत्री अंसार अहमद व मोनू भारती, मीडिया प्रभारी तारकेश्वर सिंह अजीत सहित रामप्रवेश, कंचन सिंह, वसीम खां, उपेंद्र यादव, शिवबदन, अबूबकर खां, सद्दाम हाशमी, एखलाक अहमद व इनामुलहक आदि पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त की।**नदवासराय संवाददाता के अनुसार**- आज पत्रकार के यहां भी शोक सभा की गयी। इस अवसर पर सतीश पाण्डेय, रामप्रवेश, उपेन्द्रनाथ, संजय राय तारकेश्वर सिंह, अनवार अहमद सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

दो वारंटी गिरफ्तार

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। वारंटी एवं वंछित लोगों की तलाश हेतु पुलिस लगातार घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार करके न्यायालय चालान कर रही है। इसी क्रम में कोतवाली की उप निरीक्षक अनिल सिंह ने दो वारंटी निवासी लग्गूपुर को पकड़कर कोतवाली ले आई। बाद में पुलिस ने इन दोनों का न्यायालय चालान किया।

३७ वाहनों का चालान

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। चेकिंग अभियान में पुलिस ने 37 बाइकों का ई चालान किया।

संक्षिप्त समाचार

हाई टेंशन तार की चपेट में आने से बालिका की हालत गंभीर

मऊ। सहादतपुरा मुहल्ले में छत पर गई सात वर्ष की दीपिका तिवारी नामक छात्रा को ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन तार ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वह झुलस गयी। उल्लेखनीय है कि शहर के विभिन्न हिस्सों से लोगों के घरों के ऊपर से हाई टेंशन के तार गुजरे हैं। प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है और हादसे दर हादसे होते जा रहे हैं। अभी दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के इस्लामाबाद में एक ही समय में छत पर टेंट लगा रहे तीन युवकों की मौत की घटना लोगों के जेहन से नहीं उतरी थी कि इस बीच यह हादसा हो गया।

शोक जताने अमिला पहुंचे भाजपाई


अमिला(मऊ)। अमिला कोट में पूर्व सांसद विधायक क्रांतिकारी झारखंडे राय के पुत्र अशोक राय के निधन पर पैतृक घर पहुँचकर भाजपा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा हेमंत राय ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। क्रांतिकारी झारखंडे राय यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष विवेक राय गोलू के साथ राजू सिंह पटेल, दिव्यांश राय ,अभय राय, संजू ,शिवम राय ,शुभम राय ,भोला पटेल ,कार्तिक राय आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

३०८ पहियों वाले ट्रक के साथ सेल्फी लेने उमड़ी भीड़

घोसी(मऊ)। 308पहियों वाले बाहुबली ट्रक के दो सौ टन वजनी औद्योगिक मशीन लेकर बलरामपुर जाते समय घोसी पहुँचने पर लोगों ने सेल्फी लिया और रील बनायी। यही ट्रक सुबह जब मऊ के मतलूपुर मोड़ से गुजर रहा था तो वहां भी उसे देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी थी।

तारा मेडिकल स्टोर पर नहीं मिला फार्मासिस्ट, दवा बिक्री पर रोक

मऊ। औषधि निरीक्षक खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने तारा मेडिकल स्टोर फातिमा मोड़ पर फार्मासिस्ट न मिलने से वहां दवाओं की विक्री पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया और पांच औषधियों के नमूने लिये गये।



...चला गया सिनेमा का क्रांतिवीर

नाना पाटेकर फिल्म अभिनेता के साथ लेखक और फिल्म निर्माता भी थे। नाना हिन्दी फिल्मों के मशहूर अभिनेता माने जाते हैं। उनके अभिनय के सभी कायल हैं और यही कारण है कि उन्हें आज तक कई बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें पद्मश्री सम्मान भी मिल चुका है। वे इंडस्ट्री में अपने डॉयलाग को बोलने की स्टाइल को लेकर काफी मशहूर थे। उनके अभिनय के दीवाने आपको हर आयु वर्ग में मिल जाएंगे। नाना का जन्म मुरुड-जंजीरा, रायगढ़, महाराष्ट्र में हुआ था। उनके पिता का नाम दिनकर पाटेकर और मां का नाम संजनाबाई पाटेकर है। नाना की पढ़ाई सर जे जे इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाईड आर्ट, मुंबई से हुई थी। नाना पाटेकर का विवाह 1978 में नीलाकांती पाटेकर से हुआ था। दोनों लंबे समय से अलग रह रहे थे, हालांकि उनका कानूनी तलाक नहीं हुआ था। दंपति के दो बेटे थे-दुर्वासा पाटेकर और मल्हार पाटेकर; दुर्वासा का बचपन में निधन हो गया था। मल्हार पाटेकर फिल्म निर्माण और निर्देशन से जुड़े रहे हैं और उन्होंने असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम किया था। नाना के करियर की शुरुआत फिल्म गमन से हुई थी लेकिन इंडस्ट्री में उन्हें फिल्म परिंदा से नोटिस किया गया जिसमें उन्होंने खलनायक की भूमिका अदा की थी। इस फिल्म में उनके अभिनय के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार भी दिया गया। इसके बाद उन्होंने कई अच्छी फिल्मों में काम किया और अपने अभिनय का लोहा मनवाया। क्रांतिवीर, खामोशी, यशवंत, अब तक छप्पन, अपहरण, वेलकम, राजनीति उनकी प्रमुख फिल्मों में से एक हैं।

नाना पाटेकर का करीब पांच दशक लंबा फिल्मी करियर रहा। उन्होंने थिएटर से शुरुआत की और बाद में फिल्मों का रुख किया। गमन, अंकुश, परिंदा, क्रांतिवीर, तिरंगा, अब तक छप्पन, अपहरण और वेलकम जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार भूमिकाएं निभाई थीं। जनवरी, 1951 को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के गांव मुरुद-जंजीरा में जन्मे विश्वनाथ गजानन पाटेकर, जिन्हें दुनिया ने नाना पाटेकर के नाम से जाना। बगावती तेवर वाले नाना बचपन से ही बाकी बच्चों से अलग रहे। समाज की कुरीतियों को कला के माध्यम से दिखाना चाहते थे। इसलिए पहले थिएटर में आए, फिर फिल्मों का रुख किया। नाना अपने गुस्सैल स्वभाव के लिए भी चर्चा में रहते थे। जब रवि चोपड़ा ने उन्हें रेपिस्ट का रोल ऑफर किया तो उन्होंने गाली दे दी थी। फिल्म परिंदा की शूटिंग के वक्त नाना और फिल्म के डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा भिड़ गए थे। नाना के पिता टेक्सटाइल पेंटिंग का छोटा सा बिजनेस चलाते थे। नाना जब 13 साल के थे, तभी किसी ने पिता के साथ फ्रॉड कर दिया। रातों-रात बिजनेस चौपट हो गया। सारी प्रॉपर्टी बिक गई। पैसे कमाने के लिए नाना को भी सड़क पर आना पड़ा। वे सुबह स्कूल जाते, शाम में फिल्म के पोस्टर पेंट करते थे। जहां पोस्टर पेंट करते थे, वहां से घर की दूरी 8 किलोमीटर थी। इस तरह दिन में 16 किलोमीटर की दूरी पैदल ही तय करते थे। इस काम के लिए हर महीने 35 रुपए मिलते थे। यह बात 1963 के आस-पास की है। पैसों की इतनी किल्लत थी कि कभी-कभार खाना भी नसीब नहीं होता था। लंच या डिनर टाइम में नाना यूं ही अपने दोस्तों से मिलने चले जाते थे। इस उम्मीद में कि सामने से कोई दो रोटी खाने को पूछ ले। नाना बचपन में बहुत शरारती थे। इतने शरारती कि टीचर इन्हें बगल में बिठाकर रखते थे, ताकि मारने के लिए बार-बार उठना न पड़े। शरारत इतनी बढ़ गई कि नाना की मां ने उन्हें छठी कक्षा के बाद अपनी बहन के गांव भेज दिया। मां को लगा कि दूसरी जगह जाएगा तो सुधर जाएगा। नाना अपनी मौसी के घर एक-दो साल रहे, फिर वापस आ आए। मौसी ने ही उन्हें वापस भेज दिया। उन्हें डर था कि नाना की संगत में कहीं उनके बच्चे ही न बिगड़ जाएं। नाना पाटेकर के परिवार में अब उनकी पत्नी नीलकांति और बेटे मल्हार हैं। नाना और नीलकांति ने अपनी शादीशुदा जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे। दोनों ज्यादातर समय अलग-अलग रहे, लेकिन उन्होंने कभी तलाक नहीं लिया। नाना ने इंटरव्यू में बताया था कि उनकी मुलाकात नीलकांति से नाटक 'जात न पूछो साधु की' के दौरान हुई थी। नीलकांति भी इस नाटक में बतौर एक्टर काम कर रही थीं। उस समय नीलकांति बैंक में अधिकारी के तौर पर नौकरी भी करती थीं। नाना ने कहा था, वह बैंक में अधिकारी के तौर पर काम कर रही थीं। मुझे एक शो के 50 रुपए मिलते थे, जबकि उनकी सैलरी 2500 रुपए थी। 15-20 शो करने के बाद मैं सिर्फ 750 रुपए कमा पाता था। नाना के मुताबिक, नीलकांति ने उनसे कहा था कि अगर वह एक्टिंग को करियर बनाना चाहते हैं तो वह पहले से कमाई कर रही हैं, इसलिए परिवार के पास पैसे आते रहेंगे। नाना ने कहा था कि वह नीलकांति की वजह से ही इस पेशे को आगे बढ़ा सके, क्योंकि उस समय उन्हें नहीं पता था कि वह इसमें सफल होंगे या नहीं। कुछ साल बाद नीलकांति ने एक्टिंग छोड़ दी और परिवार की देखभाल करने लगीं। इस समय तक नाना और नीलकांति अलग-अलग रहने लगे थे। नीलकांति, नाना की मां और बेटे मल्हार के साथ रहती थीं, जबकि नाना अलग रहते थे। नाना के बड़े बेटे दुर्वासा का निधन महज ढाई साल की उम्र में हुआ था। उन्होंने बताया कि बेटे का नाम 'सबसे गुस्सैल ऋषि' के नाम पर रखा गया था और जन्म के समय उसे कुछ शारीरिक परेशानियां थीं। नाना ने बताया था कि उनके बड़े बेटे का जन्म कटे हुए तालू के साथ हुआ था और उसे एक आंख से देखने में भी परेशानी थी। उन्होंने स्वीकार किया कि बेटे को देखकर उनके मन में सबसे पहले यह विचार आया था कि लोग उनके बारे में क्या सोचेंगे। उन्होंने कहा था कि उस समय उनकी पहली चिंता बेटे की परेशानी नहीं, बल्कि लोगों की प्रतिक्रिया थी। दुर्वासा की मौत को याद करते हुए नाना ने कहा था कि वह ढाई साल की उम्र में चला गया, लेकिन उसने उन्हें बहुत कुछ सिखाया। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय तक दुख में नहीं डूबे और हमेशा मुश्किल परिस्थितियों में भी खुद को संभालकर रखने की कोशिश की। बेटे की मौत के बाद नाना ने बहुत ज्यादा सिगरेट पीना शुरू कर दिया था। एक्ट्रेस स्मिता पाटिल ने नाना को बीआर. चोपड़ा के बेटे रवि चोपड़ा के पास भेजा था। रवि चोपड़ा उस वक्त फिल्म 'आज की आवाज' बना रहे थे। उन्होंने नाना को रेपिस्ट का रोल ऑफर किया। ऑफर सुनते ही नाना भड़क उठे। उन्होंने सबके सामने रवि को गालियां बक दीं। नाना ने कहा कि तुम मुझे ऐरा-गैरा आदमी समझते हो, क्या मैं ऐसा रोल करूंगा? यह कहकर नाना वहां से लौटने लगे। तभी स्मिता पाटिल वहां पहुंच गईं। उन्होंने नाना और रवि दोनों को समझाया। तब रवि चोपड़ा ने उन्हें मेन विलेन का रोल ऑफर किया। नाना इस बार भी सीधी तरह नहीं माने। उन्होंने कहा कि मैं कर तो लूंगा, लेकिन अपना किरदार खुद लिखूंगा। आखिरकार उन्होंने फिल्म में काम कर लिया था। फिल्म परिंदा की शूटिंग के दौरान डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा और नाना पाटेकर में लड़ाई हो गई थी। यह बात खुद विधु ने एक टीवी रियलिटी शो के दौरान स्वीकारी थी। उन्होंने कहा था, 'नाना हर सीन में गाली देता था। मुझे यह बात बड़ी अजीब लगती थी। मुझे उस वक्त गालियां नहीं आती थीं। नाना बार-बार गालियां दिए जा रहा था। ऊपर से बिना शूटिंग किए घर जाने लगा। मैंने कहा कि पहले पैसे दो, फिर वापस जाओ। कम से कम मेरा नुकसान तो मत कराओ। यही बात कहते हुए मैंने उसका कुर्ता फाड़ दिया।% उन्होंने आगे कहा था, %अभी यह सब चल ही रहा था कि कैमरामैन ने शॉट रेडी कर दिया। आप फिल्म देखिए, एक सीन में नाना बनियान में बैठकर रोता दिखाई देगा। वह शॉट झगड़े के तुरंत बाद लिया गया था। खैर, शॉट परफेक्ट हो गया। बाद में नाना ने मुझे गले लगा लिया।' फिल्म परिंदा के क्लाइमैक्स सीन में नाना पाटेकर को आग में जलते दिखाया गया था। दुर्भाग्यवश, नाना सच में आग में झुलस गए थे। इस वजह से उनकी पूरी स्किन उतर गई थी। दरअसल, उस वक्त की फिल्मों में आर्टिफिशियल फायर जैसी कोई चीज नहीं थी। सेट पर असली आग लगाई जाती थी। फिल्म के डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा ने नाना को सेफ्टी गार्ड पहनने को कहा था। नाना ने कहा था कि अगर वे सेफ्टी गार्ड पहन लेंगे तो एक्टिंग नेचुरल नहीं लगेगी। फिर भी विधु के कहने पर उन्होंने थोड़ा बहुत खुद को ढंक लिया। हालांकि, जब सीन शुरू हुआ तो आग की लपटें उनके शरीर को छूने लगीं। हाथ-पैर की स्किन झुलस गई। मामला सीरियस हो गया। उन्हें मुंबई के नानावटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद नाना एक साल तक फिल्मों से दूर रहे। नाना पाटेकर बचपन से आर्मी जॉइन करना चाहते थे। 1991 की फिल्म प्रहार के जरिए उनका यह सपना भी पूरा हो गया। आर्मी बैकग्राउंड पर बनी इस फिल्म की तैयारी के लिए नाना ने तीन साल तक आर्मी ट्रेनिंग प्रोग्राम किया था, जहां उन्हें कैप्टन की मानद रैंक दी गई थी। 1999 में पाकिस्तान के साथ कारगिल वॉर में नाना ने भारतीय सेना को अपनी सेवाएं दी थीं। हालांकि इसके पीछे दिलचस्प कहानी है। नाना ने सेना के एक बड़े अधिकारी को फोन किया और आर्मी जॉइन करने की इच्छा जताई। अधिकारी ने कहा कि आप आम नागरिक हैं, हम आपको आर्मी में नहीं ले सकते। नाना ने तब देश के तत्कालीन रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस को फोन कर दिया। जॉर्ज फर्नांडिस पहले से नाना को जानते थे। पहले तो उन्होंने मना किया, लेकिन जब नाना ने उन्हें अपना आर्मी वाला बैकग्राउंड बताया, तब मान गए। उन्हें हरी झंडी दे दी। नाना कारगिल में दो महीने सेना के साथ जुड़े रहे। वहां वे क्रिक रिएक्शन टीम का हिस्सा थे। क्रिक रिएक्शन टीम में सिर्फ वहीं लोग काम करते हैं, जो औरों से निपुण हों और हर परिस्थिति में लड़ने को तैयार रहें। साल 1986 में रिलीज हुई फिल्म अंकुश नाना पाटेकर के करियर की अहम फिल्मों में से एक थी। इस फिल्म को पूरा करने के लिए नाना ने अपने घर तक को गिरवी रख दिया था। फिल्म के डायरेक्टर एन. चंद्रा ने नाना को 10 हजार रुपए फीस पर साइन किया था। उन्हें 3 हजार रुपए एडवांस मिले थे, जबकि बाकी 7 हजार रुपए फिल्म बिकने के बाद मिलने थे। नाना उस रकम से स्कूटर खरीदना चाहते थे। शूटिंग के दौरान फिल्म के प्रोड्यूसर के पैसे खत्म हो गए और काम रुक गया। नाना को फिल्म की कहानी और अपने दोस्त एन. चंद्रा पर इतना भरोसा था कि उन्होंने अपना घर गिरवी रखकर करीब 2 लाख रुपए का इंतजाम किया। इस पैसे से फिल्म का काम आगे बढ़ा और अंकुश पूरी हो सकी। फिल्म रिलीज होने के बाद बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और नाना पाटेकर को भी पहचान मिली। नाना ने एक नाटक पुरुष (1981) में 16 साल अभिनय किया और लगभग 1800 शो किए। इंटरव्यू में नाना ने बताया कि फिल्म तिरंगा की शूटिंग के दौरान वह घर से केले के फूल की सब्जी बनवाकर लाए थे। राज कुमार ने सब्जी खाई और नाना से कहा कि कीमा बहुत अच्छा बना है। नाना ने उन्हें बताया कि यह कीमा नहीं, बल्कि केले के फूल की सब्जी है। राज कुमार ने उसे मजाकिया अंदाज में फिर भी कीमा ही कहा था। 1993 बम ब्लास्ट में नाना ने अपना भाई खो दिया था। उनके भाई जिस बस में बैठे, उसी में ब्लास्ट हो गया था। बॉडी पहचान में नहीं आ रही थी। नाना के भाई हाथ में कड़ा पहनते थे। उसी से शव की पहचान हुई थी। जिसमें ब्लास्ट हुआ, उसके आगे वाली बस में नाना की पत्नी नीलकांति बैठी हुई थीं। दरअसल, नाना की पत्नी और भाई साथ ही निकले थे। दोनों एक ही बस में बैठने वाले थे, लेकिन सीट सिर्फ एक ही मिली। नाना के भाई मजबूरन पीछे वाली बस में बैठ गए। अगर उन्हें पहली बस में सीट मिल जाती तो शायद जान बच जाती।









श्रद्धांजलि



पीएम मोदी ने कहा कि नाना पाटेकर एक सच्चे 'क्रांतिवीर' थे, जिन्होंने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उनकी खामोशी भी उतनी ही असरदार थी, जितनी उनकी आवाज दमदार थी। उन्होंने लगातार देशविरोधी तत्वों पर लगाम लगाने की बात कही। पीएम मोदी ने नाना पाटेकर को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना जताई।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय सिनेमा के महान अभिनेता नाना पाटेकर के निधन को कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि पांच दशकों तक नाना पाटेकर ने अपने सहज अभिनय और दमदार संवाद अदायगी से दर्शकों के दिल पर अमिट छाप छोड़ी। गंभीर सामाजिक विषय हों या हास्य-व्यंग्य, उन्होंने जिस किरदार को निभाया, उसे जीवंत बना दिया। नागपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नाना पाटेकर के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि नाना पाटेकर उनके बहुत करीबी दोस्त थे और दोनों के बीच कई सालों से परिवार जैसा रिश्ता था। नितिन गडकरी ने कहा कि नाना ने किसानों के लिए बेहद संवेदनशीलता के साथ शानदार काम किया। गडकरी ने कहा कि सामाजिक चेतना, सामाजिक जिम्मेदारी और समाज के प्रति



संवेदनशीलता नाना के व्यक्तित्व की खास पहचान थीं। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीश ने नाना पाटेकर के बेटे मल्हार से बात की। उन्होंने नाना पाटेकर के निधन पर शोक व्यक्त किया और पाटेकर परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने मल्हार को यह भी बताया कि महाराष्ट्र सरकार नाना पाटेकर का अंतिम संस्कार पूरे



राजकीय सम्मान के साथ करने की तैयारी कर रही है। विराट कोहली ने नाना पाटेकर के निधन पर दुख जताते हुए उन्हें भारतीय सिनेमा का सच्चा दिग्गज बताया। उन्होंने कहा कि नाना का काम और उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों तक जिंदा रहेगी। रेस्ट इन पीस, भगवान आपकी आत्मा को शांति दे। अनुपम खेर इस समय वॉशिंगटन डीसी में हैं। वह अपना नाटक खत्म करके निकले ही थे जब



कुछ घंटे पहले उन्हें अपने दोस्त नाना पाटेकर के निधन की बेहद दुखद खबर मिली। राजपाल यादव ने हाल ही में वनवास फिल्म में नाना पाटेकर के साथ स्क्रीन शेयर किया था।अल्लू अर्जुन ने नाना पाटेकर के लिए ट्वीट करते हुए लिखा- जबरदस्त कलाकार... प्रेरणादायक अभिनेता... जमीन से जुड़े कलाकार! जो एक ही समय में ऊर्जावान और काव्यात्मक भी थे। भारतीय सिनेमा के सबसे अनोखे रत्नों में से एक। उन्हें हमेशा देखा, उनसे प्रेरणा ली जाएगी और उनकी तारीफ की जाएगी। उनकी कलाकारी हमेशा याद रखी जाएगी। उनके करीबी लोगों के प्रति प्यार और संवेदनाएं।%आदित्य धर ने इंस्टा स्टोरी में नाना पाटेकर के लिए एक खूबसूरत मैसेज शेयर किया। उन्होंने लिखा- %कुछ लोग हमारे बीच यादों से बढ़कर होते हैं। वह हमारे दिल में अपना एक छोटा सा टुकड़ा छोड़ जाते हैं। नाना पाटेकर जी आपकी बहुत याद आएगी। रेस्ट इन पीस। शत्रुघ्न सिन्हा ने नाना पाटेकर की याद में एक्स पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखा है, दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन से बहुत दुख हुआ। वे बेहतरीन अभिनय क्षमता वाले, जमीन से जुड़े और थिएटर की दुनिया के भी जाने-माने कलाकार थे। नाना पाटेकर फिल्म इंडस्ट्री के सबसे शानदार और लोकप्रिय सितारों में से एक रहे हैं। वे अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाते थे। उन्होंने 3 नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीते थे। इस मुश्किल घड़ी में उनके परिवार, दोस्तों, समर्थकों और प्रशंसकों के लिए मेरी प्रार्थनाएं हैं।

